वाराणसी, गुरुवार 20 फरवरी, 2025

फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष 7, वर्ष 14, अंक 15, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00



अन्दर : कोच जेलेजनी की सलाह से अब 90 मीटर तक भाला फेंकेंगे नीरज



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

**अन्दर : जाति आधारित जनगणना कराने को दबाव बढ़ा**

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
चौक(ठठेरी बाजार): 8318650589
चितईपुर(अवलेशपुर) :9696544217
SUNDAY OPEN
•रथयात्रा • अर्दली बाजार • चौक(ठठेरी बाजार) • चितईपुर(अवलेशपुर)वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

## संक्षेप

### हमारे लिए शिवाजी आराध्य देव: पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** मराठा साम्राज्य के संस्थापक और शौर्य का पर्याय छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें नमन किया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर वीडियो पोस्ट कर मराठा शूरवीर के मूल्यों को प्रेरणा का स्रोत बताया। पीएम मोदी ने वीडियो में कहा, मेरे लिए छत्रपति शिवाजी महाराज, ये सिर्फ नाम नहीं है, ये शब्द राजा महाराजा, राजपुरुष मात्र नहीं है।

### झारखंड में हादसा, छह लोगों की मौत

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिले में एक स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। यह हादसा मंगलवार देर रात हुआ, लेकिन इसकी जानकारी बुधवार को हुई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल से शवों को बरामद किया। मृतकों में स्कॉर्पियो पर सवार चार और बाइक से जा रहे दो लोग शामिल हैं। बाइक सवार मृतकों की पहचान धावाटांड़ निवासी हुसैनी मियां और छछंदो गांव निवासी बबलू कुमार टुडू के रूप में हुई है।

### सांसद अमृतपाल सिंह को सांसदी जाने का डर

**चंडीगढ़।** खडूर साहिब लोकसभा सीट से सांसद अमृतपाल सिंह को सांसदी जाने का डर सता रहा है। उसने इसके लिए पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर केंद्र सरकार, पंजाब सरकार और अन्य संबंधित पक्षों से संसद की कार्यवाही में शामिल होने की अनुमति देने की मांग की है। अपनी याचिका में अमृतपाल ने कहा कि उसकी संसद में उपस्थिति जरूरी है, नहीं तो सदस्यता चली जाएगी।

### चुनाव आयुक्त नियुक्ति मामले की सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** चुनाव आयुक्त नियुक्ति कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। समय की कमी के चलते जस्टिस सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली दो जजों की बेंच ने मामले को आगे बढ़ाते हुए जल्द सुनवाई का आश्वासन दिया है।

### अबू धाबी के हिन्दू मंदिर में मनाई गयी पहली वर्षगांठ

**नई दिल्ली।** अबू धाबी में बीएपीएस हिन्दू मंदिर में पहली वर्षगांठ के अवसर पर भव्य समारोह मनाया गया, जो यूएई के ह्यवर्ष की समुदाय को समर्पित थी। इस मौके पर यूएई समुदाय के प्रमुख और हजारों भक्त उपस्थित रहकर एकता, सेवा और आध्यात्मिक उत्थान के वर्ष को दर्शाया।

# 'मौतों व लापता लोगों का पता कौन लगाएगा'

**कोर्ट का सवाल**

**मौनी अमावस्या हादसे मामले में हाईकोर्ट सख्त**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी सरकार से 24 फरवरी तक महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर हुए हादसों की विस्तृत जानकारी तलब की है। पूछा है कि सरकार की ओर से गठित न्यायिकआयोग का काम घटना के कारणों व बचाव संबंधी सुझाव देना है तो हादसों के दौरान हुई मौतों व लापता लोगों का पता कौन लगाएगा। यह सवाल मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली व न्यायमूर्ति शैलेन्द्र क्षितिज की खंडपीठ ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव सुरेश चंद्र पांडेय की ओर से हाईकोर्ट की निगरानी में उच्च स्तरीय जांच कमेटी के गठन की मांग वाली जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान पूछा है। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान याची के अधिवक्ता ने मीडिया रिपोर्ट और हादसों की वायरल वीडियो फुटेज अदालत में पेश की। दलील दी कि याची मेला में ही कल्पवास कर रहे थे। मौनी अमावस्या पर एक नहीं तीन जगह भगदड़ हुई थी। सरकार की ओर से मृतकों की बताई गई संख्या गलत है। घटना के बाद खोया-पाया केंद्र से लापता



लोगों के नामों की घोषणा करने के लिए पीड़ित परिजनों से लापता लोगों के आधार कार्ड मांगे जा रहे थे। मीडिया के रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों की संख्या सौ से ऊपर है। मामला संवेदनशील है। सरकार व प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है। लिहाजा, हाईकोर्ट की निगरानी में उच्च स्तरीय जांच कमेटी का गठन किया जाना जनहित में आवश्यक है। वहीं, अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने याचिका का विरोध किया। कहा कि हादसे की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया गया है।

## बारिश और ओले गिरने का अलर्ट

**लखनऊ।** प्रदेश के कई जिलों में 20 व 21 फरवरी को मौसम में बदलाव होने के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, सीतापुर, लखीमपुरखीरी समेत करीब 33 जिले व आसपास के इलाकों में मौसम बदलेगा व हल्की बारिश के साथ ओले गिरने की चेतावनी जारी की गई है। इधर, बुधवार को कुछ जिलों में बादल छाए रहे व धीमी गति से हवा चली। मगर तापमान में ज्यादा गिरावट न होने से लोग गर्मी से परेशान रहे। जबकि वाराणसी व प्रयागराज में अधिकतम तापमान में वृद्धि हुई। पश्चिम यूपी में मौसम सूखा रहा, पर शाम में तापमान में कुछ गिरावट हुई और हवा की गति मध्यम बनी रही है। गोरखपुर व मिजार्पुर जैसे पूर्वी यूपी के क्षेत्रों में भी गर्मी का प्रभाव बना है। मौसम विभाग के अनुसार बृहस्पतिवार को प्रदेश के कुछ इलाकों में आसमान साफ रहेगा। शाम व सुबह के समय धुंध, हल्का कोहरा रहेगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

# रेखा गुप्ता बनीं दिल्ली की सीएम

## प्रवेश वर्मा डिप्टी सीएम व विजेंद्र गुप्ता विधानसभा स्पीकर होंगे, आज होगा शपथ ग्रहण

**मिला प्रभार**

**शालीमार बाग से अबकी बनीं हैं विधायक**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मुख्यमंत्री पद को लेकर आखिरकार सस्पेंस खत्म हो गया है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने इस बार दिल्ली में महिला मुख्यमंत्री बनाने का फैसला किया है। पार्टी ने महिला विधायक रेखा गुप्ता (50) के नाम पर मुहर लगाई है और उन्हें दिल्ली का नया मुख्यमंत्री नियुक्त किया है। वह 20 फरवरी को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी। रेखा गुप्ता के अनुभव और संगठन में मजबूत पकड़ को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है? रेखा गुप्ता ने हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में शालीमार बाग सीट से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी को करीब 30 हजार वोटों से हराया था। वह दिल्ली नगर निगम में तीन बार पार्षद रह चुकी हैं और आरएसएस से उनका गहरा नाता रहा है। इस जीत के बाद से ही उनका नाम मुख्यमंत्री पद की दौड़ में




सबसे आगे माना जा रहा था?

रेखा गुप्ता ने इस चुनाव में आम आदमी पार्टी की बंदना कुमारी को 29,595 वोटों से हराकर जीत हासिल की। रेखा गुप्ता शालीमार बाग से पार्षद रही हैं। वे यहां से तीसरी बार पार्षद चुनी गईं। वह पहले भी एमसीडी में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाल चुकी हैं और कॉलेज के शुरूआती दिनों से ही बीजेपी से जुड़ी हुई हैं। वह दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ की पूर्व महासचिव और अध्यक्ष, पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सदस्य और पार्टी की दिल्ली राज्य इकाई की महासचिव हैं।

### रेखा गुप्ता का हरियाणा से ताल्लुक

मूल रूप से हरियाणा के जींद से आने वाली रेखा गुप्ता का जन्म साल 1974 में जुलाना में हुआ था। एसबीआई बैंक में पिता की नौकरी लगने के बाद उनका परिवार दिल्ली शिफ्ट हो गया था। हालांकि अब भी उनका परिवार जुलाना में कारोबार करता है। दिल्ली से सटे हरियाणा से ताल्लुक रखने की वजह से रेखा गुप्ता का अपने गृह राज्य में आना-जाना होता रहता है। विधायक बनने से पहले रेखा गुप्ता बीजेपी में संगठन के स्तर पर भी अहम जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं। वह बीजेपी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं और दिल्ली बीजेपी में महासचिव का पद संभाल रही हैं।

# लगाकर आग बहारों की बात करते हैं

## सीएम योगी आदित्यनाथ का अखिलेश यादव पर तंज

**साधा निशाना**

**बजट सत्र के दौरान सदन में सपा समेत विपक्षियों को धोया**

**महाकुंभ भगदड़ की जानकारी दी, कहा-30 मौतें हुईं, सात श्रद्धालुओं की अलग गई जान**

**लखनऊ।** बजट सत्र के दौरान सदन में बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षियों एक-एक सवालों का जवाब ही नहीं दिया, बल्कि महाकुंभ के आयोजन को लेकर की जा रही टिप्पणी पर खासतौर पर सपा और कांग्रेस को घेरा। शायरी के अंदाज में अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा- बड़ा हसीन है इनकी जुबान का जादू, लगाकर के आग बहारों की बात करते हैं, जिन्होंने रात में चुन-चुन के बस्तियों को लूटा, वही नसीबों के मारों की बात करते हैं।

उन्होंने 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन महाकुंभ में हुई भगदड़ का जिक्र किया। कहा, भगदड़ की चपेट में 66 श्रद्धालु आए थे। इनमें 30 की मौत हुई थी। उस दिन प्रयागराज के अंदर अलग-अलग जगहों पर कुछ प्रेशर पॉइंट बने हुए थे, वहां भी 7 लोगों की मौत हुई थी। इन सभी घटनाओं को महाकुंभ से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। 36 मृतकों में 35 के परिजन शवों को अपने साथ घर ले गए। एक की शिनाख्त नहीं हो सकी। उसका अंतिम संस्कार करा दिया गया है। डीएनए सुरक्षित रखा गया है। एक घायल का इलाज अभी भी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

सीएम योगी ने 1954, 1974 और 1986 के कुंभ में हुई भगदड़ का भी जिक्र किया। कहा, 1954 के कुंभ में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और राष्ट्रपति की भागीदारी के बावजूद 800 से अधिक श्रद्धालु भगदड़ में अपनी जान गंवा बैठे थे। इसके विपरीत इस बार सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। सरकार ने कई जिलों में होल्डिंग एरिया और पार्किंग सुविधाओं की व्यवस्था की, जिससे यातायात और भीड़ नियंत्रण में महत्वपूर्ण सफलता मिली। प्रयागराज सिटी की अधिकतम क्षमता 25 लाख है, वहां पर 7 करोड़ श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान करवाना किसी चमत्कार से कम नहीं था।

सीएम योगी ने कहा, सपा के बारे में कहा जाता है- जिस थाली में खाते हैं, उसी में छेद करते हैं। सपा अध्यक्ष शुरू से महाकुंभ का विरोध कर रहे थे, लेकिन आखिरी में चुपचाप जाकर डुबकी लगा आए। ये बड़ी विडंबना है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, पूरे परिवार को लेकर गए थे, आगे-पीछे चच्चू (शिवपाल) को भी साथ ले जाते। 2013 में उनकी मजबूरी समझ सकता हूं, लेकिन 2025 में कम से कम पुण्य के भागीदार बना देते। भतीजा चला गया और चच्चू फिर ठगा का ठगा रह गया। पांडेय जी (माता प्रसाद पांडेय), चच्चू को लेकर जाइए। आप जाएंगे तो बहुत सारी अच्छी चीजें देखकर आएंगे। सीएम ने कहा, जब सनातन धर्म, मां गंगा, भारत की आस्था, महाकुंभ के खिलाफ अनर्गल प्रलाप और झूठा वीडियो दिखाते हैं, तो यह 56 करोड़ लोगों के साथ ही भारत की सनातन आस्था के साथ खिलवाड़ है। भगदड़ में जिनकी जान गई, उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं। जो लोग हादसे का शिकार हुए, उनके प्रति भी संवेदना व्यक्त करते हैं। सरकार उनके साथ खड़ी है, लेकिन इसमें राजनीति करना ठीक नहीं है।

कहा, यह किसी पार्टी विशेष और सरकार का नहीं, बल्कि समाज का आयोजन है। सरकार पीछे है। सरकार सहयोग और उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने के लिए सेवक के रूप में है। काहिरा, नेपाल, झारखंड और देश की अन्य दुर्घटनाओं को महाकुंभ और झूंसी के साथ जोड़कर दुष्प्रचार करके अफवाह फैलाने का काम हो रहा है। सीएम ने शायरी सुनाने के बाद नेता प्रतिपक्ष पर तंज कसा- बोला कि यह ऊर्दू नहीं, हिंदी है। जब प्रदेश की स्थानीय बोलियों को सदन में महत्व मिला तो उन्होंने विरोध किया। हर अच्छे कार्य का विरोध करना समाजवादी संस्कार है। उन्होंने कहा कि हिंदी इस सदन की भाषा है। हिंदी को तो हटाया नहीं, बल्कि सदस्यों को छूट दी गई है कि वे इन बोलियों में बोल सकते हैं। यह थोपा नहीं गया, बल्कि सुविधा है। भोजपुरी, ब्रज, अवधी व बुंदेलखंडी की लिपि भी देवनागरी है। सभी कार्य संविधान द्वारा घोषित व्यवस्था के दायरे में हुआ है। इसका आपको स्वागत करना चाहिए और इस कार्य के साथ सकारात्मक भाव के साथ जुड़ना चाहिए। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष को संबोधित करते हुए कहा कि आपके विरोध का मैं उपहास नहीं उड़ाता, क्योंकि आपकी आदत मुझे मालूम है।



# योगी सरकार आज पेश करेगी 9वां बजट

**तैयारी**

**आठ लाख करोड़ के बजट का अनुमान, लोक-लुभावन होने की संभावना**

**लखनऊ।** 20 फरवरी को यूपी सरकार अपना बजट पेश करेगी। एक अनुमान के मुताबिक इस बार का बजट आठ लाख करोड़ का हो सकता है। जानकारों के अनुसार इस बार बजट में लोक-लुभावन घोषणाएं हो सकती हैं। वित्तमंत्री सुरेश खन्ना बजट पेश करेंगे। इस बजट में विकास के योगी मॉडल की छाप दिखेगी। मध्यवर्ग, युवा, किसान और महिलाएं बजट के फोकस में होंगी। ऐसा माना जा रहा है कि 2027 के चुनावों की छाप इस बजट में दिख सकती है। इस बजट में कृषि, उद्योग और बुनियादी विकास के साथ इस बजट में तकनीकी पर जोर रहेगा। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए नई घोषणाएं हो सकती हैं।

# कुंभ में पूरा पैसा खर्च कर रही योगी सरकार

**तल्ख टिप्पणी**

**अखिलेश का आरोप, किसानों के लिए कुछ नहीं बचेगा**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (एसपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने प्रदेश सरकार के आगामी बजट को लेकर निशाना साधा है। अखिलेश ने आरोप लगाया कि योगी सरकार सारा पैसा कुंभ मेले पर खर्च कर रही है, इसके बाद प्रदेश के किसानों के लिए कुछ नहीं बचेगा। सपा प्रमुख अखिलेश ने कहा, योगी सरकार को किसानों की स्थिति पर ध्यान देना चाहिए। अगर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है, तब कृषि क्षेत्र में निवेश बढ़ाना होगा। लेकिन योगी सरकार अपनी प्राथमिकताओं को भूलकर केवल धार्मिक आयोजनों पर पानी की तरह पैसा बहा रही है। दरअसल अखिलेश ने यह बयान तब दिया है जब यूपी सरकार अगले बजट की तैयारियों में जुटी हुई है। अखिलेश ने



कहा, कुंभ का आयोजन महत्वपूर्ण है, लेकिन जब किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा, गन्ना किसानों के बकाए का भुगतान अटका है और महंगाई बढ़ रही है, तब सारा ध्यान सिर्फ कुंभ पर देना उचित नहीं है। अखिलेश के इस बयान पर बीजेपी नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। योगी सरकार के प्रवक्ताओं ने कहा कि कुंभ भारतीय संस्कृति और आस्था का महापर्व है और इस पर सवाल उठाना उचित नहीं। उन्होंने दावा किया कि सरकार किसानों और इंफ्रास्ट्रक्चर दोनों पर बराबर ध्यान दे रही है।

## उत्तर प्रदेश सरकार पर नाराज हुआ एनजीटी

**आक्रोश**

**सीपीसीबी की रिपोर्ट में कहा गया था कि संगम का पानी नहाने योग्य नहीं**

**नई दिल्ली।** प्रयागराज के संगम में प्रदूषित पानी के मामले की सुनवाई के वक्त नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) उत्तर प्रदेश सरकार की दलील पर नाराज हो गया। उत्तर प्रदेश पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने कोर्ट में कहा कि सैंपल में जहां से पानी लिया गया, वहां का पानी दूषित था। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) ने एनजीटी के सामने रिपोर्ट पेश की थी, इस रिपोर्ट में कहा गया कि महाकुंभ में संगम का पानी नहाने योग्य नहीं है। पानी का फेकल कॉलीफॉर्म स्तर नहाने के लिए जरूरी प्राथमिक गुणवत्ता के स्तर के अनुरूप नहीं है। एनजीटी ने यूपी सरकार पर सवाल खड़े कर कहा कि आपने लंबा चौड़ा जवाब दाखिल किया लेकिन कहीं भी कोलीफॉर्म का जिक्र नहीं।

एनजीटी ने कहा कि रिपोर्ट विस्तृत है, लेकिन उसमें गंगा यमुना की सफाई से जुड़े सारे मापदंडों का जिक्र नहीं। यूपीपीसीबी ने दावा किया कि जहां से सीपीसीबी ने गंगा यमुना में सैंपल लिया वहां पानी प्रदूषित था, लेकिन जहां से हमने लिए वहां पानी साफ था। यूपीपीसीबी की इस दलील पर एनजीटी नाराज हो गया।

# अब अमेरिका से बेड़ियों में नहीं आएंगे भारतीय

**उम्मीद**

**अवैध भारतीयों को भेजा जाएगा कोस्टा रिका**

**नई दिल्ली।** अमेरिका से आने वाले अवैध भारतीय प्रवासियों को हथकड़ी और बेडियां नहीं लगाई जाएगी। इस पहले आए प्रवासियों को हथकड़ी लगाने का वीडियो वायरल हुआ था और काफी सवाल उठाए गए थे। मामला संसद में उठा था, तब विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भरोसा दिलाते हुए कहा था कि इस मामले को पूरी गंभीरता के साथ देख रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि यह उन्हीं उपायों का नतीजा है।पीएम नरेंद्र मोदी ने भी अपनी हालिया अमेरिकी यात्रा के दौरान डोनाल्ड ट्रंप के समक्ष भारतीय प्रवासियों की परेशानी को जाहिर किया



था। ऐसे में लगता है कि अब अमेरिका ने इस पर गौर करना शुरू कर दिया है और इसीलिए अब तय हुआ है कि अमेरिका से अवैध भारतीयों को कोस्टा रिका भेजा जाएगा। सेंट्रल अमेरिकी देश कोस्टा रिका ने अमेरिका से निर्वासित अवैध भारतीय प्रवासियों को स्वीकार करने पर सहमति व्यक्त की है। उन्हें कोस्टा रिका भेजने के बाद उनके भविष्य पर निर्णय लिया जाएगा। कोस्टा रिका के राष्ट्रपति रोड्रिगो चावेस रॉबल्स के कार्यालय ने घोषणा की है कि अमेरिका के फंडिंग प्रोग्राम के तहत बुधवार को निर्वासन शुरू होगा और प्रवासियों को पनामा की सीमा के पास एक अस्थायी केंद्र में हिरासत में रखा जाएगा। कोस्टा रिका या अमेरिका ने यह नहीं बताया है कि कोस्टा रिका में हिरासत में लिए जाने के बाद प्रवासियों का क्या होगा।

यह सौदा अमेरिका को निर्वासित किए जाने की प्रतीक्षा कर रहे प्रवासियों के लिए देश के अंदर बड़े पैमाने पर हिरासत केंद्र स्थापित करने और नकारात्मक दृष्टिकोण से बचने में मदद करेगा। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा, कोस्टा रिका सरकार ने 200 अवैध प्रवासियों को उनके देश में वापस भेजने में अमेरिका के साथ सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि निर्वासित लोगों में भारत और मध्य एशिया के लोग शामिल होंगे।

## दो दिन रायबरेली में रहेंगे राहुल गांधी

**लखनऊ।** सांसद राहुल गांधी बृहस्पतिवार को दो दिवसीय दौरे में रायबरेली आएंगे। उनके आने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कांग्रेस कार्यकताओं और पदाधिकारियों में खासा उत्साह है। सांसद निर्वाचित होने के बाद वह पहली बार युवाओं और महिलाओं से रूबरू होंगे। उनकी समस्याओं को सुनेंगे। पूर्व सांसद सोनिया गांधी की निधि से कराए गए कार्यों की जमीनी हकीकत परखेंगे। ऐसे में उम्मीद है कि सिटी रिसोर्स सेंटर और बालिका इंटर कॉलेज के दिन बहुर सकते हैं। राहुल गांधी बृहस्पतिवार को दिल्ली से लखनऊ पहुंचेंगे और उसके बाद वह सड़क मार्ग से रायबरेली आएंगे। चुरुवा बॉर्डर पर हनुमान मंदिर में दर्शन करने के बाद बछरावां के एक गेस्ट हाउस में सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे तक पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक करेंगे।

# अडाणी मामले में अमेरिका ने भारत से मदद मांगी

**कार्रवाई की तैयारी**

**गौतम और सागर अडाणी को नोटिस देने की कोशिश**

**वॉशिंगटन/नई दिल्ली।** अडाणी के खिलाफ धोखाधड़ी और रिश्वत से जुड़े मामले में अमेरिका ने भारत सरकार से मदद मांगी है। अमेरिका के सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) ने न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट में बताया कि रिश्वतखोरी मामले में गौतम अडाणी और सागर अडाणी को नोटिस देने के लिए कोशिश की जा रही है।एसईसी ने मंगलवार को कोर्ट में बताया कि उद्योगपति गौतम अडाणी और उनके भतीजे सागर अडाणी भारत में मौजूद हैं। उन्हें नोटिस देने के लिए भारतीय अधिकारियों से मदद मांगी है। इसके लिए भारत के कानून मंत्रालय से संपर्क किया



जा रहा है। दरअसल, बिजनेसमैन गौतम अडाणी समेत 8 लोगों पर आरोप है कि उन्होंने भारत में रिन्युएबल एनर्जी प्रोजेक्ट को धोखाधड़ी से हासिल किया। ये प्रोजेक्ट पाने के लिए उन्होंने दो हजार करोड़ रुपए रिश्वत देने का प्लान बनाया था। इस मामले में 24 अक्टूबर 2024 को न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट में केस दर्ज हुआ था।धोखाधड़ी का यह मामला अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और एक अन्य फर्म से जुड़ा हुआ था। आरोप था कि अडाणी और बाकी लोगों ने अमेरिकी इन्वेस्टर्स और बैंकों से झूठ बोलकर पैसा इकट्ठा किया। फिर प्रोजेक्ट हासिल करने के लिए सरकारी अधिकारियों को 250 मिलियन डॉलर यानी करीब 2,029 करोड़ रुपए रिश्वत देने की योजना बनाई। चार्जशीट के मुताबिक यह अमेरिका के फॉरेन करप्ट प्रैक्टिसेस एक्ट का उल्लंघन है। खास बात ये है कि अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट के डॉक्यूमेंट में रिश्वत ऑफर करने और प्लानिंग की बात कही गई। रिश्वत दी गई, ऐसा नहीं कहा गया है।अडाणी ग्रुप ने सभी आरोपों को आधारहीन बताया था। 21 नवंबर को जारी बयान में ग्रुप ने कहा था- अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के डायरेक्टर्स के खिलाफ यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस और यूनाइटेड स्टेट्स सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन की ओर से लगाए गए आरोप निराधार हैं।

## सेना को राजनीति में नहीं घसीटें राहुलः सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि सेना को कभी भी राजनीति में नहीं घसीटना नहीं चाहिए। ऐसा होने पर बहुत चिंता की बात होगी।
सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने कहा कि सेना ने चीन के साथ बातचीत के रास्ते को आगे बढ़ाया है। यदि हम एक दूसरे से बात करते हैं तब बहुत से संदेह दूर हो पाएंगे। हमारी यह राय रही है कि किसी भी तरह से संदेह को खत्म किया जाए। इसके लिए हमारे द्वारा कोर कमांडर्स को ताकत दी है कि जहां भी संभव हो, वे फैसला ले लें। यदि बातचीत से कोई मसला हल होता है, तब कर लिया जाए। उन्हें यह पावर दी गई है कि यदि उनके लेवल से कोई मामला हल हो सकता है, तब क्यों ना ऐसा किया जाए।

वाराणसी



## वाराणसी सर्राफा भाव


सोना (RTGS 999.0)
88750/inc.GST


चांदी (99.50)
98350/- प्रति किलो


चांदी सिक्का
120000/- प्रति सैकड़ा

# बाबा का दर्शन सर्वप्रथम नागा साधुओं को

## नागा साधुओं के बाद आम भक्तों को मिलेगी एंट्री

**महाशिवरात्रि**

**महाशिवरात्रि पर दर्शन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा**

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** महाशिवरात्रि को लेकर तैयारियां की जा रही है। महाशिवरात्रि के दिन सबसे पहले नागा साधुओं को बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने का मौका मिलेगा। नागा साधुओं के बाद आम श्रद्धालुओं का प्रवेश दिया जायेगा। महाशिवरात्रि पर काशी विश्वनाथ मंदिर में नागा साधुओं के लिए आम भक्तों की लाइन कुछ देर के लिए रोकी जा सकती है। ऐसे में मंदिर के सीईओ ने अपील की है कि बुजुर्ग और दिव्यांग घर से बाबा के लाइव दर्शन करें। काशी विश्वनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर दर्शन- पूजन और व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। महाशिवरात्रि पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा के दरबार में शीश नवाएंगे। इसे लेकर सीईओ विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि महाशिवरात्रि पर महाकुंभ का पूरा प्रभाव होगा। उन्होंने कहा कि 26 फरवरी को बड़ी संख्या में अखाड़ों के नागा श्रद्धालु दर्शन करने आएंगे, इसलिए आम भक्तों को कुछ देर के लिए रोका जा सकता है। जब तक नागा साधु दर्शन पूजन न कर लें तब तक लाइन रुकी रहेगी। सीईओ ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि दिव्यांगों और बुजुर्गों से अनुरोध है कि वो लंबे समय तक कतार में खड़े नहीं हो सकते, तो ऐसे में वे घर से ही बाबा विश्वनाथ का लाइव दर्शन करें।

### फरवरी के 18 दिनों ने सावन का तोड़ा रिकॉर्ड

फरवरी के 18 दिनों में 1.03 करोड़ से ज्यादा भक्तों ने बाबा विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन किया। एस दौरान सावन के एक महीने से दोगुना भक्तों ने दर्शन किया है। किसी भी महीने में आने वाले भक्तों की संख्या के मुकाबले ज्यादा है। फरवरी महीने में सावन के एक महीने का भी रिकॉर्ड टूट गया है। पिछले साल सावन के एक महीने में 58 लाख श्रद्धालु आए थे, यहां फरवरी के 18 दिन में ही भक्तों की संख्या करोड़ के पार चली गई है। काशी में बुधवार को भी कुंभ स्नान करके आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है। बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए बुधवार को 10 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे हैं।

## ममता बनर्जी के बयान पर जूना अखाड़े के साधु-संत नाराज

**आक्रोश**

**श्रीमहंत प्रेमगिरी महाराज बोले- महामूर्ख हैं ममता**

**वह हिंदुओं के लिए दुर्भाग्यपूर्ण, मांगें माफी**

**वाराणसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान पर जूना अखाड़े के साधु संतों ने नाराजगी जतायी है। ममता बनर्जी ने इस महाकुंभ को मृत्यु कुंभ बताया है। पंचदशनाम जूना अखाड़े के स्वामी प्रेम गिरि महराज ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हमेशा सनातन विरोधी रही हैं। उन्होंने जो बयान दिया है वह हिंदुओं के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। इस बयान के लिअ ममता बनर्जी नाफी मांगें। वह हमेशा सनातन धर्म का विरोध करती हैं। इस बार भी कर रहीं हैं जो गलत है। वह अपने बयान को लेकर माफी मांगें। ममता बनर्जी महामूर्ख है।

# जन्म प्रमाण पत्र पाने के लिए नगर निगम में लगी भीड़

**उमड़े लोग**

**पचास दिनों में 16005 प्रमाण पत्र लोगों को जारी**

**लम्बित जन्म सर्टिफिकेट के आवेदनों पर कार्रवाई तेज**



**वाराणसी।** जन्म प्रमाण पत्र पाने के लिए नगर निगम पर लोगों की भारी भीड़ रही। महिलाएं और पुरूष जहां लम्बी कतारों में कई घंटे खड़े रहे और अपनी पारी का इंतजार करते नजर आए,जबकि विभाग से संबधित लोग तेजी से कार्य निस्तारण करते रहे। इस दौरान नगर निगम विभाग ने पचास दिनों में जहां16005 प्रमाण पत्र लोगों को जारी किया,वही लम्बित जन्म प्रमाणपत्र के आवेदनों पर कार्रवाई तेज कर दी है। वर्तमान समय स्कूलों एवं आधार कार्ड के लिये जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु नागरिकों द्वारा प्रतिदिन नगर निगम के कार्यालयों में बड़ी संख्या में लोगों के द्वारा आवेदन किया जा रहा है। विगत कुछ महीनों से सर्वर में तकनीकी समस्या होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कारण बहुत से आवेदन पत्र लंबित हो गए था। निर्गत प्रमाण पत्रों में 1 वर्ष के उपर के 2200 आवेदन पत्रों को उप जिलाधिकारी, सदर से स्वीकृत कराकर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत हो चुका है। इसी तरह नगर निगम द्वारा 50 दिन की अवधि में आठो जोनल कार्यालयों से 10000 जन्म प्रमाण निर्गत किया गया, अस्पतालों में जन्म लेने वाले बच्चों का 2500 प्रमाणपत्र का अनुमोदन हुआ जबकि नगर निगम मुख्यालय से 1305 जन्म प्रमाण पत्र भी निर्गत किया गया। महापौर अशोक कुमार तिवारी और नगर आयुक्त अक्षत वर्मा लम्बित प्रमाण पत्रों के निस्तारण हेतु नियमित अनुश्रवण कर रहे है। इसको लेकर नगर निगम ने इस कार्य हेतु 13 कम्प्यूटर आपरेटर लगाये हैं, जिनके द्वारा अतिरिक्त समय में देर शाम तक जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। नगर निगम ने 28 फरवरी तक सभी लम्बित आवेदन पत्रों को निस्तारण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

## काशीवासियों में बढ़ी तमिल सीखने की ललक

**असर**

**नेशनल बुक ट्रस्ट ने चार दिन में बेच दी 200 किताबें**

**वाराणसी।** काशी-तमिल संगमम 3.0 अपना सार्थक प्रभाव छोड़ता नजर आ रहा है। संगमम में विविध संस्थानों की तरफ से लगाई गईं पुस्तक प्रर्दशनियों पर लोग तमिल भाषा सिखाने वाली पुस्तकें ढूंढ रहे हैं और उपलब्ध पुस्तकों के पन्ने पलट रहे हैं। नेशनल बुक ट्रस्ट के टी मथनराज ने बताया कि अब तक हिंदी व अंग्रेजी से तमिल सिखाने वाली 200 से अधिक पुस्तकें अब तक बिक चुकी हैं।




काशी तमिल संगमम के आयोजन में विभिन्न स्टॉल लगे हैं। इन स्टॉल के बीच तमिल भाषा से जुड़ी तमाम पुस्तकें व साहित्य सजा हुआ है। जिसमें उत्तर भारत के छात्र दक्षिण भारत के महाकवि और साहित्यकारों के अलावा वहां की भाषा की पुस्तकें पसन्द कर रहे हैं। इन पुस्तकों के जरिए यहां के छात्रों को वहां के किस्से-कहानियों के अलावा संस्कृति, कला और साहित्य को पढ़ाया जा रहा है। इसके अलावा काशी से तमिलनाडु के धार्मिक बंधन के साथ दोनों राज्यों के व्यापारिक बंधन के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। नेशनल बुक ट्रस्ट से जुड़े कर्मचारी ने बताया कि इस आयोजन में ये स्टॉल छात्र-छात्राओं के लिए जिज्ञासा का केंद्र बने हुए हैं। इसके जरिए लोग दक्षिण भारत के उन बातों के बारे में जानकारी ले रहे हैं, जो शायद ही उन्होंने इसके पहले कभी सुनी होंगी। नमो घाट पर घुमने गयी वसंत कन्या महाविद्यालय की छात्रा सुमन ने कहा कि इस अनोखे स्टॉल से उन्हें बहुत दुर्लभ जानकारी भी मिल रही है, जो बेहद ही उपयोगी है।

# घर वापसी को लेकर मची है मारा-मारी









जनसंदेश न्यूज

**झेल रहे प्रताड़ना**

**साधन का इंतजार सबको कर रहा कुंठित**

**वाराणसी।** कुंभ यात्री स्नान और दर्शन करने के बाद अब घर जाने के लिए बेताब दिख रहे हैं। उन्हें वांछित साधन नहीं मिल रहा है या यूं कहें उन्हें अब भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्टेशन पर ट्रेन के लिए मारामारी मची दिख रही है जबकि बस अड्डे पर ठेला-ठेली है। सभी रेल स्टेशनों पर भीड़ है और रेलवे इसी से बचने के लिए ट्रेनों को चलाने में देरी कर रहा है। भीड़ पर काबू रखने में रेलवे को परेशानी हो रही है जबकि बहुतेरे ऐसे लोग हैं जो अयोध्या जैसे दूसरी जगहों पर भी घूमने के चक्कर में भीड़ का अंग बने हुए हैं। नगर की सड़कों पर सारा दिन और रात देखा जा सकता है कि बाहर के वाहन कैसे व्यवस्था को बिगाड़े हुए हैं। स्थानीय लोगों को अगर परेशानी हो रही है तो इसमें विचित्र क्या है? उन्हें पूछने वाला कोई नहीं है।

## एक ओर से आना-एक ओर से जाना होना चाहिए: मोहले

**सुझाया उपाय**

**वीआईपी मूवमेंट भी बंद किया जाय, हर्ष गैस के पास चार डिवाइडर कट लगाना चाहिए**

**वाराणसी।** पूर्व मेयर राम गोपाल मोहले ने कहा कि अगर एक तरफ से आना और एक तरफ से जाना होने पर जाम की समस्या से निजात पाया जा सकता है। यही नहीं वीआईपी मूवमेंट को एकदम बंद करना पड़ेगा। इससे लहुराबीर, मैदागिन, सोनारपुरा में जाम की समस्या से छुटकारा मिल सकता है। यह भीड़ को अभी भी नियंत्रित किया जा सकता है। वैसे तो स्कूल बंद है लेकिन पड़ाव स्थित एक स्कूल खोल दिया गया है।



प्रशासन को सिर्फ बनारस ही नहीं बल्कि चंदौली को भी देखना चाहिए। वैसे वनवे करना चाहिए। टू व्हीलर को भी भीड़ में नहीं जाने देना चाहिए। महमूरगंज से हर्ष गैस के पास चार डिवाइडर कट लगाना चाहिए। प्रशासन ने दो कट बंद कर दिया है। कट जगहजगह नहीं खुलना चाहिए। इससे जाम की समस्या से निजात पाया जा सकता है।

## हनुमान घाट पर नाव, टॉयलेट और टेंट की व्यवस्था की जाए



**बोले एस. राजलिंगम**

**कांची कामकोटि पीठ में जिलाधिकारी ने शोभायात्रा को लेकर किया विचार-विमर्श**

**वाराणसी।** जिलाधिकारी एस. राजलिंगम बुधवार को आदिशंकर भगवत्पाद परम्परागत कांची कामकोटि पीठ पहुंचे। उन्होंने हनुमान घाट पर पर्याप्त संख्या में नाव की व्यवस्था करने, अस्थायी मोबाइल टॉयलेट और टेंट की व्यवस्था सुनिश्चि करने का एडीएम सिटी आलोक कुमार वर्मा को निर्देश दिया। जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने दसनाम जूना अखाड़े के महंत स्वामी प्रेम गिरि महाराज से महाशिवरात्रि के दिन निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर विचार-विमर्श किया। शोभायात्रा सुबह आठ बजे से शुरू होकर काशी विश्वनाथ मंदिर जाएगी और पूर्वाह्न 10 बजे लौट आएगी। उन्होंने वैद्यनत्था मंदिर के आसपास क्षेत्रों में 24 घंटे साफ-सफाई कराने, शामियाने की व्यवस्था और दलों के लिए कुर्सी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिया। उन्होंने सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए डीसीपी ट्रैफिक राजेश कुमार पांडेय को निर्देशित किया। इस दौरान प्रेम गिरी महाराज ने जिलाधिकारी और एडीएम सिटी को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया।

## भगवान सुपार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याण दिवस मनाया गया

**वाराणसी।** फाल्गुन कृष्ण सप्तमी को जैन धर्म के सप्तम तीर्थंकर 1008 भगवान सुपार्श्व नाथ का मोक्ष कल्याण दिवस भगवान की जन्मस्थली दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र प्रभुदास जैन घाट भदैनी वाराणसी में मनाया गया। इस दौरान 108 कलशों से जलाभिषेक किया गया उसके बाद वृहद शांति धारा जो दुर्घटनाएं हुई हैं और उसमें जो कष्ट हुआ है उनके लिए प्रार्थना की गई। इस दौरान आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। मोक्ष कल्याणक दिवस पर तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री प्रशांत जी ने और महाप्रबंधक सुरेंद्र कुमार जैन भी तिरुपति से ऑन लाइन जुड़े थे भगवान का मोक्षकल्याण पूरे देश एवं विदेशों में जो जैन मंदिर है वहां भी मनाया गया।

## वीडीए टीम ने रविन्द्रपुरी में किया अवैध निर्माण सील

**वाराणसी।** शहर में अवैध निर्माण पर वीडीए इन दिनों जबरदस्त अभियान चला रहा है। विभाग के अधिकारी जहां स्थलीय निरीक्षण कर रहे है,वही निर्माणकर्त्ता के विरूद्ध कार्रवाई कर भवन सील भी किया जा रहा है। इसको लेकर वीडीए की टीम बुधवार को अचानक भेलूपुर वार्ड में पहुंचा। जहां अनूप पोद्दार द्वारा भवन संख्या 27/70 में सरिया और शटरिंग का कार्य किये जाने को देखा और पूछताछ की। इस दौरान पुलिस फोर्स के साथ पहुंची प्रर्वतन दल की टीम ने निर्माण कार्य पर रोक लगा दी और अवैध निर्माण को सील कर सख्त कार्रवाई किया। इस अवसर पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार,अवर अभियंता सोनू कुमार आदि लोग उपस्थित रही।




# आईआईटी बीएचयू के रिसर्च स्कॉलर से 9.15 लाख की ठगी

जनसंदेश न्यूज

**फ्रॉड**

**पीड़ित की तहरीर पर साइबर क्राइम थाने में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

**जालसाजों ने ऑनलाइन स्टॉक मार्केट एप से निवेश कराकर घटना को दिया अंजाम**

**वाराणसी।** ऑनलाइन स्टॉक मार्केट एप के माध्यम से निवेश कराकर आईआईटी बीएचयू के गुरु रवींद्रनाथ टैगोर अपार्टमेंट में रहने वाले रिसर्च स्कॉलर पुष्पेंद्र सिंह से 9.15 लाख रुपये की साइबर ठगी की गई है। मामले को लेकर भुक्तभोगी पुष्पेंद्र सिंह की तहरीर पर साइबर क्राइम पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

**यह है पूरा मामला:** मथुरा के मूल निवासी 35 वर्षीय पुष्पेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि वह नौ दिसंबर 2014 को एक्स-17 आदित्य बिरला फाइनेंसियल क्लब वाट्स एप ग्रुप से जुड़े। ग्रुप की एडमिन अड्याना जोसेफ और सेथुरधनम रवी थे। पुष्पेंद्र ने बताया कि इससे पहले उन्होंने प्रसिद्ध स्टॉक मार्केट ट्रेडर रुचिर गुप्ता




से ऑनलाइन स्टॉक ट्रेडिंग की क्लास ली थी। उन्हें लगा कि जिस वाट्स एप ग्रुप से वह जुड़े हैं वह भी रुचिर गुप्ता का है। बाद में पता चला कि वह ग्रुप रुचिर गुप्ता का नहीं था। उस वाट्स एप ग्रुप में उन्होंने देखा कि बहुत सारे मेंबर्स अपना प्रॉफिट और निवेश किए गए रुपये का स्क्रीनशॉट डाल रहे हैं। वाट्स एप ग्रुप के एडमिन ने उन्हें आदित्य बिरला मनी एप एप्पल एप स्टोर से डाउनलोड करने को कहा। उस एप के जरिये उनका एक अकाउंट खोला गया और निवेश करने को कहा गया। निवेश करने के लिए एक करंट अकाउंट नंबर भेजा जाता था। उसमें उन्हें पैसा जमा करना होता था और वो कुछ देर बाद एप में दिखाई देता था। दो बार उन्होंने एप से 23 हजार रुपये निकाले तो उन्हें विश्वास हो गया कि वह फर्जी नहीं है। इस तरह से एक महीने के अंतराल में उन्होंने नौ लाख 15 हजार रुपये निवेश किया। उसके बाद से ही उन्हें साइबर ठगी का अंदेशा हुआ और उन्होंने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सफाई की



**चौबेपुर।** स्व. सूबेदार सिंह स्मृति महिला महाविद्यालय कटेसर कला चौबेपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में तृतीय एक दिवसीय शिविर के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के निदेशक डा. स्वतंत्र कुमार सिंह, प्राचार्या डा. पुष्पा सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डा. अभय कुमार पांडेय व डा. प्रियंका मिश्रा के नेतृत्व में उपस्थित सभी स्वयं सेविकाओं को स्वच्छता की शपथ दिलायी गई। स्वच्छता से समाज के उत्थान के लिए उन्हें जागरुक किया गया। उत्तम स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया गया। तत्पश्चात दोनों यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में सभी स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय परि र में साफ सफाई की। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रवक्ता शालू, कंचन, अनिता, राजेश सहित रूपाली, ज्योति, रश्मि, गरिमा आदि का योगदान रहा।

## प्रतिबंधित प्रजाति के पक्षियों के अवैध व्यापार में एक गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**अभियुक्त के पास से 37 लालमुनिया, दो लाल सर तोता व दो भारतीय देशी तोता बरामद**

**वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत प्रजातियों का क्रय-विक्रय प्रतिबंधित है**

**वाराणसी।** वन विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को प्रतिबंधित प्रजाति के पक्षियों का अवैध व्यापार करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 37 लालमुनिया, दो लाल सर तोता और दो देशी तोता बरामद किया गया है।

वन संरक्षक व क्षेत्रीय निदेशक डॉ. रवि कुमार सिंह को सूचना मिली कि ब्रह्मा गंगा घाट के पास प्रतिबन्धित प्रजातियों के पक्षियों का अवैध व्यापार किया जा रहा है। इस पर उन्होंने सुरक्षा दल को तत्काल मौके पर छापेमारी करने का निर्देश दिया। सुरक्षा दल ने ब्रह्मा गंगा घाट पर छापामारी करते हुए



रविदास घाट पहुंचे, जहां एक व्यक्ति प्रतिबंधित पक्षियों का अवैध कारोबार करते हुए पकड़ा गया। पकड़े गये व्यक्ति का नाम रवि आलम है। वह चंदौली जिले के चकिया थाना क्षेत्र स्थित सिकंदरपुर का रहने वाला बताया जाता है। वन विभाग के लोगों ने बताया कि बरामद किये गये पक्षी वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत प्रतिबंधित है। गिरफ्तार रवि आलम के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। वन संरक्षक ने लोगों से अपील की है कि प्रतिबंधित पक्षियों के अवैध कारोबार की जानकारी कार्यालय वन संरक्षक व क्षेत्रीय निदेशक वाराणसी वृत्त-0542-2585444 तथा कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी-0542-2585574 दें। छापेमारी टीम में उप क्षेत्रीय वन अधिकारी राजकुमार गौतम, वन दरोगा अनिल कुमार श्रीवास्तव आदि थे।

## घरेलू कार्य नहीं कर पा रहे हैं स्थानीय नागरिक

**गलियों में लगी हैं लंबी कतारें गलियों में से होकर निकलना मुश्किल**

**वाराणसी।** भारी भीड़ के चलते लोग अपना घरेलू कार्य तक नहीं कर पा रहे हैं। भीड़ के कारण लोगों के समक्ष संकट आ खड़ा हुआ है। गलियों में जो कतारें लगी हैं उसके चलते भी स्थानीय लोग काफी परेशान हैं। क्योंकि इन गलियों से निकलना मुश्किल है। रोज काशी विश्वनाथ का दर्शन करने को लेकर श्रद्धालु लंबी कतारों में खड़े हैं। बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के लिए गलियों में लंबी कतारें लगी हैं। गलियां पूरी तरह से भरी हुई चल रही है। इन गलियों से बाहर निकलना बड़ा मुश्किल कार्य है। गलियों में जो भीड़ चल रही है उसके चलते लोगों को भारी परेशानी हो रही है। लोग घरों से बाहर भी नहीं निकल पा रहे हैं।

# 15 देशों की 60 टीमों को हराकर बनाई हाईटेक-इको फ्रेंडली कार



**उपलब्धि**

**आईआईटी बीएचयू के विद्यार्थियों ने जीते दो अवॉर्ड, मिली सराहना**

**अवार्ड जीतने पर सर्वश्रेष्ठ टीम को इनाम स्वरूप मिले 5.65 लाख रुपये**

**वाराणसी।** आईआईटी बीएचयू के छात्रों ने हाईटेक और इको फ्रेंडली कार डिजाइन कर शेल इको मैराथन 25 जीत ली है। छात्रों की टीम एवरेरा ने कतर में 15 देशों की 60 से ज्यादा टीमों को पीछे छोड़ दिया है। इसके साथ ही टीम एशिया-प्रशांत और मध्य पूर्व क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठ टीम बन गई है। कार्बन फुटप्रिंट रिडक्शन अवॉर्ड और टेक्निकल इनोवेशन अवॉर्ड जीतने पर 5.65 लाख रुपये भी इनाम स्वरूप मिले। कतर में ट्रैक पर एक छात्र ने इस कार को चलाकर भी दिखाया। कार 83 किमी/किलोवाट घंटे की औसत से चली, जो कि दुनिया भर से आई कारों से कहीं ज्यादा थी। कतर में टीम मैनेजर रतनम भवसार और ड्राइवर सुगवनश केआर टीम का नेतृत्व कर रहे थे।

## 25 किलो फाइबर लगा भार को किया कम

कार में 25 किलो कार्बन फाइबर मोनोकोक का उपयोग किया गया है, जिससे इसकी एरोडायनेमिक्स और भार में कमी लाई गई। यह ड्राइवर को भी एक्सीडेंट में आने वाले गंभीर चोटों से सुरक्षित करता है। इसमें हाई-परफॉर्मेंस बीएलडीसी मोटर्स और 93.33% दक्षता वाले इन-हाउस मोटर कंट्रोलर भी लगाए गए थे। पहिए की स्पीड और टर्क को कंट्रोल करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक डिफरेंशियल भी लगाए गए थे। वाहन की ट्रांसमिशन दक्षता 85 प्रतिशत, रोलिंग रेसिस्टेंस गुणांक दो किग्रा/टन, और ड्रैग गुणांक 0.106 (40 किमी/घंटा) थी।

## अलग से मिले 500 यूएस डॉलर

टेक्निकल इनोवेशन अवॉर्ड में 3000 यूएस डॉलर यानी कि 2.5 लाख रुपये और विनर की ट्रॉफी मिली। ये अवॉर्ड टीम की रचनात्मकता और तकनीकी उत्कृष्टता को मान्यता देता है। कार्बन फुटप्रिंट रिडक्शन अवॉर्ड में 3000 यूएस डॉलर यानी कि 2.5 लाख रुपये और विनर की ट्रॉफी। इससे भविष्य के वाहनों में कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए अपनाई गई नई तकनीक की पहचान की जाती है। इसके अलावा टीम एवरेरा ने ऑन-ट्रैक इवेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 500 यूएस डॉलर का पुरस्कार भी जीता। टीम को डा. अमितेश कुमार (मैकेनिकल इंजीनियरिंग), डा. संदीप घोष (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) और डा. श्याम कमल (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) ने तकनीकी तौर पर ट्रेंड किया है।

शेल इको मैराथन-25 में दुनिया भर के छात्र और छात्राएं अत्यधिक शक्ति और बेहतर वाहन डिजाइन और निर्माण करते हैं। इस मामले में आईआईटी बीएचयू सबसे आगे रहा। टीम एवरेरा साल 2013 से ही भाग ले रही है। ये टीम स्थाई वाहन इनोवेशन में विश्व की सबसे बेहतर टीम बन चुकी है। निदेशक प्रोफेसर अमित पात्रा ने टीम को बधाई दी है। कहा कि एवरेरा ग्लोबल मंच पर लगातार बेहतर काम कर रही है।

# पहले सेमेस्टर की परीक्षाओं का नया शेड्यूल जारी

**तैयारी**

**महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से संबद्ध बनारस सहित पांच जिलों के कॉलेजों में 30 दिन चलेंगी परीक्षाएं**




**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से संबद्ध वाराणसी सहित पांच जिलों के कॉलेजों की पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं नई शिक्षा नीति के हिसाब से कराई जाएंगी। स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं एक महीने तक चलेंगी। महाकुंभ के पलट प्रवाह की वजह से परीक्षाएं स्थगित कर दी गई थीं। अब 20 फरवरी से परीक्षा कराने के लिए नया शेड्यूल जारी किया गया है। 22 मार्च तक परीक्षाएं कराई जाएंगी।

काशी विद्यापीठ से संबद्ध वाराणसी, सोनभद्र, चंदौली, भदोही और मिजार्पुर में 200 से ज्यादा कॉलेज हैं। इनमें फरवरी के पहले सप्ताह से ही परीक्षा होनी थीं, लेकिन ऐसा नहीं हो सका था। 16 फरवरी से परास्नातक की परीक्षाएं शुरू हुई हैं। बीए, बीएससी और बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 20 फरवरी से होंगी। परीक्षाएं सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक कराई जाएंगी। परीक्षा से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

परीक्षा नियंत्रक दीप्ति मिश्रा ने भी विभागीय कर्मचारियों से जिलेवार कॉलेज में परीक्षा की तैयारियों की जानकारी ली। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर कॉपियां भेज दी गई हैं।

जिलों में बनाए गए नोडल केंद्रों से कॉपियां और प्रश्नपत्र परीक्षा केंद्रों पर भेजे जाएंगे। छात्र-छात्राओं से अपील की गई है कि वे परीक्षा शुरू होने से आधे घंटे पहले ही केंद्रों पर पहुंच जाएं। इससे जाम या अन्य कारणों से उनकी परीक्षा नहीं छूटेगी। बीए एलएलबी की परीक्षा के बारे में जल्द ही निर्णय लिया जाएगा।

## संक्षेप

### परिषदीय विद्यालयों में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव



**पिंडरा।** विकास खंड पिंडरा के एक दर्जन से अधिक परिषदीय स्कूलों में बुधवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने अपनी जोरदार प्रस्तुति के जरिए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्राथमिक विद्यालय जमापुर में वार्षिकोत्सव का शुभारंभ विद्यालय की छात्राओं द्वारा मा. सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई और कार्यक्रम पूरे रंग में दिखा। बच्चों ने एक बढ़कर एक प्रस्तुति देकर वाहवाही लूटी। इस दौरान नृत्य, संगीत, कविता, देशभक्ति की बहार बही। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय बढ़ौना, सहमलपुर,रोह, सिंधोरा, जाठी, अजईपुर, अहरक, सरहद, हथिवार व संविलियन विद्यालय रसूलपुर, भगवतीपुर, हिरामनपुर में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों के अलावा शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।

### इच्छाओं का अंत ही है निर्वाण : प्रो. वांगचुक दोरजे



**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय स्थित महिला महाविद्यालय के दर्शन अनुभाग द्वारा भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन पर आधारित दो दिवसीय सेमिनार का समापन बुधवार को हुआ। समापन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में केन्द्रीय तिब्बती उच्च संस्थान,सारनाथ के कुलपति प्रो. वांगचुक दोरजे नेगी ने कहा कि इच्छाओं का अंत ही निर्वाण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय दर्शन परिषद के अध्यक्ष प्रो. जटाशंकर ने की। महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रीता सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में दर्शन विभाग के विभागाध्यक्ष दुर्गेश चौधरी व पालि एवं बौद्ध विभाग के विभागाध्यक्ष डा. लाल जी रहे । संचालन डा. विवेक कुमार पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन डा. सरिता रानी ने किया। इस अवसर पर प्रो. पीतांबर दास, प्रो. अनुराधा सिंह, डा. जय सिंह, प्रो. ज्योत्सना श्रीवास्तव ,कल्पना यादव एवं प्रियंका मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# उमरहां में सड़क निर्माण का कार्य ठप, सात के खिलाफ तहरीर



**चिरईगांव।** ग्राम पंचायत उमरहां में डीपीआरओ, नायब तहसीलदार और पुलिस बल की उपस्थिति में बीते मंगलवार को शुरू कराया गया आरआरसी निर्णय कार्य उसी रात में कतिपय ग्रामीणों ने अवरुद्ध कर गड्ढे को पाटकर पानी छिड़क दिया। ग्रामप्रधान ऊदल पटेल ने बुधवार को चौबेपुर थाने में सात लोगों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए लिखित तहरीर दी है। ग्रामप्रधान का कहना है कि प्रस्तावित स्थान पर आरआरसी निर्माण के लिए ही डीपीआरओ, राजस्व विभाग और पुलिस बल की उपस्थिति में शुरू हुआ था। उसी रात्रि में ही खोदे गये गड्ढे, उसमें रखी जाली, पिलर का सरिया फेंक दिया गया। गड्ढे को भी पाटकर पानी छिड़क दिया। इस संबंध में थाने में मीना, राजेश, छोटेलाल, राजेन्द्र, खुशहाल सहित सात के खिलाफ थाने में तहरीर दी गयी है। चौकी प्रभारी चिरईगांव से भी मिलकर समस्या के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# कानपुर से मिलता है कारखाना भवनों का स्थायित्व प्रमाण-पत्र

**वाराणसी।** सहायक निदेशक कारखाना ने बताया कि उत्तर प्रदेश कारखाना नियमावली, 1950 के नियम-2-क के अन्तर्गत विनिर्दिष्ट अनुसूची में विद्यमान अर्हता, अनुभव वाले व्यक्तियों को आवेदन करने पर कारखाना अधिनियम, 1948 की धारा-6 के प्रयोजनार्थ कारखाना भवनों के स्थायित्व प्रमाण-पत्र जारी करने को सक्षम व्यक्ति की मान्यता मुख्य कारखाना निरीक्षक कानपुर की तरफ से प्रदान की जाती है। उक्त के प्रयोजनार्थ सक्षम व्यक्ति की मान्यता प्राप्त किये जाने के लिए शैक्षिक अर्हता सिविल या स्ट्रक्चरल इजिनियरिंग में डिग्री अथवा इसके समकक्ष डिग्री के साथ ही अनुभव प्राविधानित है। सक्षम व्यक्ति की मान्यता के लिए निर्धारित प्रारुप पर स्पष्ट भरा हुआ आवेदन पत्र एवं संबंधित अभिलेखों की स्वःप्रमाणित प्रतियों सहित मुख्य कारखाना निरीक्षक को भेजना होगा। उक्त संबंध में अधिक जानकारी सहायक निदेशक कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

# उद्यमियों ने साझा किए विकास के तरीके

**काशी तमिल संगमम 3.0**

**बीएचयू में अकादमिक सत्र में लघु उद्यमियों और व्यावसायिक पेशेवरों के बीच सहयोग पर जोर**



**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम 3.0 के माध्यम से भारत की दो प्राचीन संस्कृतियों काशी और तमिलनाडु के बीच कला, संस्कृति, शिक्षा, कृषि और उद्योग जैसे विविध क्षेत्रों में गहन संवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को बीएचयू स्थित पं. ओंकारनाथ ठाकुर सभागार में उद्यमियों और पेशेवरों के लिए एक अकादमिक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य छोटे उद्यमियों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों को एक मंच प्रदान करना था।

सभागार में तमिलनाडु के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया गया। इस दौरान वाराणसी के अपर जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) रवि शंकर ने मुख्य वक्ताओं डॉ. दीपिका कौर, प्रो. सुभाष प्रताप सिंह और डा. वी. रामनाथन को सम्मानित किया। बीएचयू के प्रबंधन अध्ययन संस्थान की डा. दीपिका कौर ने सरकार की विभिन्न योजनाओं और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र में व्यापार की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारत में एमएसएमई क्षेत्र में 5.93 करोड़ पंजीकरण हुए हैं, जिससे 25 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला है और यह देश के कुल निर्यात में 45% का योगदान देता है।

प्रबंधन अध्ययन संस्थान के ही प्रो. सुभाष प्रताप सिंह ने अनुसंधान, निर्माण क्षेत्र में नवाचार, विपणन तकनीकों और ग्राहक आवश्यकताओं को पूरा करने की रणनीतियों पर अपने विचार रखे। उन्होंने बीएचयू के अटल इनक्यूबेशन सेंटर का भी उल्लेख किया। आईआईटी (बीएचयू) के प्रो. डा. वी. रामनाथन ने मानव संसाधन विकास, स्टार्टअप निवेश और उद्यमशीलता के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने आईआईटी (बीएचयू) में आई-डीपीएट हब फाउंडेशन की जानकारी दी, जहां अब तक 41 स्टार्टअप सफलतापूर्वक स्थापित किए जा चुके हैं।

स्टार्टअप विशेषज्ञ अनूप शुक्ला ने नवाचार और आर्थिक विकास में स्टार्टअप्स की भूमिका पर जोर दिया। जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी), वाराणसी के बलराम ने स्टार्टअप्स के लिए वित्तीय सहायता, आधारभूत ढांचे के विकास और क्षमता निर्माण योजनाओं की जानकारी दी। भारतीय उद्योग संघ और लघु उद्योग संघ के प्रतिनिधि राजेश भाटिया ने उत्तर प्रदेश सरकार की एमएसएमई नीतियों की चर्चा की। रघुवेंद्र सिंह ने स्टार्टअप्स के लिए वित्त पोषण सहायता और केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं की जानकारी दी। सत्र के दौरान एक इंटरएक्टिव चर्चा भी हुई, जिसमें तमिलनाडु से आए प्रतिनिधियों ने काशी तमिल संगमम 3.0 जैसे महत्वपूर्ण मंच के लिए आभार जताया। सलेम के रंगनाथन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें गंगा की पावन भूमि पर आने का अवसर मिला। उन्होंने आयोजकों की सराहना भी की। चेन्नई के रायरत्नम ने कहा कि सत्र के दौरान मिले उपयोगी ज्ञान से नए उद्यमियों को काफी लाभ मिलेगा। तिरुनेलवेली के कुट्टी ने महर्षि अगस्त्य मुनि का उल्लेख करते हुए काशी और तमिलनाडु के बीच सांस्कृतिक एकता पर प्रकाश डाला। कांचीपुरम की कंचना देवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को काशी की सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए धन्यवाद दिया। सत्र का समापन प्रो. शुनमुग सुंदरम द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# अपने विद्यालय को मॉडल बनाएं शिक्षक



**कार्यशाला**

**पीएम श्री विद्यालयों के शिक्षकों की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला में दी गई महत्वपूर्ण जानकारियां**

**वाराणसी।** राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देश के क्रम में पीएम श्री विद्यालयों के शिक्षकों की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बुधवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, सारनाथ में किया गया। कार्यशाला में जनपद के पीएम श्री योजना अंतर्गत चयनित 15 परिषदीय विद्यालयों के 56 शिक्षकों एवं माध्यमिक के पीएम श्री विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक अवध किशोर सिंह एवं वरिष्ठ प्रवक्ता नवीन पांडेय द्वारा किया गया। सभी जिला समन्वयक ने अपने पटल से संबंधित प्रस्तुतीकरण किया।

नोडल संदर्भदाता के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी संजय यादव ने पीएम श्री विद्यालय के शिक्षकों को अपने विद्यालय को माडल विद्यालय के रूप में स्थापित करने के लिए विस्तृत जानकारी प्रदान की। जैसे इको क्लब का गठन कर पर्यावरण के प्रति जागरूक करना, स्वच्छता, ऊर्जा संरक्षण, हर्बल किचन गार्डन, ग्रीन स्कूल गतिविधियां, जल संरक्षण, सुव्यवस्थित पुस्तकालय, खेलकूद प्रतियोगिता, वार्षिकोत्सव, एक्सपोजर विजिट, मीना मंच, कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आदि के बारे जानकारी प्रदान कर बच्चों के सर्वांगीण विकास करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी संजय यादव, खंड शिक्षा अधिकारी आराजीलाइंस शशिकान्त श्रीवास्तव, जिला समन्वयक प्रशिक्षण डा. भोला विश्वकर्मा, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा त्रिलोकी नाथ शर्मा, जिला समन्वयक निर्माण अभय सिंह, जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता सुशील कुमार सिंह व बालिका शिक्षा की जिला समन्वयक अमृता चौहान, एसआरजी अखिलेश्वर प्रसाद गुप्ता तथा राजीव सिंह उपस्थित रहे।

# बीए प्रथम सेमेस्टर दर्शनशास्त्र की परीक्षा 28 को

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के दर्शनशास्त्र विभाग में बीए प्रथम सेमेस्टर दर्शनशास्त्र विषय सत्र 2024-25 के छात्रों की विभागीय सतत आंतरिक मूल्यांकन (पूर्णांक 25 अंक) की परीक्षा 28 फरवरी को आयोजित है। विभागाध्यक्ष प्रो. एमएम वर्मा ने बताया परीक्षा सुबह नौ बजे से मानविकी संकाय के कक्ष संख्या नौ में होगी।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य आज करेंगी जनसुनवाई

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात 20 फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से सर्किट हाउस में जनसुनवाई करेंगी। जिसमें महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई कर मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।

# व्यक्ति की पहचान गढ़ने में मातृभाषा महत्वपूर्ण

**ट्रेनिंग**

**बीएचयू में 'ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स : प्रमोटिंग भारतीय लैंग्वेजेज एंड इंटीग्रेटिंग भारतीय ज्ञान परंपरा इन हायर एजुकेशन करिकुला' विषय पर कार्यशाला**



**वाराणसी।** अंतर विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षा केंद्र, बीएचयू तथा विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, तमिलनाडु व भारतीय भाषा समिति, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आईयूसीटीई परिसर में चल रही 'ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स : प्रमोटिंग भारतीय लैंग्वेजेज एंड इंटीग्रेटिंग भारतीय ज्ञान परंपरा इन हायर एजुकेशन करिकुला' विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला के तीसरे दिन बुधवार को तीन व्याख्यान और एक विचार मंथन सत्र आयोजित किया गया।

पहला व्याख्यान आरकेएम विवेकानंद कालेज मायलापुर,चेन्नई के संस्कृत विभाग के पूर्व प्रोफेसर डा. आर. रामचंद्रन द्वारा दिया गया। उन्होंने यह बताया कि मातृभाषा व्यक्ति की पहचान को गढ़ने में उतनी ही महत्वपूर्ण होती है जितनी कि उसकी मातृभूमि। उन्होंने भारतीय भाषाओं के संरक्षण और संवर्धन की रणनीतियों पर चर्चा की। दूसरे व्याख्यान में आईयूसीटीई, बीएचयू के डा. राजा पाठक ने बताया कि प्रौद्योगिकी भाषा और भारतीय ज्ञान प्रणाली की शिक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। तीसरा व्याख्यान पचैयप्पा कालेज चेन्नई के पूर्व प्रोफेसर प्रो. के. संबतकुमार ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर केंद्रित चर्चा की जो समग्र, सतत, और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध शिक्षण दृष्टिकोण प्रदान करती है। दिन का समापन विचार मंथन सत्र के साथ हुआ। इस कार्यशाला में तमिलनाडु, पांडिचेरी, केरल, कर्नाटक आदि दक्षिण भारतीय प्रदेशों के उच्च शिक्षा संस्थानों के 30 से अधिक अध्यापक प्रतिभाग कर रहे हैं। संचालन डा. अनिल कुमार, डा. सुनील कुमार त्रिपाठी और डा. राजा पाठक द्वारा किया गया। कार्यशाला का समन्वयन डा. राजा पाठक ने किया।


## कार्यालय जिला पंचायत बलिया

पत्रांक 833/जि0पं0/खनिज-ठेका/ई-ऑक्शन/2024-25 दिनांक 19.02.2025

### खनिज परिवहन ई-ऑक्शन/नीलामी संशोधित सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत बलिया के खनिज परिवहन ठेका/नीलामी वर्ष 2025-26 (01.04.2025 से 31.03.2026) तक के लिये ई-नीलामी कार्यालय पत्रांक: 749/750/ दिनांक 24.01.2025 के द्वारा आमंत्रित की गयी थी। शासन के पत्र संख्या 531/33-सेल/2025 दिनांक 07.02.2025 के द्वारा अवगत कराया गया है कि ई-ऑक्शन के सम्बन्ध में मा0 न्यायालय द्वारा दिनांक 07.02.2025 को की गई सुनवाई पर लिखित निर्देश प्राप्त होने की प्रतिक्षा में जिला पंचायतों द्वारा आमंत्रित ई-नीलामी की तिथि 10 दिवस के लिये बढ़ाये जाने का निर्देश प्राप्त था। पुनः शासन के पत्रांक 584/33-सेल/2025 दिनांक 17.02.2025 के द्वारा ई-नीलामी की तिथि को 15 दिवसों के लिये बढ़ाये जाने का निर्देश दिया गया है। तद्नुसार जिला पंचायत, बलिया द्वारा पूर्व में आमंत्रित ई-ऑक्शन /नीलामी सूचना पत्रांक: 811/दिनांक 10.02.2025 में उल्लिखित समय सारिणी को निम्नवत संशोधित किया जाता है। नीलामी की अन्य शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

| क्र.सं. | गतिविधि | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई-नीलामी के प्रकाशन की तिथि | 25.01.2025 | मध्याह्न 12:00 बजे से |
| 2 | दस्तावेज अपलोड/प्रारंभ करने की तिथि | 25.01.2025 | अपराह्न 01:00 बजे से |
| 3 | दस्तावेज अपलोड/भुगतान करने की अंतिम तिथि | 06.03.2025 | अपराह्न 02:00 बजे तक |
| 4 | दस्तावेजों के तकनीकी परीक्षण की प्रारंभ तिथि | 06.03.2025 | अपराह्न 02:00 बजे से |
| 5 | दस्तावेजों के तकनीकी परीक्षण की अंतिम तिथि | 09.03.2025 | अपराह्न 03:00 बजे तक |
| 6 | ई-नीलामी की प्रारंभ तिथि | 10.03.2025 | मध्याह्न 12:00 बजे से |
| 7 | ई-नीलामी की अंतिम तिथि | 10.03.2025 | सायं 05:00 बजे तक |

नोट-पत्रांक: 749/750/दिनांक 24.01.2025 पूर्व में प्रकाशित ई-ऑक्शन/नीलामी सूचना में लिपिकीय त्रुटिवश जिला पंचायत, बलिया के जिलानिधि खाता संख्या गलत अंकित हो गया था, नीलामी सूचना के सभी स्थानों पर जिला पंचायत, बलिया का जिलानिधि खाता, बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा-बलिया, खाता संख्या-25100100000984/IFSC CODE-BARBOBALLUX पढ़ा जाय।

(शहबाज खान)
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत बलिया


# पशु पालने के लिए मिलेगा 80 हजार रुपये अनुदान

**नन्द बाबा दुग्ध मिशन**

**मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना के तहत दुग्ध उत्पादक व पशुपालक 24 तक कर सकते हैं आवेदन**



**वाराणसी।** नंद बाबा दुग्ध मिशन अंतर्गत मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना के अंतर्गत दुग्ध उत्पादकों/पशुपालकों को आवेदन करने की अवधि 24 फरवरी तक निर्धारित की गई है। इसके तहत पशु पालने के लिए सरकार कीतरफ से अधिकतम 80 हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा।

जिला समन्वयक/दुग्धशाला विकास अधिकारी अखिलेंद्र मिश्रा ने बताया कि बाह्य प्रदेश से उन्नत नस्ल की स्वदेशी गायों (गिर, साहीवाल एवं थारपारकर प्रजाति) के क्रय पर अनुदान हैं। महिला दुग्ध उत्पादकों व गौपालकों को 50 प्रतिशत वरीयता दी जाएगी। क्रय की जाने वाली गाय प्रथम अथवा द्वितीय ब्यात की होनी चाहिए। अनुदान दो गाय की इकाई की स्थापना के लागत का 40 प्रतिशत यानी अधिकतम 80 हजार रुपये तक अनुदान अनुमन्य है। क्रय की गई गायों का पशु बीमा कराया जाना अनिवार्य होगा। एक दुग्ध उत्पादक व पशुपालक दो गायों की एक इकाई स्थापित करने के लिए पात्र होगा। क्रय की जाने वाली गाय के रोगमुक्त एवं स्वस्थ होने का पशु चिकित्साधिकारी से स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र अनिवार्य है। गायों की पहचान के लिए माइको चिप्स/ईयर टैगिंग सिस्टम/पहचान की किसी भी मान्यता प्राप्त प्रणाली से ईयर टैगिंग होना अनिवार्य है।

## दिलीप वेंगसरकर ने डॉ. मनोज तिवारी को किया सम्मानित

**वाराणसी।** संपूर्णानंद स्पोर्ट्स कांपलेक्स सिगरा में ऑल इंडिया दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित डे नाइट क्रिकेट मैच दिव्यांग प्रीमियम लीग के समापन समारोह में दिव्यांगजनों के खेल को बढावा देने के लिए एआरटीसी, एसएस हॉस्पिटल, आईएमएस, बीएचयू के वरिष्ठ परामर्शदाता व प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डा. मनोज कुमार तिवारी को भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अर्जुन पुरस्कार प्राप्त पद्मश्री दिलीप वेंगसरकर ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। डा. मनोज तिवारी विगत दो दशकों से दिव्यांगजनों के कल्याणर्थ अपनी सेवाएं प्रदान करते आ रहे हैं। उन्होंने पूर्वांचल के कई स्वयंसेवी संस्थाओं में दिव्यांगजनों के शीघ्र पहचान, आकलन, परामर्श, पुनर्वास, शिक्षण एवं प्रशिक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते आ रहे हैं जिसके लिए खेल मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार गिरीश चंद्र यादव सहित कई संस्थाओ द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया है। डा. मनोज भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली से पंजीकृत पुनर्वास मनोवैज्ञानिक भी हैं। इस अवसर पर ऑल इंडिया दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिव्यांगबंधु डा. उत्तम ओझा, महासचिव डा. संजय चौरसिया, प्रिंस कुमार मिश्रा, मनीष पांडेय, मनीष सिंह, पवन कुशवाहा, डा मुकेश श्रीवास्तव, संजय भगत आदि मौजूद रहे।

# सीबीसी की प्रदर्शनी में सांस्कृति विरासत पर चर्चा



**आयोजन**

**पोस्टर पेंटिंग, कहानी लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन**

**वाराणसी।** केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) की तरफ से नमो घाट पर काशी तमिल संगमम उत्सव में लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी में सांस्कृति विरासत को दर्शाया गया है। प्रदर्शनी के पांचवें दिन बुधवार को आयोजित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी वहां पहुंचे और पोस्टर पेंटिंग, कहानी लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

विभिन्न प्रकार की हुई प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के बीच वाराणसी और तमिलनाडु की सांस्कृतिक विरासत पर चर्चा की गयी। चित्र प्रदर्शनी में भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों और कार्यक्रमों की जानकारी दी जा रही है। इस दौरान प्रतिभागी विजेताओं को सीबीसी के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से पुरस्कार प्रदान किया। राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज स्थित टूजीडी एयर ट्रूप एनसीसी के फर्स्ट ऑफिर विनोद कुमार सिंह, मीडिया और संचार अधिकारी प्रशांत कक्कड़, सिमरन कल्शी आदि ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन सीबीसी के सहायक निदेशक डॉ. लालजी ने किया।

# सुरेमनपुर स्टेशन पर साफ-सफाई व पेयजल का अभाव


स्टेशन के शौचालय में लटका ताला


स्टेशन परिसर में फैला कूड़ा-कचरा

जनसंदेश न्यूज

**यह है हाल**

**शौचालय में ताला बंद कर दिये जाने से यात्रियों को हो रही परेशानी**

**बैरिया।** प्रयागराज में लगे महाकुंभ मेला के अवसर पर जहां स्टेशनों पर यात्रियों की भारी भीड़ हो रही है, वही सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर साफ-सफाई की लचर व्यवस्था, पेयजल का अभाव एवं रेलवे के कर्मचारियों द्वारा शौचालय में ताला बंद कर देने से यात्रियों विशेष कर महिलाओं और बच्चों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

बता दे कि सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर सफाई कर्मी की नियुक्ति है। बावजूद इसके प्लेटफार्म पर गंदगी का अंबार लगा है। वही, कूड़ा-करकट प्लेटफार्म नंबर एक पर ही रखने से यात्रियों को दिक्कत हो रही है। इधर, रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर लगा आरओ मशीन काफी समय से खराब पड़ा हुआ है। दो नंबर प्लेटफार्म पर पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है। शौचालयों में ताला बंद कर देना यात्रियों के लिए कोढ़ में खाज बना हुआ है। इस बाबत पूछने पर रेल कर्मियों का कहना है कि अमृत भारत रेलवे स्टेशन के रूप में चयनित इस स्टेशन पर निर्माण कार्य चल रहा है। इसलिए व्यवस्था अस्त-व्यस्त है। बावजूद इसके जो भी संभव है, उसे किया गया है, ताकि यात्रियों को कम से कम असुविधा हो। शौचालय में ताला बंद किए जाने के संदर्भ में पूछने के लिए कई बार स्टेशन मास्टर प्रेमरंजन पटेल के मोबाइल पर फोन किया गया, किंतु उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया। यात्रियों ने डीआरएम वाराणसी एवं महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है।

## खराब पड़ी आरओ मशीन की मरम्मत कराने का निर्देश



**बेल्थरारोड।** बदलते मौसम को देखते हुए खंड विकास अधिकारी सीयर शिवांकित वर्मा अपने सहयोगी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) मनोज कुमार सिंह के साथ एसडीएम निशांत उपाध्याय के समक्ष पेश हुए और मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज से मिले निर्देश के अनुपालन में आम जनमानस को शुद्ध पेयजल सुलभ कराने हेतु बंद पड़े आरओ प्लांट की मरम्मत कराने के लिए दिशा-निर्देश प्राप्त किया। सबसे पहले जनहित में तहसील के मुख्य द्वार पर बन्द पड़े आरओ मशीन की मरम्मत कराने पर सहमति बनी। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज के मिले निर्देश के अनुपालन में खंड विकास अधिकारी शिवांकित वर्मा ने ब्लाक के सभी ग्राम पंचायत सचिवों को पत्र लिखकर बंद पड़े आरओ मशीन की मरम्मत करवाने के बारे में आख्या तलब की है। उन्होंने कहा है कि बदलते मौसम को देखते हुए आम जनमानस को शुद्ध पेयजल सुलभ कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसके लिए अति शीघ्र आरओ मशीन की मरम्मत कराकर शुद्ध पेयजल आम जनमानस को सुलभ कराया जाएगा। ज्ञातव्य है कि इस संबंध में मोबाइल पर मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज ने बदलते मौसम को देखते हुए सीयर क्षेत्र में बन्द पड़े आरओ मशीन को तत्काल दुरुस्त कराने के लिए खंड विकास अधिकारी को निर्देश निर्गत किए थे।

# लेप्रोस्कोपिक विधि से डॉक्टर एके गुप्ता ने किया पथरी का ऑपरेशन


ऑपरेशन करते डॉक्टर्स की टीम

**बलिया।** आज के समय में पित्त की थैली में पथरी की बीमारी हर उम्र के लोगों में देखने को मिल रही है। ऐसा ही एक मामला एसपी सिटी हास्पिटल में आया है, जिसमें एक नौ साल के बच्चे के पित्त की थैली में पथरी पाया गया। इसके पहले बालक पेट दर्द, गैस, अपच की समस्या से काफी दिनों से परेशान था। लड़के के पिता द्वारा अन्यत्र अल्ट्रासाउंड कराने के बाद उसके पित्त की थैली में पथरी होना पाया गया। काफी समय इलाज के बाद भी उसके स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद पिता मरीज को लेकर एसपी सिटी हास्पिटल पहुंचे, जहां सर्जन डा. एके गुप्ता द्वारा दोबारा अल्ट्रासाउंड कराया गया। इसमें पथरी की समस्या पायी गयी। सभी जांच कराने के बाद मरीज का आपरेशन लेप्रोस्कोपिक विधि (दूरबीन) द्वारा डा. एके गुप्ता और उनकी टीम द्वारा सोमवार को सफलतापूर्वक आपरेशन किया गया। आपरेशन के बाद उसके पित्त की थैली में छोटी-छाटी कई पथरियां पायी गयी। इस समय बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ है। उसका कोई परेशानी नहीं है। बच्चें का एक या दो दिन में अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। लेप्रोस्कोपिक सर्जन डा. एके गुप्ता ने लोगों को सुझाव दिया कि पेट की बीमारियों का समय से जांच एवं इलाज करा लेना चाहिए, ताकि भविष्य में कोई जटिलताएं न हो। डा. एके गुप्ता ने बताया कि भविष्य में एसपी सिटी हास्पिटल आप लोगों को अपनी उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देता रहेगा।

**उपलब्धि**

**अल्ट्रासाउंड में बालक के पित्त की थैली में पायी गयी थी पथरी**

# तुर्तीपार में सरयू नदी पर बनेगा टू-लेन का पुल

**बलिया।** बलिया-देवरिया को जोड़ने के लिए तुर्तीपार सरयू नदी पर टू-लेन का पुल बनेगा। इससे नेपाल तक पहुंच आसान होगी। पुराना पुल जर्जर होने के कारण भारी वाहनों का आवागमन पूर्णरूप से प्रतिबंधित है। पुल बनने के बाद बलिया-देवरिया समेत इससे जुड़े इलाके की यात्रा सुगम हो जायेगी। पुल की लंबाई 1185 मीटर है। एप्रोच मार्ग और पुल के निर्माण पर लगभग 600 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। तुर्तीपार सरयू नदी पर बनने वाला पुल सिर्फ बलिया, देवरिया, गोरखपुर जिले को ही नहीं, बल्कि नेपाल जाने की राह भी आसान करेगा। हर साल पुल की मरम्मत में खर्च होने वाले करोड़ों रुपये की धनराशि को देखते हुए एनएचएआई ने यहां नया पुल बनाने के लिए प्रस्ताव भेजा था। शासन ने मंजूरी मिलने के बाद पुल की डीपीआर तैयार की जा रही है। अगले माह से पुल का निर्माण कार्य शुरू करने की तैयारी चल रही है। पुल निर्माण के साथ ही नवलपुर से सिकंदरपुर तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य भी शुरू हो जायेगा। इस संबंध में प्रोजेक्ट मैनेजर कुमार कौशल ने बताया कि तुर्तीपार में सरयू नदी पर 31 पीलरों की सहायता से टू-लेन पुल के अलावा फोर लेन की सड़क के लिए योजना है। 600 करोड़ लागत आयेगी। अगले माह से पुल निर्माण का कार्य शुरू हो जायेगा।

# मिलावटी मिठाइयों का फैलने लगा कारोबार

**कसेगी नकेल**

**खतरनाक रसायनों का किया जा रहा इस्तेमाल**


बाजार में बिक रही मिठाई

**बैरिया।** होली से ठीक पहले मिलावटी मिठाइयों का कारोबार फैलने लगा है। छेना से बनी मिठाईयों को आकर्षक बनाने के प्रयास में दुकानदार लोगों की सेहत और कानून से भी खिलवाड़ कर रहे हैं। इस बार भी होली में मिठाई बनाने में धड़ल्ले से खतरनाक रसायनों का प्रयोग किया जा रहा है, जो लोगों की सेहत के लिए दुश्मन से कम नहीं है। यहां तक की छेने से बनी मिठाईयां तक खतरनाक हैं। होली पर बड़े पैमाने पर लोग घरों में मिठाई लेकर जाते हैं। ग्राहकों को लुभाने के लिए मिठाई भी वैसी ही बनाई जाती है, जो देखते ही लोग खरीद लें। मिठाई में क्या मिलावट है? कैसे बनाई गई है? इस पर बहुत लोग ध्यान नहीं देते हैं। यही मिठाई कभी-कभी जान के लिए खतरा बन जाती है। मिठाई की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए दुकानदार मिलावटी दूध एवं मावा धड़ल्ले से इस्तेमाल करते हैं। छेना को चमकदार बनाने के लिए सल्फ्यूरिक एसिड का प्रयोग किया जा रहा है, जो स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है। बताया जाता है कि बिना इसके मिठाई में चमक आ ही नहीं पाती। ऐसे में दुकानदार जमकर इसका प्रयोग कर रहे हैं। मिठाई के एक कारीगर ने बताया कि दूध की भरपाई के लिए पाउडर के दूध से जरूरत पूरी की जाती है। इससे छेना, पनीर, मिल्क केक, बंगाली मिठाई समेत अन्य मिठाईयां तैयार की जाती हैं।

## ऐसे बनता है छेना

**बैरिया।** नकली छेना बनाने के लिए वनस्पति घी, चीनी, दूध के सूखे पाउडर का प्रयोग किया जाता है। इस नकली छेना को असली बताकर धड़ल्ले से बेचा जाता है। इसी छेना से विभिन्न प्रकार की छेना की मिठाई बनाकर दुकानदार बाजार में उतार देते हैं।

> होली पर्व में मिलावटी मिठाई किसी भी दशा में नहीं बिक सकेगी। मिलावटखोरों के खिलाफ छापेमारी अभियान लगातार चलाया जायेगा। नमूने लिए जायेंगें। कार्रवाई की जायेगी। इसके लिए सम्बधित विभाग को पत्र भेज दिया गया है। अभियान चलाकर कार्यवाही होगी।
>
> **सुनील कुमार, उप जिलाधिकारी, बैरिया**

> मिलावटी मिठाई सेहत की दुश्मन हैं। इसका उपयोग कत्तई नहीं करना चाहिए। आकर्षक मिठाईयों में प्रयोग होने वाले केमिकल फेफड़े, गुर्दे, लीवर को प्रभावित कर सकते है। मिठाई में चांदी वर्क एवं हाइड्रो भी काफी नुकसानदेह है। होली में मिठाई कम प्रयोग करें तो बेहतर है।
>
> **डॉ. देवनीति सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुरली छपरा**

# संक्षेप

## शराब तस्करी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार



**सिकंदरपुर।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अनिल कुमार झा के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी गौरव कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में पुलिस ने दो अभियुक्तों को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार प्रभारी निरीक्षक विकास चन्द पाण्डेय मय पुलिस टीम द्वारा मुखबीर की सूचना के आधार पर कठौड़ा स्थित सरकारी देशी शराब के ठेके के पीछे बगीचे में से श्रीभगवान पुत्र स्व. रमाकांत निवासी कठौड़ा, थाना सिकन्दरपुर एवं सत्येन्द्र राजभर पुत्र विजयशंकर निवासी कठौड़ा, थाना सिकन्दरपुर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक प्लास्टिक की बोरी में चार कार्टून में 180 पाउच कुल 36 लीटर देशी निर्मित बन्टी बबली ब्रांड अवैध शराब बरामद किया गया। पुलिस ने उनको संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त श्रीभगवान का अपराधिक इतिहास भी है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विकास चन्द पाण्डेय, प्रशि उनि नीरज यादव, हेकां. दिनेश कुमार सिह, कां. अमित कुमार, कां. अंकित यादव शामिल रहे।

## पीएचसी पर डॉ. इमरान खुर्शीद ने संभाला कार्यभार



**मनियर।** हमेशा से चर्चाओं में रहने वाला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर पर नवागत डा. इमरान खुर्शीद ने चार्ज संभाल लिया है। डा. इमरान खुर्शीद ने मनियर के लोगों की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का आश्वासन दिया है। उनका उद्देश्य स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। डा. इमरान खुर्शीद आंख के सर्जन है। उनके आते ही पीड़ित लोगों में बेहतर इलाज के लिए उम्मीद जगी है। डा. इमरान खुर्शीद के अनुसार वे मनियर स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा सेवाओं में सुधार के लिए काम करेंगे। तथा मरीजों को समय पर उचित उपचार प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डा. खुर्शीद की नियुक्ति से मनियर के लोगों को उम्मीद है कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा और वह बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा पाएंगे। लेकिन देखने वाली बात यह होगी कि क्या इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सही में लोगों को उचित एवं सही समय पर उपचार मिलता है या फिर पहले जैसी ही व्यवस्था रहती है।

## 51.5 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग



**दोकटी।** विकास खंड मुरली छपरा के आराजी माफी में प्रधान पद के लिए उपचुनाव कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न हुआ। इस दौरान कुल 51. 5 प्रतिशत लोगों ने अपने मत का प्रयोग किया। आराजी माफी में कुल 1562 वोटर है, जिसमें 809 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह छह प्रत्याशियों का भाग्य बक्से में बंद हो गया। बुधवार के सुबह सात बजे चुनाव प्रारंभ हो गया। इक्का-दुक्का लोग वोट डालने के लिए निकले। धूप निकलने के बाद संख्या में बढ़ोतरी होने लगी और पुरुष-महिलाएं लाइन में लगकर शांति से मतदान करने लगे। कुल 51. 5 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाला। वहां ड्यूटी पर तैनात पीठासीन अधिकारियों ने बताया कि बूथ संख्या 161 पर 778 के सापेक्ष 415 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। बूथ संख्या 162 पर 784 के सापेक्ष 394 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उप जिलाधिकारी बैरिया सुनील कुमार बूथ पर पहुंचे और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। थानाध्यक्ष दोकटी हरिशंकर सिंह और चौकी प्रभारी लालगंज दिनभर डटे रहे। शांति व्यवस्था में चुनाव संपन्न हुआ।

## पीडीए के हक को लूट रही भाजपा सरकारः रमाशंकर

**सिकंदरपुर।** समाजवादी पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पीडीए जागरूकता जन चौपाल के क्रम में बुधवार को क्षेत्र के करसी, बघुड़ी, लीलकर गांव में पीडीए जागरूकता जन चौपाल लगाया गया। इस दौरान सलेमपुर लोकसभा के सांसद रमाशंकर राजभर ने कहा कि भाजपा सरकार पीडीए की जन्मजात विरोधी है। आरएसएस की गाइडलाइन पर भाजपा सरकार काम करती है। कहा कि आरएसएस हमेशा मनवाद की पक्षधर रही है। आरएसएस की मंशा के अनुसार भाजपा सरकार पीडीए के हक को लूट रही है। जब तक भाजपा सरकार में रहेगी, तब तक पीडीए का हक लूटता रहेगा। इसलिए सत्ता से भाजपा को हटाकर ही पीडीए के हक को बचाया जा सकता है। इस अवसर पर रामजी यादव, अनंत मिश्रा, धनंजय सिंह, बबलू सिंह, राजेश राय, अशोक सूर्या, अतुलेश, गुड्डू , भरत, राजकुमार, बृजेश यादव, घनश्याम यादव, अशोक वर्मा, गुरुजलाल राजभर आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने पीड़िता को लौटाये 83 हजार रुपये

**बलिया।** साइबर सेल टीम ने पीड़िता के खाते से धोखाधड़ी कर निकाले गये 83000 रूपये उसके खाते में वापस कर दिया है। पीड़िता ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया है। पुलिस के अनुसार 12 दिसंबर 2023 को शिकायतकर्ती विनिता सिंह पत्नी सुधीर सिंह निवासी धतुरी टोला, थाना दोकटी द्वारा साइबर हेल्पलाईन नंबर-1930 एवं थाना साइबर क्राइम कार्यालय में आकर शिकायत दर्ज करायी गयी, जिसमें शिकायतकर्ती के पति के सेन्ट्रल बैंक खाते से 11 दिसंबर 2023 को क्रमशः 50000 रूपये व 33000 रूपये कुल 83000 रूपये फर्जी तरीके से धोखा देकर स्थानान्तरण किया गया था। पुलिस अधीक्षक एवं नोडल साइबर सेल बलिया के निर्देशन मे थाना साइबर क्राइम द्वारा तत्काल शिकायत को संज्ञान मे लेते हुए त्वरित विधिक कार्यवाही की गयी, जिसके फलस्वरूप बुधवार को शिकायतकर्ती विनिता सिंह के खाते में धोखाधड़ी की सम्पूर्ण धनराशि कुल 83000 रूपये वापस कराया गया। शिकायतकर्ती विनिता सिंह द्वारा बलिया पुलिस तथा साइबर पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

# सरकारी खजाने में जमा हो जायेगी प्रोसेसिंग फीस

**बलिया।** सत्र 2025-26 में मदिरा की दुकानों के आवंटन के लिए नई आबकारी नीति लागू की गई है। प्रत्येक दुकान का आवंटन ई-लाटरी से किया जाएगा। एक व्यक्ति एक दुकान के लिए एक ही आवेदन कर सकेगा। एक व्यक्ति के नाम दो से अधिक मदिरा की दुकान भी आवंटित नहीं होगी।

सात साल पहले की आवंटन प्रक्रिया की अपेक्षा इस बार आवेदन खर्च करीब ढाई गुना बढ़ गया है। अब एक दुकान के लिए आवेदन करने पर प्रोसेसिंग फीस 40 से 80 हजार रुपये तक खर्च करनी होगी। लाटरी नहीं निकलने पर यह रकम वापस भी नहीं होनी है। विभागीय पोर्टल पर मदिरा की दुकानों के ई-लाटरी के लिए आनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया 14 फरवरी से शुरू हो गई है, जो 27 फरवरी तक चलेगी। इस दौरान प्रोसेसिंग फीस जमा करने की प्रक्रिया चलेगी। इसके बाद ई-लाटरी से दुकानों का आवंटन किया जाएगा। सबसे खास बात यह है कि इस बार मदिरा की दुकानों को तीन कैटेगरी में बांट दिया गया है। ग्रामीण, नगर पंचायत और नगर पालिका क्षेत्र की दुकानों की अलग लॉग प्रोसेसिंग फीस निर्धारित की गई है। इसमें ढाई गुना के आस-पास वृद्धि की गई है। लाटरी न निकलने पर आवेदक की ओर से जमा की गई प्रोसेसिंग फीस सरकारी खजाने की हो जाएगी। ऐसे में दुकानों के आवंटन प्रक्रिया में सरकारी कोष में काफी उछाल आने की उम्मीद है।

## एक ही आवेदन कर सकेंगे

बलिया। शराब की सरकारी दुकान के लिए एक ही आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जा सकेगा। एक दुकान के लिए एक आवेदक के एक से अधिक आवेदन होने पर एक को छोड़ कर अन्य को निरस्त करते हुए उनकी प्रोसेसिंग फीस समाहित कर ली जाएगी। एक आवेदक द्वारा एक से अधिक दुकानों के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किए जा सकेंगे, लेकिन एक आवेदक को प्रदेश में अधिकतम दो दुकानें ही ई-लाटरी प्रक्रिया में आवंटित हो सकेंगी। ये दो दुकानें एक ही जनपद अथवा एक से अधिक जनपदों में भी आवंटित हो सकेंगीं।

> बलिया। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आबकारी दुकानों का आवंटन ई-लाटरी के माध्यम से कराए जाने का निर्णय लिया गया है। ई-लाटरी के लिए 27 फरवरी तक पंजीकरण होगा। आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद छह मार्च को ई-लाटरी होगी।
>
> **विजय कुमार शुक्ल, जिला अबकारी अधिकारी, बलिया**

# आज बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**बलिया।** नगर के रामदहिनपुरम, विवेकानंद कालोनी, काजीपुरा के आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र सिविल लाइन बलिया से निर्गत 11 केवी पोषक आवास विकास के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली विभाग ने सूचित किया है कि पुराने जर्जर तारों को बदलने का कार्य 21 फरवरी से 27 फरवरी तक प्रस्तावित है। इसको लेकर प्रातः 10 से शाम पांच बजे तक इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके अलावा हनुमानगंज क्षेत्र में वीसीवी पैनल के सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया जायेगा। इसको लेकर 20 फरवरी को प्रातः 10 बजे शाम पांच बजे तक 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र सिविल लाइन को हनुमानगंज से निर्गत 11 केवी पोषकों से आच्छादित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# मजदूर को आवासीय पट्टा की जमीन पर नहीं मिला कब्जा

**बलिया।** जिलाधिकारी एवं उप जिलाधिकारी सदर से बार-बार गुहार लगाने के बाद भी आवासीय पट्टा की जमीन की पैमाइश नहीं की जा रही है। इससे पट्टाधारक काफी परेशान है। उसे यह समझ में नहीं आ रहा कि आखिर क्या करूं कि आवासीय पट्टा की जमीन की पैमाइश करके कब्जा मिल सके।

बता दें कि फेफना निवासी ऐनुद्दीन उर्फ लल्लू पुत्र स्व. मुश्ताक का 21/09/2018 को मौजा गोविन्दपुर के अराजी नंबर 325स में दो डिस्मिल जमीन आवासीय पट्टा हेतु स्वीकृत हुआ था। बावजूद इसके अब तक राजस्व निरीक्षक एवं क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा आवासीय पट्टा की जमीन की पैमाइश करके कब्जा नहीं कराया गया है। ऐनुद्दीन उर्फ लल्लू ने जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर समेत मुख्यमंत्री पोर्टल एवं संपूर्ण समाधान दिवस पर आवासीय पट्टा की जमीन की पैमाइश करके कब्जा दिलाये जाने को लेकर कई बार प्रार्थना पत्र दिया। उच्चाधिकारियों द्वारा बार-बार आवासीय पट्टा की जमीन की पैमाइश करके कब्जा दिलाने का आदेश दिया गया, लेकिन राजस्व निरीक्षक एवं क्षेत्रीय लेखपाल मामले को लटकाये हुए है। ऐनुद्दीन उर्फ लल्लू ने बताया कि मै मेहनत-मजदूरी करके किसी तरह से अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा हूं। जबसे आवासीय पट्टा की जमीन मिली है, तबसे पैमाइश करके कब्जा दिलाने के लिए अधिकारियों की चौखट पर दस्तक दे रहा हूं, लेकिन अभी तक सिर्फ निराशा ही हाथ लगी है। उन्होंने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए आवासीय पट्टा की जमीन की पैमाइश करके कब्जा दिलाने की मांग किया है।

**निराशा**

**मामले को लटकाये हुए हैं राजस्व निरीक्षक व क्षेत्रीय लेखपाल**

# मेडिकोलीगल बनवाने को भटक रहे पीड़ित

**बलिया।** जिला अस्पताल में रेडियोलाजिस्ट के अभाव में मारपीट सहित अन्य मामले में मेडिकोलीगल बनवाने के लिए पीड़ित भटक रहे हैं। एक सप्ताह पूर्व रेडियोलाजिस्ट डा. संदीप कुमार ने खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर वीआरएस के लिए सीएमओ को आवेदन भेज दिया है।

रेडियोलाजिस्ट के अभाव में मारपीट, पाक्सो एक्ट सहित अन्य मामलों में मेडिकोलीगल के लिए पीड़ितों को मऊ या आजमगढ़ का चक्कर लगाना पड़ रहा है। अल्ट्रासाउंड भी बंद है।

एक दिन में मेडिकोलीगल नहीं बन पा रहा है। इसके कारण पुलिस पर विवेचनाओं का बोझ बढ़ता जा रहा है। जिला अस्पताल में तैनात रेडियोलाजिस्ट की मौत के सात माह बाद डा. संदीप यादव ने चार्ज लिया तो लोगों को लगा कि अल्ट्रासाउंड एवं मेडिकोलीगल के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, लेकिन यह खुशी एक पखवाड़ा भी नहीं रह पाई। रेडियोलाजिस्ट डा. संदीप कुमार खराब स्वास्थ्य के कारण वीआरएस का आवेदन देकर घर चले गए हैं। विभागीय सूत्रों की मानें तो उनका घर इटावा की तरफ है। ज्यादा दूरी होने के कारण वह ट्रांसफर के लिए दबाव बना रहे हैं।

## मारपीट व दुष्कर्म में मेडिकोलीगल जरूरी

**बलिया।** मारपीट के मामले में लोगों की चोटों का पता लगाने के लिए पुलिस चिकित्सकीय परीक्षण कराती है। इसमें हड्डी टूटने, अंदरूनी चोट व दुष्कर्म के मामले में पीड़िता की सही उम्र का पता लगाने के लिए एक्स-रे एवं अन्य जांच की जाती है। उसी रिपोर्ट के आधार पर पुलिस गंभीर धाराओं का प्रयोग करके आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करती है। समय से मेडिकोलीगल रिपोर्ट न मिलना पीड़ित के साथ ही पुलिस के लिए भी परेशानी का कारण बन जाता है।

> शासन से रेडियोलाजिस्ट की मांग पर कुछ दिन पूर्व नई तैनाती हुई थी। लेकिन वह वीआरएस का आवेदन देकर चले गए हैं। प्रदेश में रेडियोलाजिस्ट की कमी है। मेडिकोलीगल न बनने की शिकायत उच्चाधिकारियों से की गई है। इसके लिए लोगों को मऊभेजा जा रहा है।
>
> **डा. विजयपति द्विवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी**

# आग से दो रिहायशी झोपड़ियां जलकर राख



**सिकन्दरपुर।** थाना क्षेत्र के सिसोटार गांव में बुधवार की शाम खाना बनाते समय चूल्हे से निकली चिंगारी से दो रिहायशी झोपड़ी जलकर राख हो गयी। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम को चंदन चौहान के घर की महिलाएं चूल्हे पर खाना बना रही थी, तभी उसमे से निकली चिंगारी से झोपड़ी में आग लग गयी। जब तक घर की महिलाओं ने आस-पास मौजूद लोगों को इसकी जानकारी दी, तब तक आग ने विकराल रूप पकड़ लिया और देखते ही देखते मदन चौहान की रिहायशी झोपडी तक पहुंच गई। जब तक लोग आग पर काबू पाते, तब तक दोनों झोपड़िया जलकर राख हो गई।

इसमें खाने-पीने के सामान के साथ छह हजार रुपए नगद भी जल कर राख हो गया। वही, पीड़ित के परिवार के अनुसार सोने और चांदी के कुछ आभूषण भी जल गए है।

## डीएम ने अभियुक्त के खिलाफ की जिला बदर की कार्रवाई

**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार द्वारा एक अभियुक्त के विरुद्ध जिला बदर की कार्यवाही की गयी है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा जनपद बलिया को अपराध मुक्त बनाने व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक रसड़ा द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के आधार पर अपराधियों पर अंकुश लगाने व क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अभियुक्त संजय सिंह उर्फ बबलू सिंह पुत्र राधा प्रसाद सिंह निवासी प्रधानपुर, थाना कोतवाली रसड़ा, जनपद बलिया को इनके अपराधिक इतिहास व कृत्यों को दृष्टिगत रखते हुए सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक की आख्या उप्र गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम-1970 की धारा 2(ख) व (4) के अंतर्गत जिलाधिकारी द्वारा अभियुक्त संजय सिंह उर्फ बबलू सिंह पुत्र राधा प्रसाद सिंह निवासी प्रधानपुर, थाना कोतवाली रसड़ा, बलिया को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया।

# घरों में ताला लगाकर पुलिस को चकमा दे रहे हमलावर

**तलाश**

**यादव परिवार की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ दर्ज है मुकदमा**

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र के पक्काकोट गांव में बीते दस फरवरी को यादव और मुस्लिम वर्ग के बीच हुई मारपीट के दौरान पुलिस ने पीड़ित यादव परिवार की तहरीर पर कुल छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। लेकिन अभी तक फेफना थाने की पुलिस हमलावरों को गिरफ्तार नहीं कर पायी है। बुधवार को पक्काकोट में पीड़ित यादव परिवार से मिलने कई लोग पहुंचे। इस दौरान यादव परिवार ने बताया कि अभियुक्त खुलेआम गांव में घूम रहे है और धमकी भी दे रहे है। इस संबंध में विवेचक रामअचल यादव ने बताया कि समय-समय पर अभियुक्तों के घर दबिश दी जाती है, लेकिन उनके घरों पर ताला लटकता हुआ मिलता है। वे सभी फरार चल रहे है।

## पूर्व मंत्री ने उठायी इलाज की जिम्मेदारी

**बलिया।** पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने मारपीट में घायल यादव परिवार की सीमा यादव के इलाज की जिम्मेदारी उठाया है। पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने कहा कि इस परिवार के लिए जो भी बन सकेगा, वह करेंगे। पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी के पहुंचने के बाद यादव परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद है।

## वोट की राजनीति में उलझे सपाई

**बलिया।** वैसे गांव में चर्चा का यह विषय बना हुआ है कि यादव और मुसलमान सपा के वोट बैंक माने जाते है। शायद इसलिये सपा का प्रतिनिधि मंडल यादव परिवार से मिलने नहीं पहुंचा। नाम न छापने के सवाल पर एक नेता ने बताया कि इस गांव में सबसे ज्यादा मुस्लिम वोट है। इसलिये नेताजी लोग नहीं जा रहे है कि मुस्लिम वर्ग के लोग नाराज हो जाएंगे।

## भरोसा दिया कि न्याय मिलेगा

**बलिया।** फेफना विधायक संग्राम यादव के पुत्र रोहित यादव पीड़ित यादव परिवार से मिलने पहुंचे थे। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि उन्हें न्याय मिलेगा।

# बीईओ के निरीक्षण में खुली कलई, सात का रोका वेतन

जनसंदेश न्यूज


रेवतीपुर परिषदीय विद्यालय का निरीक्षण करते बीईओ अशोक कुमार गौतम।

**रेवतीपुर।** स्थानीय शिक्षा क्षेत्र में परिषदीय स्कूलों और कस्तूरबा विद्यालय में शासन की मंशा के अनुरूप शैक्षिक गुणवत्ता को परखने के उद्देश्य से बीईओ अशोक कुमार गौतम ने बुधवार को औचक निरीक्षण के सिलसिले में धमक पड़े। जिसके कारण शिक्षकों में अफरा-तफरी मच गई। बीईओ के औचक निरीक्षण में कस्तूरबा के छह शिक्षक एवं एक चपरासी समेत कुल सात के नदारद रहने को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने सभी को तत्काल प्रभाव से नोटिस जारी कर उनसे तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण देने का सख्त निर्देश दिया,साथ ही चेताया कि समय से और संतोषजनक जबाब न देने पर नदारद सभी सातों के वेतन रोकते हुए उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाई की जाएगी। बीईओ के इस सख्त तेवरों एवं कार्यवाई के कारण शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा हुआ है,उन्होंने सभी शिक्षकों को हिदायत दिया कि शैक्षणिक कार्यों में किसी तरह की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, निर्धारित समय तक सभी की विद्यालय में उपस्थिति बेहद जरूरी है।स्कूल का समय से खुलना और बंद होना भी सुनिश्चित होना चाहिए।आज बुधवार को सबसे पहले बीईओ अशोक कुमार गौतम सुहवल के प्राथमिक विद्यालय पूर्वी और कम्पोजिट विद्यालय पहुंचे,जहाँ उन्होंने कक्षाओं, अभिलेखों,परिसर सहित कीचन का निरीक्षण किया और छात्रों से सवाल पूछे,इसके बाद वह रेवतीपुर कम्पोजिट, उत्तरी और रेवतीपुर पूर्वी विद्यालय पर पहुंचे। जहाँ उन्होंने डीबीटी, नामांकन, उपस्थिति, अभिलेखों आदि का निरीक्षण किया।इसके बाद वह सीधे कस्तूरबा विद्यालय पहुंचे। जहाँ उन्होंने सबसे पहले उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया। जिसमें तीन फुल टाईम और तीन पार्ट टाइम शिक्षक और एक चपरासी हाजिर बनाकर विद्यालय से गायब थे। जिसे गंम्भीरता से लेते हुए उन्होंने सभी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। इसके उपरांत उन्होंने कस्तूरबा में पढने वाली छात्राओं के लिए आए खाद्यान्न आदि का सूक्ष्मता से निरीक्षण और उसका भौतिक सत्यापन किया। बीईओ अशोक कुमार गौतम ने बताया कि विद्यालयों के औचक निरीक्षण में कस्तूरबा के छह शिक्षकों और एक गायब रहने पर उन्हें नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मागां गया है,बताया कि शैक्षणिक कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।

## कब्रिस्तान की दीवार गिरने से बच्ची की मौत, एक घायल

**भांवरकोल।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पखनपुरा गांव में मंगलवार की शाम दर्दनाक हादसा हो गया। कब्रिस्तान के मुख्य दरवाजे पर खेल रहे तीन मासूम बच्चे अचानक गेट और दीवार के गिरने से दब गए। इस हादसे में लगभग 10 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। जबकि लगभग सात वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुसर बस्ती के तीन बच्चे कब्रिस्तान के गेट पर खेल रहे थे चंदा, गुड़िया और पवन पखनपुर गांव के बनवासी टोला के बच्चे रोज की तरह कब्रिस्तान के गेट पर खेल रहे थे। इसी दौरान मंगलवार देर शाम को अचानक गेट सहित दीवार भरभराकर गिर गई गेट सहित उसका मालवा बच्चों के शरीर के ऊपर गिर पड़ा। इस हादसे में सुरेंद्र बनवासी (मुसहर) की 10 वर्षीय पुत्री चंदा मलबे में दब गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई। वहीं, इस घटना में गुड़िया 7 वर्षीय पुत्री स्व. श्याम बिहारी बनवासी (मुसहर) गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे तुरंत राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे बचाने के लिए 18 से अधिक टांके लगाए हैं। उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलने पर भांवरकोल थाना प्रभारी विवेक कुमार तिवारी मौके पर पहुंचे और आवश्यक जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी ले ली गई है और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# नकल करते पकड़े गए 13 भावी गुरुजी

**सख्ती**

**पीजी कॉलेज गाजीपुर में बीएड परीक्षा में सख्ती के बाद बड़ी संख्या में परीक्षार्थी गैरहाजिर 20 कॉलेजों का बना है केंद्र**


बीएड परीक्षा के दौरान निरीक्षण करते प्राचार्य प्रो.राघवेंद्र कुमार पाण्डेय।

**गाजीपुर।** पीजी कॉलेज गाजीपुर में बैचलर आफ एजुकेशन (बीएड) परीक्षा के दूसरे दिन 13 नकलची धराएं। जिन्हें कॉलेज प्रशासन ने तत्काल रिस्टीकेट कर दिया। पकड़े गए नकलचियों में अधिकतर बिहार के निवासी है और ज्यादातर लड़कियां है। परीक्षा केंद्र पर सख्ती के कारण लगातार परीक्षार्थी अनुपस्थित हो रहे है। बुधवार को 41 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,जौनपुर से संचालित गाजीपुर स्थित स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 20 बीएड महाविद्यालयों का केंद्र बनाया गया है। बीएड प्रथम सेमेस्टर की द्वितीय प्रश्न पत्र की परीक्षा में बुधवार को 13 भावी गुरूजी नकलच करते पकड़े गए। जिन्हें तत्काल रिस्टीकेट कर दिया गया। वहीं, बीएड परीक्षा में दूसरे दिन पंजीकृत 1578 परीक्षार्थियों में 1537 उपस्थित हुए, 41अनुपस्थित रहे। प्राचार्य प्रोफेसर राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि परीक्षा के दौरान महाविद्यालय परिसर में प्रवेश से पहले सीओ सिटी सुधाकर पाण्डेय की मौजूदगी में पुलिस बल और पीएससी के साथ सघन तलाशी ली गई। छात्रों को मोबाइल, स्मार्टवॉच, पर्स, अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और किसी भी प्रकार के नकल के उपकरण का इस्तेमाल नहीं करने की हिदायत दी गई थी। बताया, नकल करते हुए पकड़े गए परीक्षार्थियों के खिलाफ विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देश के तहत रिस्टीकेशन किया गया। जांच दल में प्रोफेसर (डॉ.) एस. डी. सिंह परिहार, प्रोफेसर (डॉ.) एस.एन. सिंह, प्रोफेसर (डॉ.) अरुण कुमार यादव, डॉ. रामदुलारे, डॉ. योगेश, डॉ. गोपाल यादव और डॉ. शिप्रा श्रीवास्तव, डॉ. प्रतिमा सिंह आदि लोग शामिल रहे।

### नकलची परीक्षार्थी बिहार के निवासी

प्राचार्य राघवेंद्र पाण्डेय ने बताया कि पकड़े गए नकलची परीक्षार्थियों में ज्यादातर बिहार प्रांत के निवासी हैं। जहां बीएड के आधार पर पिछले साल भारी संख्या में शिक्षकों की भर्ती हुई थी। इसके अलावा, आगामी दिनों में शिक्षा विभाग में खुलने वाली वैकेंसी के कारण बिहार के विभिन्न जिलों के छात्रों ने उत्तर प्रदेश के कई स्ववित्तीय कॉलेजों में बीएड में दाखिला लिया है और नकल के सहारे बीएड डिग्री प्राप्त करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि पहले दिन 24 परीक्षार्थी नकल करते पकड़े गए थे। उन्होंने बताया कि यह परीक्षार्थी सिर्फ डिग्री लेने के लिए फार्म भरते है। पढ़ाई लिखाई की जगह यह नकल के भरोसे रहते है।

# ताजपुर मोलना में तीन बजे तक पड़े थे 55 प्रतिशत वोट


ताजपुर मोलना में चुनाव के दौरान निरीक्षण करते अधिकारी।

**सैदपुर।** क्षेत्र के ताजपुर मोलना में ग्राम प्रधान पद के लिए हो रहे उपचुनाव को लेकर बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान कराया गया। इस दौरान सुबह में नियत समय पर मतदान शुरू हुआ। मतदान के पूर्व चुनाव लड़ रहे दोनों प्रत्यशियों के एजेंटों के सामने खाली मतपेटियों को खोलकर दिखाया गया। इसके बाद आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की गई। कार्यवाही के पश्चात मतदान शुरू कराया गया। सुबह में मतदान की गति तेज रही लेकिन दोपहर में कम हो गयी। इस दौरान बतौर सेक्टर मजिस्ट्रेट तहसीलदार देवेन्द्र यादव व नायब तहसीलदार विजयकांत पांडेय ने मतदान कार्य की कुशलता का निरीक्षण करने गांव में बने तीनों बूथों पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान मतदान करा रहे मतदानकर्मियों से आवश्यक जानकारियां लीं और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कहा कि मतदान को पूर्ण रूप से पारदर्शी व निष्पक्ष रूप से कराना ही हमारी प्रतिबद्धता है। इस दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सेक्टर मजिस्ट्रेट देवेंद्र यादव ने बताया कि बुधवार की अपराह्न 3 बजे तक करीब 55 प्रतिशत तक मतदान हुआ है। बताया कि मतदान बिल्कुल शांतिपूर्ण ढंग से हो रहा है। सुरक्षा के लिए भारी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात हैं। बता दें कि गांव में कुल 1757 मतदाता हैं।

## अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

**नंदगंज।** स्थानीय थाने में बुधवार को न्यायालय के आदेश पर एक महिला ने अपने पुत्र की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। न्यायालय विशेष सत्र न्यायाधीश एससी/एसटी ऐक्ट गाजीपुर प्रार्थना पत्र /2024 मराछी देवी पत्नी स्व पूजन राम निवासी ग्राम भवानीपुर थाना रामपुर मांझा जिला गाजीपुर। महिला मराछी देवी पत्नी स्व पूजन राम निवासी ग्राम भवानीपुर थाना रामपुर मांझा ने तहरीर दिया कि मेरा पुत्र कन्हैया राम 7 अगस्त 2024 को अपनी बहन के घर देवकली थाना रामपुर मांझा गया था । दूसरे दिन बहन के घर से अपने घर भवानीपुर के लिए सुबह 8:00 बजे निकला लेकिन घर नही आया, 11 अगस्त 24 की रात 10:31 बजे मेरी बेटी का बेटा यशवंतराज ने बताया कि मामा की लाश सोन्हौली शराब ठेके से लगभग 100 मीटर दूर धान के खेत के बीच में संदिग्ध हाल में मिला है, इतना सुनकर मैं मौके पर गई तो पता चला कि बेटे का शव विच्छेदन हेतु गाजीपुर गया है। बेटे की लाश संदिग्ध हाल में धान के खेत में मिलना तथा उसके बाए आंख के किनारे चोट का निशान से मुझे पूरा विश्वास है कि मेरे बेटे कन्हैया की हत्या करके उसकी हत्या को संदिग्ध बनाने की कोशिश की गई है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष कमलेश कुमार ने कहा कि न्यायालय के आदेश पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# प्रयागराज महाकुंभः बोलेरो और कार में टक्कर, दस लोग घायल

**हादसा**

**नसीरपुर में झपकी आने से महाकुंभ से आ रही बोलेरो ने महाकुंभ के तीर्थयात्रियों से भरी कार में टक्कर मार दी**


नसीरपुर स्थित टक्कर के बाद बोलेरो-कार।

**सैदपुर/ नंदगंज।** थानाक्षेत्र के नसीरपुर में चालक को झपकी आने से महाकुंभ से लौट रहे तीर्थयात्रियों की तेज रफ्तार बोलेरो कुम्भ से ही लौटकर सड़क किनारे खड़ी तीर्थयात्रियों से भरी कार से टकरा गई। जिससे अर्टिका कार में सवार महिलाओं समेत सात लोग व बोलेरो में सवार दम्पति सहित तीन लोग घायल हो गए। सूचना के बाद तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों के सभी 10 घायलों को फौरन सैदपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर कार सवार दो महिलाओं समेत चार को रेफर कर दिया गया। गोरखपुर के दीवान बाजार निवासी 54 वर्षीय संजय अग्रवाल पुत्र स्व द्वारिका नाथ अपने परिवार के साथ महाकुंभ स्नान करने के लिए गए थे। इस दौरान उनके साथ उनकी 50 साल की पत्नी सहित सौम्या अग्रवाल, 63 साल की विभा अग्रवाल, 55 वर्षीय मीरा अग्रवाल, 63 वर्षीय राजेश अग्रवाल व 22 वर्षीय ऋषभ अग्रवाल भी थे। इस बीच बुधवार की भोर करीब 5 बजे वो नसीरपुर में सड़क किनारे गाड़ी खड़ी कर आराम कर रहे थे। इस बीच महाकुंभ से ही आ रही तेज रफ्तार बोलेरो भी आ रही थी। तभी नसीरपुर में गाड़ी चला रहे बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी अर्जुन राय को झपकी आ गयी, जिससे उनकी गाड़ी सड़क किनारे खड़ी कार से जा टकराई। घटना में बोलेरो चालक अर्जुन राय पुत्र शिवशंकर राय, उनकी पत्नी रेखा राय व दिनेश कुमार पुत्र महादेव चौधरी समेत खड़ी कार में सवार संजय व उनका परिवार घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर रात में ही हेड कांस्टेबल सुरेश यादव, रत्नेश सिंह, दुर्गेश तिवारी आदि लोग मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को उपचार के लिए फौरन सैदपुर सीएचसी पहुंचाया।

जहां हालत गम्भीर होने पर संजय की पत्नी समेत 4 को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

## संक्षेप

### प्रधानी उप चुनाव में 60.61 प्रतिशत ने किया मतदान



**रेवतीपुर।** स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र के हसनपुरा गाँव के प्रधान पद के लिए उपचुनाव बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न हो गया। 1757 मतदाताओं में से 1065 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो कुल मतों का 60.61% है। मतदान सम्पन्न होने के बाद मतपेटिकाओं को सीलकर उसे ब्लाक मुख्यालय में बने स्ट्रांग रूम में रखवा दिया गया ।स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में पुलिस के सशस्त्र जवान तैनात किए गये है,मतगणना 21 फरवरी को सुबह आठ बजे से ब्लाक मुख्यालय में की जाएगी । मालूम हो कि बीते कुछ माह पूर्व यहां के प्रधान रहे,उपेंद्र यादव का बीमारी के कारण अस्पताल में निधन हो गया था,जिसके कारण प्रधान का पद रिक्त चल रहा था,इस उपचुनाव में कुल तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में है ।जिनके भाग्य का फैसला 21 फरवरी को ब्लाक मुख्यालय में होने वाले मतगणना में होगा। रिटर्निंग अधिकारी जिला क्रीडा अधिकारी अरविन्द यादव ने बताया कि मतदान सकुशल सम्पन्न हो गया, मतपेटिकाओं कडी सुरक्षा में ब्लाक मुख्यालय वके स्ट्रांग रूम में रखवा दिया गया है।

### 26 से आयोजित होगी कबड्डी प्रतियोगिता

**गाजीपुर।** खेल निदेशालय उ.प्र लखनऊ एवं जिला खेल कार्यालय के तत्वाधान में ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर महिलाओं की कबड्डी प्रतियोगिता नेहरु स्टेडियम गोराबाजार में 26 से 28 फरवरी तक आयोजित की जा रही है। जिसमें प्रदेश के 10 टीमें गाजीपुर, वाराणसी, आजमगढ़, अयोध्या, गोण्डा, गोरखपुर, मऊ, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ की टीमें प्रतिभाग करेगी। उक्त प्रतयोगिता का उद्घाटन सासंद डा. संगीता बलवन्त द्वारा किया जायेगा । प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण 28 फरवरी को दोपहर 12.00 सपना सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष के कर कमलों द्वारा किया जायेगा।

### मृत नवजात बच्ची मिली

**भांवरकोल।** थाना क्षेत्र के जगहतपुर गांव के समीप लाल कपड़े में लिपटी एक मृत नवजात बच्ची मिली। बताया जाता है कि किसी ने लोकलाज के चलते नवजात को रात्रि में कपड़े में लपेटकर सड़क किनारे छोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि बुधवार की सुबह ग्रामीण सुबह गांव से बाहर निकले तो सड़क किनारे एक कपड़े में लिपटी नवजात को देखा। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्राम प्रधान अजय कुशवाहा की तहरीर पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### ऑटो जलाने पर तीन के खिलाफ मुकदमा

**जमानियां।** थाना क्षेत्र के ताजपुर मांझा गांव में एक महिला की सीएनजी ऑटो को जलाने का मामले में पुलिस ने तीन लोगों के विरूद्ध मंगलवार को मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। पीड़िता किरन राय निवासी ताजपुर मांझा ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया कि उनके पति मुकेश राय के नाम से पंजीकृत बजाज ऑटो, जिसे 11 दिसंबर 2023 को रजिस्टर कराया गया था, को 2 फरवरी 2025 की रात गांव के ही कुछ लोगों ने आग के हवाले कर दिया। घटना के समय पीड़िता और उनके परिजन मायके गए हुए थे। घटना के बाद जब पीड़िता को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक अशेष नाथ सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है और तीन नामजद दोषी संजीत, तानी और वाजी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# केंद्रीय बजट विकसित भारत की गति निर्धारित करने का लक्ष्यः विद्यासागर



**गाजीपुर।** केन्द्रीय बजट 2025-2026 जन, जन के उत्थान, देश के विकास, आत्मनिर्भर भारत के निमार्ण के प्रति अमृत काल की अभिव्यक्ति को पूर्ण करने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार का प्रयास है। यह बात आज बजट 2025 पर भाजपा जिला कार्यालय छावनी लाइन पर आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा उप्र के पूर्व महामंत्री, वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद, पूर्व सदस्य विधान परिषद विद्यासागर सोनकर ने कहा उन्होंने कहा कि बजट में आयकर नियमों मे छूट, नये संस्थानों के सृजन, शहरों के समृद्धि तथा आम आदमी की आय को बढ़ाने, सरकार की योजनाओं से गरीबों किसानों, महिलाओं, मजदूरों के कल्याण के लिए सरकार ने बजट में व्यवस्था बनाई है। जिससे लोगों की आय बढ़ेगी और जीवन स्तर उठेगा। पूर्व सांसद ने कहा कि मेक फार इंडिया को मेक फार वर्ल्ड करने का देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रयास है। भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है, जिससे देश की आर्थिक स्थिति मजबूत तथा विकास कार्य बड़े पैमाने पर हो रहे हैं और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ओर बढ़ रहा है। मानव संसाधन क्षमता का विकास आर्थिक वृद्धि का तीसरा महत्वपूर्ण स्तंभ है, इसी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण-2 कार्यक्रमों को सशक्त बनाया गया है। बजट में प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना की घोषणा कृषि उत्पादकता को बढ़ाने, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने में मदद करेंगी। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में रोजगार की कमी को दूर करने के लिए एक व्यापक बहु क्षेत्रीय ग्रामीण समृद्ध और लचीलापन कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। जिससे कौशल विकास, निवेश और तकनीकी माध्यम से कृषि में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। केंद्रीय बजट विकसित भारत की गति निर्धारित करने का लक्ष्य रखता है ।और यह बजट स्वीकार करता है कि देश की शक्ति उसके लोगों में निहित होती है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, सांसद राज्यसभा डा संगीता बलवंत,पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी राय, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, पूर्व प्रदेश मीडिया संपर्क प्रमुख नवीन श्रीवास्तव तथा जिला मीडिया प्रभारी शशिकांत शर्मा उपस्थित थे।

# दो नाबालिग लड़की को लेकर आरोपी फरार

**जमानियां।** थाना क्षेत्र के एक स्थान से दो नाबालिग लड़कियों को दो युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गए थे। पीड़ित परिवार के तहरीर पर पुलिस ने मंगलवार को आरोपी दो युवक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। नाबालिग की माता ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि उसकी दो पुत्रियां 13 और 14 वर्ष की है। जो एक स्कूल में पढ़ती हैं, लंबे समय से पड़ोस के दो युवक परेशान कर रहे थे। दोनों आरोपी उनकी बेटियों को डराते-धमकाते थे, जिसके कारण वे कुछ कहने की हिम्मत नहीं जुटा पाती थीं। पीड़ित मां ने बताया कि, 16 फरवरी की रात करीब 11:30 बजे उनकी बेटियां घर से भागने की कोशिश कर रही थीं। जब परिवार के लोग जागे और उन्हें खोजने निकले तो घर के अंदर ही युवक और उनकी एक पुत्री पकड़ी गई। जबकि एक युवक मौके से फरार हो गया। परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि ये आरोपी शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो लड़कियों को बहला-फुसलाकर भगाने और उनका शोषण करने का काम करते हैं। पीड़िता ने पुलिस से दोनों आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने और न्याय दिलाने की मांग की है।

> मामले की जांच की जा रही है और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, फरार आरोपी की तलाश में उसकी संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।
>
> **थाना प्रभारी अशेष नाथ सिंह**

# यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी अलर्ट

## जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को नकलविहीन परीक्षा कराने का दिया निर्देश


राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में शिक्षिकाओं को संबोधित करतीं डीएम आर्यका अखौरी।

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** डीएम आर्यका अखौरी की अध्यक्षता एवं एसपी डा. ईरज राजा की उपस्थिति में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा को नकलविहीन कराने के संबंध में राजकीय बालिका इण्टर कालेज महुआबाग के सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे डीएम ने बताया कि परीक्षा 24 फरवरी से 12 मार्च तक संचालित होगी। संबधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा प्रेषित प्रश्नपत्रों को प्राप्त करने, उन्हे पुलिस अभिरक्षा मे सुरक्षित स्थान पर सीसीटीबी के निगरानी मे रखना है। डीएम ने कहा कि प्रश्नपत्रों को परीक्षा केन्द्रों पर डबल लाक वाले स्टील/लोहे की आलमारी मे रखा जाए। प्रश्नपत्रों को परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने पर डबल लाक की आलमारी मे जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नामित स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक की उपस्थिति में परीक्षा केन्द्रो पर रखवाया जाय तथा डबल लाक वाली आलमारी मे पेपर सील से बंद किया जाय। डीएम आर्यका अखौरी ने नामित समस्त जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट/सचल दल /समस्त केन्द्र व्यावस्थापक/ वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक को बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन कराने का निर्देश दिया।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वि./रा. दिनेश कुमार, एसपी सिटी ज्ञानेन्द्र प्रसाद, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक भाष्कर मिश्रा, समस्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, के अतिरिक्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### 196 केंद्रों पर 32 सेक्टर मजिस्ट्रेट

उन्होंने बताया कि जनपद मे हाई स्कूल में 67 हजार 348 एवं इण्टरमीडियएट में 77 हजार 024 कुल 1 लाख 44 हजार 372 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मलित होगें । परीक्षा के लिए 196 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। जिसमें 9 जोनल मजिस्ट्रेट, 32 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 196 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 7 सचल दल, 7 रात्रि कालीन सचलदल, 196 केन्द्रव्यवस्थापक/ वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक लगाये गये है। सभी परीक्षा केन्द्रो पर 1-1 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये गये है।

### सीसीटीवी कैमरे से रखी जाएगी निगरानी

बताया कि जनपद स्तर पर एक कन्ट्रोल रूम नं0-9532663497 राजकीय सिटी इण्टर कालेज में स्थापित किया गया है । कन्ट्रोल रूम से ही जनपद मे संचालित 196 परीक्षा केन्द्रो की सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी रखी जायेगी।

पुलिस अधीक्षक ने किसी भी अप्रिय घटना की आशंका होने पर तत्काल पुलिस बल तथा बनाये गये कन्ट्रोल रूम को सूचित करने का निर्देश दिया।

### एसडीएम परीक्षा की समाप्ति के बाद रहेंगे चौकस

डीएम ने परीक्षा केन्द्रों पर लाईट, जनरेटर, सीसीटीवी की उपलब्धता पूर्व में निरीक्षण कर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समस्त उपजिलाधिकारी एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा की समाप्ति के एक घन्टे बाद तक परीक्षा केन्द्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं के सील बन्द/ मोहर होने से लेकर निर्धारित स्थान पर जमा कराने तक पूरी चौकसी बरतेंगे। फ्लाईंग स्क्वायर्ड टीम परीक्षा के प्रारम्भ से समाप्ति तक के समय तक चक्रमरण करती रहेगी।

# अमृत सरोवर घोटालेबाजों से होगी रिकवरी

**कसा शिकंजा**

**सीडीओ ने शिकायत के बाद करायी थी जांच, दोषी छह अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई का दिया था आदेश**

**रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक, सचिव, ग्राम प्रधान, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी और खंड विकास अधिकारी दोषी पाए जाने पर जांच अधिकारी के समक्ष रख रहे अपना पक्ष**

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** मरदह विकास खंड के हैदरगंज गांव में अमृत सरोवर योजना के घोटाले में दोषियों से रिकवरी की तैयारी शुरू हो गई। सीडीओ ने

घोटालेबाज अधिकारियों और कर्मचारियों समेत ग्राम प्रधान से रिकवरी का आदेश दे दिया है। जांच में दोषी पाए गए अधिकारी और कर्मचारी जांच अधिकारी के सामने अपना पक्ष रख रहे है। हैदरगंज गांव निवासी शिकायतकर्ता जीउत बंधन राम ने बीते पांच सितंबर को डीएम को दिए प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि सरार उर्फ हैदरगंज में ग्राम प्रधान ने गांव के पोखरी गाटा संख्या 1189 पर अमृत सरोवर निर्माण के लिए पोखरे की खुदाई किए बिना जेसीबी मशीन से पोखरे के किनारे की मिट्टी को साफ कराए। जबकि उक्त पोखरे की मिट्टी की खुदाई और ढुलाई का कार्य पूर्व से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के निर्माण में यूपीडा द्वारा प्रयोग किया जा चुका है। शिकायत के बाद ग्राम प्रधान ने कुछ मनरेगा मजदूरों को कार्य पर लगाकर फोटो खिचवाया। ताकि गलत तरीके से फर्जी मस्टरोल पर भुगतान कराया जा सके। आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान अपने चहेतो के खाते में मनरेगा की धनराशि भेजकर चार लाख 8 हजार 825 रूपए गबन कर लिया।

> अमृत सरोवर योजना में घोटाले के आरोपों की जांच के बाद दोषियों से रिकवरी के कार्रवाई की तैयारी चल रही है। जांच में दोषी सभी अपना पक्ष रख रहे हैं। जल्द ही नियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।
>
> **सीडीओ संतोष कुमार वैश्य**

### जांच में मिले दोषी अधिकारी और कर्मचारी

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के आदेश पर अमृत सरोवर घोटाले की जांच मुख्य विकास अधिकारी को सौपी गई थी। मुख्य विकास अधिकारी ने अपनी जांच में ग्राम प्रधान रामायन यादव सहित संबंधित ब्लाक कर्मचारी व अधिकारी को दोषी पाया। रिपोर्ट के आधार पर सीडीओ ने बीते 10 जनवरी को रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक, सचिव, ग्राम प्रधान, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) और खंड विकास अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया था।

## जनसंपादकीय

# मणिपुर में क्या बदलेंगे हालात?

दिनकर कुमार



मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के इस्तीफा देने के चार दिन बाद 13 फरवरी को इस पूर्वोत्तर राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया, जो पिछले दो वर्षों से जातीय हिंसा से प्रभावित है। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से रिपोर्ट मिलने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत एक घोषणा जारी की।

मणिपुर सरकार के एक बयान में कहा गया है कि 'मणिपुर विधानसभा निलंबित अवस्था में रहेगी।' एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि विधानसभा को भंग नहीं किया गया है। राज्य विधानसभा का कार्यकाल 2027 तक है। प्रशासनिक और अन्य सुरक्षा संबंधी निर्णय अब राज्यपाल भल्ला द्वारा लिए जाएंगे।

9 फरवरी को गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक के बाद एन. बीरेन सिंह के पद से हटने के बाद से राज्य में राजनीतिक संकट पैदा हो गया था। राज्य भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेतृत्व श्री सिंह की जगह लेने के लिए वैकल्पिक नेतृत्व पर आम सहमति बनाने में विफल रहा।

राज्य में कुकी-जो जनजाति और मैतेई लोगों के बीच 3 मई, 2023 को भड़की जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और लगभग 60,000 लोग विस्थापित हुए हैं।

पिछली बार जब राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया गया था, तो यह 277 दिनों तक लागू रहा था - 2 जून, 2001 से 6 मार्च, 2002 तक।

कांग्रेस ने कहा कि वह पिछले 20 महीनों से मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर रही थी, लेकिन केंद्र सरकार ने ऐसा तभी किया जब राज्य के समाज के ताने-बाने को गंभीर रूप से नुकसान पहुंच गया।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, 'यह तब हुआ है जब सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में संवैधानिक तंत्र के पूरी तरह से ध्वस्त होने की बात कही थी, जिसमें 3 मई, 2023 से अब तक 300 से ज्यादा लोगों की हत्या और 60,000 से ज्यादा पुरुषों, महिलाओं और बच्चों का विस्थापन हुआ है। यह तब हुआ है जब मणिपुर के समाज के ताने-बाने को पूरी तरह से नष्ट नहीं तो गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त होने दिया गया है।' उन्होंने आगे कहा कि 'केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर को संभालने में स्पष्ट रूप से विफल रहे हैं।'

कुकी-जो संगठन आईटीएलएफ के गिन्जा वुअलजोंग ने कहा कि मुख्यमंत्री को बदलने की तुलना में राष्ट्रपति शासन बेहतर है। 'राष्ट्रपति शासन के साथ, मेरा मानना है कि हिंसा को समाप्त करने के लिए जमीनी स्तर पर काम शुरू हो जाएगा, जो राजनीतिक संवाद के लिए अनुकूल माहौल का मार्ग प्रशस्त करेगा।'

मणिपुर सीपीआई(एम) इकाई ने कहा कि राष्ट्रपति शासन को तत्काल हटाया जाना चाहिए और जल्द से जल्द नए चुनाव कराए जाने चाहिए। सीपीआई(एम) राज्य समिति सचिव शांता ने संवाददाताओं से कहा कि पार्टी, अन्य समान विचारधारा वाली पार्टियों के साथ, राष्ट्रपति शासन के दौरान राज्य की क्षेत्रीय अखंडता के लिए खड़ी रहेगी।

श्री शांता ने कहा, 'सीपीआई(एम) और सभी संबद्ध पार्टियां राष्ट्रपति शासन के दौरान मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता के लिए खड़ी रहेंगी और राज्य को तोड़ने के किसी भी प्रयास की अनुमति नहीं दी जाएगी।'

उन्होंने कहा कि विधायकों के बीच सत्ता की स्वार्थी चाहत ने राज्य को ऐसी स्थिति में ला खड़ा किया है।

आदेश जारी होने से कुछ मिनट पहले पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता एन. बीरेन सिंह ने एक्स पर एक संदेश पोस्ट किया जिसमें कहा गया था कि राज्य में अवैध प्रवजन बढ़ रहा है।

'हमारी भूमि और पहचान खतरे में है। कम आबादी और सीमित संसाधनों के साथ हम असुरक्षित हैं। मैंने 2 मई, 2023 तक लगातार अवैध अप्रवासियों की निगरानी और पता लगाया। लेकिन 3 मई, 2023 की दुखद घटनाओं के बाद हमारी राज्य मशीनरी प्रभावी ढंग से जवाब देने के लिए संघर्ष कर रही है। म्यांमार के साथ एक बिना सुरक्षा वाली 398 किलोमीटर की सीमा और फ्री मूवमेंट रिजीम मणिपुर के जनसांख्यिकीय संतुलन को तेजी से बदल रहे थे। यह अटकलें नहीं हैं, यह हमारी आंखों के सामने हो रहा है। मार्च 2017 में हमारी सरकार के कार्यभार संभालने के बाद से चुनौती और भी बढ़ गई है। 3 मई, 2023 की घटना के बाद स्थिति और भी गंभीर हो गई है, 'श्री सिंह ने कहा।

उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से गंभीरता से ध्यान देने और मणिपुर से अवैध प्रवासियों का पता लगाने और उन्हें निर्वासित करने के प्रयासों को तेज करने का आग्रह किया, उन्होंने कहा कि वह इस लड़ाई को अटूट प्रतिबद्धता के साथ जारी रखेंगे।

घाटी स्थित मैतेई संगठन मणिपुर अखंडता पर समन्वय समिति ने कहा है कि राष्ट्रपति शासन लागू करने का कदम मणिपुर, विशेष रूप से मैतेई समुदाय को सीधे सैन्य नियंत्रण में रखने के भयावह एजेंडे की ओर इशारा करता है। इसने एक नई लोकप्रिय सरकार चुनने के लिए समयबद्ध प्रक्रिया की मांग की।

दूसरी ओर, मणिपुर में कुकी जनजातियों के शीर्ष संगठन कुकी इंपी मणिपुर ने राष्ट्रपति शासन का स्वागत किया, लेकिन एक अलग प्रशासन की अपनी मांग दोहराई।

'कुकी इंपी मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करने को एक आवश्यक हस्तक्षेप के रूप में स्वीकार करता है, हालाँकि यह बहुत पहले से ही लंबित था। पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली मणिपुर राज्य सरकार के तहत कानून और व्यवस्था के पतन के परिणामस्वरूप कुकी-जो लोगों को अपूरणीय क्षति पहुंची। हम इस कदम की सराहना करते हैं, लेकिन हम दृढ़ता से दोहराते हैं कि न तो एन बीरेन सिंह का इस्तीफा और न ही राष्ट्रपति शासन लागू करने से भारतीय संविधान के अनुच्छेद 239 (ए) के तहत एक अलग प्रशासन की हमारी दृढ़ मांग में कोई बदलाव आएगा,' एक बयान में कहा गया।

एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद, कुकी-जो समूह राष्ट्रपति शासन के पक्ष में रहे हैं, न कि मणिपुर के किसी अन्य भाजपा नेता को मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त करने के, उनका कहना है कि एक और मैतेई मुख्यमंत्री स्वीकार्य विकल्प नहीं होगा।

'राष्ट्रपति शासन लागू करना, एक कदम आगे होते हुए भी, गहरे संकट को हल नहीं करता है। सच्चा न्याय केवल कुकी-जो लोगों के भारत के नागरिक के रूप में अधिकारों और विशेषाधिकारों की पूर्ण मान्यता के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है - एक अलग प्रशासन प्रदान करके जो हमारी सुरक्षा, सम्मान और सही शासन सुनिश्चित करता है,' केआईएम ने कहा।

सरकारी प्रतिष्ठान के सूत्रों ने सुझाव दिया है कि राष्ट्रपति शासन की अवधि का उपयोग पहाड़ियों और घाटी दोनों में व्यापक रूप से फैले हथियारों को बाहर निकालने के लिए व्यापक अभियान शुरू करने के लिए किया जा सकता है।

मणिपुर अखंडता पर समन्वय समिति ने केंद्र सरकार की असली मंशा पर सवाल उठाया।

'राज्य में भाजपा के पूर्ण बहुमत होने के बावजूद भारत सरकार द्वारा मणिपुर में अचानक और अनुचित तरीके से राष्ट्रपति शासन लागू करना, मणिपुर को और अधिक अशांति में धकेलने की एक जानबूझकर की गई चाल के रूप में देखा जा सकता है। यह कदम केंद्र सरकार की असली मंशा पर गंभीर सवाल उठाता है, क्योंकि यह वास्तविक मुद्दों को संबोधित करने के बजाय अपने स्वयं के भाजपा विधायकों की कथित अक्षमता पर दोष मढ़ता है,' इसने एक बयान में कहा।

यह स्पष्ट सत्ता हथियाने का प्रयास मणिपुर, विशेष रूप से मैतेई समुदाय को सीधे सैन्य नियंत्रण में रखने के एक भयावह एजेंडे को इंगित करता है। हमारा संगठन एक नए नेता को चुनने और जल्द से जल्द एक लोकप्रिय सरकार को बहाल करने के लिए तत्काल और समयबद्ध प्रक्रिया की मांग करता है। ऐसा न करने पर मणिपुर में भाजपा के हर विधायक और नेता को अपनी राजनीतिक गैरजिम्मेदारी और विश्वासघात के लिए सीधे तौर पर लोगों के सामने जवाबदेह ठहराया जाएगा। मणिपुर के लोगों को सैन्य शासन के तहत उन्हें अधीन करने के किसी भी प्रयास के खिलाफ सतर्क और एकजुट रहना चाहिए,' बयान में कहा गया है।

**( लेखक पूर्वोत्तर में जनसंदेश टाइम्स के प्रतिनिधि हैं)**

---

**(बिहार और तेलंगाना की जाति जनगणना के ये ताजा आंकड़े कुछ तथ्यों को पूरी तरह स्पष्ट कर देते हैं। पहला यह कि देश में अन्य पिछड़ा वर्ग की आबादी समग्रता में 50 प्रतिशत से अधिक है। दूसरा- अनुसूचित जाति और जनजातियों दोनों आबादियों का कुल अनुपात 30 प्रतिशत के आसपास है। तीसरा- सामान्य श्रेणी की जातियों की आबादी 20 प्रतिशत के भीतर है। तेलंगाना में सामान्य श्रेणी के मुसलमानों की आबादी 2.48 प्रतिशत है। यदि इसे भी सामान्य जाति की श्रेणी में जोड़ दिया जाये तब भी सामान्य जातियों की आबादी 22 प्रतिशत के आस पास तक ही जाती है।)**

# जाति आधारित जनगणना कराने को दबाव बढ़ा

प्रसंगवश

डा. गिरीश



बिहार के बाद अब तेलंगाना में जातिगत जनगणना संपन्न होने के बाद उसके आंकड़े जारी किये गये हैं। इससे एनडीए की केन्द्र सरकार और भाजपा नीत राज्य सरकारों पर जातिगत जनगणना कराने का दबाव बढ़ गया है। साथ ही इसने सामाजिक आर्थिक परिवर्तन को धरातल पर उतारने संबंधी कई संभावनाएं पैदा कर दी हैं। आंकड़े जारी होते ही इस संबंध में यद्यपि कई विवाद भी सामने आने लगे हैं। फिर भी इसका विश्लेषण और मूल्यांकन शुरू हो गया है। ये दोनों ही राज्य भौगोलिक रूप से यद्यपि एक दूसरे से काफी फासले पर हैं। एक देश के धुर उत्तर में है तो दूसरा दक्षिणवर्ती राज्य है। लेकिन दोनों के कई आंकड़े लगभग समान तो हैं ही, प्रचलित धारणाओं से भी बहुत भिन्न नहीं हैं। साथ ही इन आंकड़ों के सामने आने से अनेक तरह के भ्रमों पर से भी चादर हटी है। पर इतना तो तय है कि इनके आधार पर राजनैतिक- आर्थिक और सामाजिक फैसले लेने में आसानी अवश्य होगी। बशर्ते कि फैसले लेने वालों की इच्छाशक्ति हो।

तेलंगाना का यह जातिगत सर्वेक्षण नवंबर और दिसंबर 2024 के दरम्यान उच्च न्यायालय के सेवानिव्रत्त न्यायधीश श्री शमीम अख्तर की अध्यक्षता वाले आयोग ने किया था, जिसकी रिपोर्ट मंत्री श्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट उपसमिति को सौंपी गयी उपर्युक्त मंत्री ने 3 फरबरी 2025 को इन आंकड़ों को सार्वजनिक कर दिया।

तेलंगाना के जातिगत सर्वेक्षण के अनुसार राज्य की 56.33 प्रतिशत आबादी पिछड़ा वर्ग ( ओबीसी ) से संबन्धित है, जिसमें 10.08 प्रतिशत मुस्लिम ओबीसी भी शामिल हैं। इनमें वे लोग भी शामिल हैं जिन्होने ईसाई धर्म अपना लिया है। तेलंगाना में अनुसूचित जाति के लोगों की आबादी 17.45 प्रतिशत है तो अनुसूचित जनजातियों की आबादी 10.45 प्रतिशत है। सामान्य जातियों की आबादी वहां 15.79 प्रतिशत है।

इन आंकड़ों के जारी होते ही वहाँ राजनीति भी शुरू हो गयी है। तेलंगाना की दो विपक्षी पार्टियों- भारत राष्ट्र समिति ( इफ्र ) और भारतीय जनता पार्टी ( इखढ ) ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया है कि उसने आंकड़ों में अपनी सुविधानुसार खेल किया है। भाजपा का आरोप है कि इस सर्वेक्षण में पिछड़ी जातियों की संख्या को जानबूझ कर घटा दिया है और मुस्लिम्स को पिछड़ी जातियों में शामिल करने की साजिश रची गयी है। वहीं बीआरएस का आरोप है कि उसकी सरकार द्वारा कराये गये 'समग्र कुटुम्ब सर्वे' की तुलना में पिछड़ों की संख्या 5.5 प्रतिशत ( 22 लाख ) कम कर दी गई है। कांग्रेस सरकार ने इस पर सफाई भी पेश कर दी है।

बिहार की जातिगत जनगणना 2023 में हुयी थी। यहां पिछड़ा वर्ग की आबादी 63.13 प्रतिशत है जबकि अनुसूचित जाति की आबादी 19.65 प्रतिशत है। अनुसूचित जनजाति की आबादी यहां मात्र 1.68 प्रतिशत है जबकि सामान्य जातियों की आबादी 15.52 प्रतिशत है। तेलंगाना और बिहार की जाति संख्या में थोड़ा अंतर इसलिए दिखाई पड़ रहा है कि बिहार के विभाजन से पिछड़ा वर्ग बहुल इलाका बिहार के पास रह गया तो अनुसूचित जनजाति बहुल इलाका झारखंड राज्य के पास चला गया। अतएव बिहार में ओबीसी का अनुपात अधिक है और अनुसूचित जनजातियों का अनुपात कम है।

स्पष्ट है कि विशाल आकार के इस देश का जाति- विन्यास एक दूसरे के दूरवर्ती क्षेत्रों में भी काफी समानता लिये हुये है। मुस्लिमों की आबादी के मामले में भी दोनों राज्यों में समानता है।

इन आंकड़ों से यह भी स्पष्ट हो जाता है कि ये राष्ट्रीय स्तर पर पूर्व में किए गये सर्वेक्षणों से भी मेल खाते हैं। ये 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण' के अनुमानों और 1931 में आयोजित आधिकारिक जाति जनगणना के भी अनुरूप हैं। ज्ञातव्य हो कि अपने देश में अंतिम जाति जनगणना अंग्रेजों के समय 1931 में हुयी थी। आज भी जातियों की संख्या के संबंध में 1931 की जनगणना के आंकड़ों का ही सहारा लिया जाता है। ज्ञात हो कि 1931 की जनगणना के अनुसार, देश में 52 प्रतिशत लोग पिछड़ा वर्ग से थे। ये आंकड़े आज भी कमोवेश उतने ही हैं।

बिहार और तेलंगाना की जाति जनगणना के ये ताजा आंकड़े कुछ तथ्यों को पूरी तरह स्पष्ट कर देते हैं। पहला यह कि देश में अन्य पिछड़ा वर्ग की आबादी समग्रता में 50 प्रतिशत से अधिक है। दूसरा- अनुसूचित जाति और जनजातियों दोनों आबादियों का कुल अनुपात 30 प्रतिशत के आसपास है। तीसरा- सामान्य श्रेणी की जातियों की आबादी 20 प्रतिशत के भीतर है। तेलंगाना में सामान्य श्रेणी के मुसलमानों की आबादी 2.48 प्रतिशत है। यदि इसे भी सामान्य जाति की श्रेणी में जोड़ दिया जाये तब भी सामान्य जातियों की आबादी 22 प्रतिशत के आस पास तक ही जाती है।

यहां हम यह भी बतला दें कि आंध्र प्रदेश में भी जातिगत सर्वेक्षण चल रहा है और अन्य राज्यों में भी इसकी मांग जोर पकड़ती जा रही है। इससे भाजपा शासित राज्य सरकारों पर जातिगत सर्वेक्षण कराने का दबाव बढ़ गया है। पर सर्वाधिक दबाव इस बात के लिये है कि देश की सामान्य जनगणना तत्काल शुरू हो और उसके तहत ही जातिगत जनगणना हो।

जैसा कि हम पहले कह चुके हैं कि इन आंकड़ों के आधार पर कई संभावनाओं पर चर्चा अवश्यंभावी है। क्योंकि वर्तमान राजनैतिक परिद्रश्य में हम क्रीमीलेयर के सवाल पर अधिक चर्चा नहीं कर सकते, लेकिन जिन्हें विकास की मुख्यधारा में आने का अवसर नहीं मिला उस पर तो चर्चा आगे बढ़ेगी ही। इनमें से जो समुदाय सामाजिक और शैक्षिक रूप से अभी भी पिछड़े हुये हैं, उन्हें मुख्यधारा में लाना ही होगा। उन्हें मुख्य धारा में लाये बिना समेकित विकास कठिन है। शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में उनके लिए अवसर खोलने होंगे। पिछड़े मुस्लिमों पर भी ध्यान केन्द्रित करना होगा। यह वर्गीय द्रष्टि से भी उचित होगा। क्योंकि कामकाजी वर्ग भी पिछड़ों, पिछड़े मुस्लिमों, अति पिछड़ों, अनुसूचित जातियों और जनजातियों से अधिक आते हैं।

साथ ही हमें तेजी से हो रहे आर्थिक परिवर्तनों को भी संज्ञान में लेना होगा। क्रषी भूमि के आपसी बंटवारे से जोतें छोटी दर छोटी होती जा रही हैं। इससे किसानों का एक भाग भूमिहीन की श्रेणी में आ गया है। भूमंडलीकरण, नोटबंदी, कोरोना महामारीजनित दुष्प्रभावों और रुपये की कीमत में हुयी अभूतपूर्व गिरावट जैसे कारकों के चलते सामान्य जातियों का एक भाग भी दयनीय दशा में पहुंच चुका है। व्यावहारिक और सोद्देश्य सामाजिक न्याय को वजूद में लाने को ऐसे सभी कारकों को भी ध्यान में रखना होगा।

**इन आंकड़ों के आधार पर कई संभावनाओं पर चर्चा अवश्यंभावी है। क्योंकि वर्तमान राजनैतिक परिद्रश्य में हम क्रीमीलेयर के सवाल पर अधिक चर्चा नहीं कर सकते, लेकिन जिन्हें विकास की मुख्यधारा में आने का अवसर नहीं मिला उस पर तो चर्चा आगे बढ़ेगी ही। इनमें से जो समुदाय सामाजिक और शैक्षिक रूप से अभी भी पिछड़े हुये हैं, उन्हें मुख्यधारा में लाना ही होगा। उन्हें मुख्य धारा में लाये बिना समेकित विकास कठिन है। शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में उनके लिए अवसर खोलने होंगे।**

जातिगत सर्वेक्षण से निकले आंकड़े यद्यपि प्रचलित अनुमानों से भिन्न नहीं हैं। पर दो राज्यों द्वारा ये सर्वेक्षण करा देने और अन्य एक राज्य में जारी रहने से केन्द्र सरकार के ऊपर जातिगत जनगणना कराने का दबाव बड़ गया है। वास्तव में इन सर्वेक्षणों ने जातिगत जनगणना की मांग के लिये उत्प्रेरक का काम किया है। सच कहा जाये तो सर्वेक्षण ने इस मुद्दे को देश की राजनीति के केन्द्र में ला दिया है।

अब अगर केन्द्र सरकार जातिगत जनगणना कराने अथवा उसे कुछ समय तक टालने का प्रयास करती है तो अवश्य ही उसे इसका खामियाजा भुगतना होगा। निश्चय ही इससे ये धारणा मजबूत होगी कि भाजपा सामाजिक शैक्षिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के प्रति संवेदनशील नहीं है। धर्म की आड़ में लोगों को भ्रमित करने का उसका षडयंत्र तार तार हो सकता है।

इस मुद्दे पर तमाम बाहरी और आंतरिक दबाव झेल रही भाजपा नीत केन्द्र सरकार के सामने एक संकट यह भी है कि यदि वह जातिगत जनगणना कराने का फैसला लेती है तो इसके लिये लगातार मांग उठाती रही भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी एवं अन्य विपक्षी पार्टियां इसे अपनी जीत के रूप में पेश करेंगीं। दूसरों की उपलब्धियों को अपनी झोली में डालने की आदी बन चुकी भाजपा भला इसे कैसे बर्दाश्त कर पायेगी। भाजपा हर हाल में विपक्षी दलों को इसका श्रेय देने से बचना चाहेगी।

जातिगत जनगणना कराने को केन्द्र सरकार पर विपक्षी दलों का दबाव पहले से ही काफी अधिक है। गत दिनों में यह और भी तीव्र हुआ है। पर अब एक कांग्रेस शासित राज्य द्वारा जातिगत आंकड़े जारी करने से इस दबाव का और भी बढ़ना अवश्यंभावी है।

समय और स्थितियों का तकाजा यह है कि विपक्षी दलों को इस दबाव को अब और तेज कर देना चाहिए। इसके लिये जन लामबन्दी और आंदोलन तेज करने की फौरी जरूरत है। इंडिया गठजोड़ को भी इसे मुख्य मुद्दा बनाने में देरी नहीं करनी चाहिये। वक्फ बिल, कश्मीर को राज्य का दर्जा, निरंतर गिरती अर्थव्यवस्था, बेरोजगारी, महंगी शिक्षा और स्वास्थ्य, महंगाई, लोकतन्त्र और संविधान की रक्षा, शासकीय हिंसा और आपसी सौहार्द जैसे सवालों के साथ संयुक्त संघर्ष चलाया जाना चाहिये।

तभी हम सामाजिक न्याय को धरातल पर उतार सकते हैं। सामाजिक न्याय का संघर्ष ही एनडीए सरकार और आरएसएस के फासीवाद की ओर बढ़ते कदमों पर लगाम लगा सकता है।

**(लेखक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव हैं, संपर्क 70558 93132)**

---

# भारत की ये जमीन आखिर किसकी है?

प्रसंगवश

राम पुनियानी



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टॉलिन ने पूर्व-आधुनिक इतिहास पर नए शोध के आधार पर कहा है कि पुरातत्वविदों के अनुसार लौह युग सबसे पहले तमिलनाडु में शुरू हुआ था. तमिलनाडु में 5,300 साल पहले लोहा गलाया जाता था. अधिक सटीक अध्ययनों के अनुसार 3345 ईसा पूर्व में इस इलाके में सबसे पहले लोहे का इस्तेमाल शुरू हुआ. स्टॉलिन ने कहा कि यह खोज भारतीय उपमहाद्वीप के इतिहास की हमारी समझ को एक नया आयाम देती है. उन्होंने गर्व से कहा, 'मैं लगातार यह कहता आया हूँ कि भारत का इतिहास तमिलनाडु ने लिखा है'. उनके वक्तव्य से यह साफ है कि पुरातात्विक शोध से ऐतिहासिक आख्यान किस हद तक प्रभावित होते हैं. मगर प्रश्न यह है कि आज हजारों साल बाद इस बात का कितना महत्व होना चाहिए.

कई राष्ट्रवादी व नस्लवादी प्रवृत्तियां इस आधार पर समाज में अपना वर्चस्व स्थापित करना चाहती हैं कि 'वे' उस देश में सबसे पहले आए थे. श्रीलंका में सिंहलियों एवं तमिल हिन्दुओं के बीच टकराव में तमिल हिन्दू, सिंहली नस्लवादी राष्ट्रवाद के शिकार बने थे. इस राष्ट्रवाद के पैरोकारों का दावा था कि चूंकि सिंहली वहां पहले आए थे इसलिए श्रीलंका उनका है.

इस मामले में भारत का हिन्दू राष्ट्रवाद भी कोई अलग नहीं है. उसने भी इस्लाम और ईसाई धर्म के 'विदेशी' होने का हौवा खड़ा किया है. वह हिन्दुओं और आर्यों को एक मानता है और यह दावा करता आया है कि आर्य भारतीय भूमि के मूल निवासी हैं. यह दावा आरएसएस के द्वितीय सरसंघचालक एमएस गोलवलकर ने अपनी पुस्तक 'व्ही ऑर अवर नेशनहुड डिफाइंड' में किया है. उन्होंने लिखा, 'किसी भी विदेशी नस्ल के आक्रमण के आठ या शायद दस हजार साल पहले से हम हिन्दुओं का इस भूमि पर निर्विवाद एवं अबाधित कब्जा रहा है और इसलिए यह भूमि हिन्दुस्तान यानी हिन्दुओं की भूमि कहलाती है.' (गोलवलकर, 1939, पृष्ठ 6)

इसके विपरीत, लोकमान्य बालगंगाधर तिलक का मानना था कि आर्य, आर्कटिक इलाके से यहां आए थे. उन्होंने यह बात अपनी पुस्तक 'आर्कटिक होम ऑफ द वेदास' में कही है. गोलवलकर ने तिलक की बात का खंडन किए बगैर आर्यों को भारत का मूलनिवासी बताने के लिए एक गजब की बात हमें बताई. उन्होंने बताया कि आर्कटिक क्षेत्र पहले उड़ीसा और बिहार के आसपास हुआ करता था. फिर वह यहां से उत्तर की तरफ खिसक गया. '....फिर वह उत्तर पूर्व की दिशा में खिसका और फिर कभी पश्चिम तो कभी उत्तर की तरफ यात्रा करते हुए वहां पहुंच गया जहां वह अब है.' अगर ऐसा सचमुच हुआ था तो सवाल यह है कि क्या हम आर्कटिक में रहते थे और फिर उसे छोड़कर हिन्दुस्तान आ गए या हम हमेशा से यहीं रहते थे और आर्कटिक हमें छोड़कर अपनी टेढ़ी-मेढ़ी यात्रा पर निकल गया.

यह सारी कलाबाजियां इसलिए की गईं ताकि किसी भी तरह से यह साबित किया जा सके कि आर्य इसी भूमि के मूलनिवासी हैं क्योंकि अगर ऐसा नहीं किया जाएगा तो यह दावा कि मुसलमान विदेशी हैं, क्योंकि वो बाहर से आए हैं, मुंह के बल गिर जाएगा.

इस मामले में कई सिद्धांत एवं विचार प्रचलित हैं. यूरोप के कई अध्ययेताओं, जिनमें भारतविद मैक्स मूलर शामिल हैं, का कहना है कि आर्यों ने भारत पर आक्रमण किया था. यह दावा आधारहीन है क्योंकि उस काल का समाज पशुपालकों का समाज था और पशुपालक एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते रहते थे. मगर इस प्रवास को आक्रमण कहना ठीक नहीं है. आक्रमण तो बाद में तब शुरू हुए जब साम्राज्य और राज्य अस्तित्व में आए. इस संदर्भ में जो सबसे तार्किक सिद्धांत है वह भाषा विज्ञान व भूगर्भशास्त्रीय साक्ष्यों पर आधारित है और उसके अनुसार आर्य कई चरणों या लहरों में भारत आए.

इस भूमि पर आने के बाद आर्यों के सामने जो सबसे बड़ी बाधा या चुनौती थी वह थी सिन्धु घाटी की सभ्यता, जो उनके यहां आने के पहले से यहां मौजूद थी. यह सभ्यता आर्य सभ्यता से एकदम भिन्न थी. वह शहरी सभ्यता थी. कई तरह की कलाबाजियों और धूर्तताओं के जरिए यह साबित करने का प्रयास किया गया कि सिन्धु घाटी क्षेत्र में घोड़े के चित्र वाली सील मिली है. फ्रन्टलाईन में छपे एक लेख के अनुसार, सींग वाले बैल के चित्र को कम्प्यूटर के इस्तेमाल से घोड़े में बदल दिया गया. इसका उद्देश्य था सिन्धु घाटी की सभ्यता में आर्य संस्कृति का प्रतीक घोड़ा जोड़ना.

आज यह कोई नहीं मानता कि कोई नस्ल, किसी दूसरी नस्ल से उच्च या श्रेष्ठ होती है. ये सिद्धांत औपनिवेशिक ताकतों ने गढ़े थे, ताकि वे यह साबित कर सकें कि वे उच्च नस्ल के हैं और इसलिए उन्हें दूसरों पर शासन करने का हक है. उसी तरह ब्राह्मणवादी विचारधारा ने भी यह दावा किया कि ब्राह्मण और अन्य ऊँची जातियों के लोग अन्यों से श्रेष्ठ नस्ल के वंशज हैं. यह दावा कर वे समाज में अपनी उच्च स्थिति और वर्चस्व को औचित्यपूर्ण साबित कर सकते थे.

आर्यों के यहां आने से पूर्व विद्यमान सिन्धू घाटी की सभ्यता शायद किसी प्राकृतिक आपदा के कारण नष्ट हो गई और उसके कई रहवासी दक्षिण की तरफ चले गए. तो आज आर्य व सिन्धु घाटी की सभ्यता से संबंधित विवादों के मामले में हम कहां खड़े हैं? पूर्व के पुरातात्विक व भाषा वैज्ञानिक अध्ययनों को त्रुटिरहित डीएनए जेनेटिक अध्ययनों ने पुष्ट किया है. पॉपुलेशन जेनेटिक्स (जनसंख्या अनुवांशिकी) किसी भी पूर्व-आधुनिक समाज के बारे में जानने का सबसे विश्वसनीय तरीका है.

कुछ वर्ष पहले एक भारतीय लेखक टॉनी जोसेफ ने अपनी पुस्तक 'अर्ली इंडियन्स' में जनसंख्या अनुवांशिकी अध्ययनों एवं भाषा वैज्ञानिक व पुरातात्विक शोधों के नतीजों को जोड़ कर यह बताया था कि हम सभी मिश्रित नस्ल के हैं. भारत में कई चरणों में बाहर से लोग आए. पुस्तक के अनुसार करीब 65 हजार साल पहले दक्षिण अफ्रीका से पहली बार मनुष्य उस भूमि पर आया, जिसे हम आज भारत कहते हैं. डीएनए अध्ययनों के आधार पर टॉनी जोसेफ बताते हैं कि 7000 से लेकर 3000 ईसा पूर्व तक और उसके बाद आज से 2000 से 1000 साल पहले बड़े पैमाने पर अप्रवासी भारत आए. इनमें मध्य एशिया के घास के मैदानों से आए पशु पालक सम्मिलित थे. इस तरह आर्य और द्रविड़, दरअसल भाषाओं के समूहों के नाम हैं न कि अलग-अलग नस्लों के.

**इस भूमि पर आने के बाद आर्यों के सामने जो सबसे बड़ी बाधा या चुनौती थी वह थी सिन्धु घाटी की सभ्यता, जो उनके यहां आने के पहले से यहां मौजूद थी. यह सभ्यता आर्य सभ्यता से एकदम भिन्न थी. वह शहरी सभ्यता थी. कई तरह की कलाबाजियों और धूर्तताओं के जरिए यह साबित करने का प्रयास किया गया कि सिन्धु घाटी क्षेत्र में घोड़े के चित्र वाली सील मिली है.**

भाजपा के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने देश के 12,000 साल पुराने इतिहास का दस्तावेजीकरण करने के लिए एक समिति बनाई है. जब डीएनए व अनुवांशिकी अध्ययनों से पहले ही यह साफ हो चुका है कि हम सब भारतवासी मिश्रित नस्ल के हैं तब इस समिति की जरूरत ही क्या है. दरअसल यह समिति इसलिए नियुक्त की गई है ताकि यह साबित किया जा सके कि हिन्दू (आर्य) इस देश के मूल निवासी हैं. जनसंख्या अनुवांशिकी अध्ययनों के बाद इस संबंध में नया खोजने के लिए कुछ विशेष बचा नहीं है. मगर यह सारी कवायद इसलिए की जा रही है कि ताकि भारत भूमि पर दावा किया जा सके और यह बताया जा सके कि हिन्दू धर्म के लोगों का इस धरती पर ज्यादा अधिकार है.

हमारा समाज सदियों से बदलता आया है. पहले घुमक्कड़ पशुपालकों के समूह हुआ करते थे जो एक जगह से दूसरी जगह जाते रहते थे. फिर बादशाहतें कायम हुईं और अब दुनिया कई राष्ट्रों में विभाजित है. रबिन्द्रनाथ टैगोर एक ऐसी दुनिया की कल्पना करते थे जिसमें राष्ट्रों के बीच की सीमाएं हो हीं न. ऐसी दुनिया कम से कम आज तो एक कल्पना ही लगती है.

हम यहां पहले आए थे, इसलिए यह जगह हमारी है - यह दावा साम्प्रदायिक राष्ट्रवाद की पहचान होता है. इस तरह के दावे भारतीय संविधान के मूल्यों और संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार घोषणा के खिलाफ हैं. हमें इस बात पर जोर देना है कि देश के सभी नागरिक, चाहे वे किसी भी धर्म में आस्था रखते हों या कोई भी भाषा बोलते हों, एक बराबर हैं. अपनी विचारधारा के अनुरूप इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने और गड़े मुर्दे उखाड़ने की आज के समय में न तो कोई उपयोगिता है और न ही जरूरत. यह काम संबंधित विषयों के विशेषज्ञों और अध्येताओं पर छोड़ देना चाहिए. इस पर राजनीति करने की तो कोई जरूरत ही नहीं है.

**(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया. लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित हैं)**

---

व्यंग्य



# मूषक महात्म्य

रन्दी सत्यनारायण राव

अभी पौ फटी ही नहीं थी कि मित्र खिलंदड़ जी बदहवाश मेरे घर आये. कुछ अनमने से उनके स्वागत का नाटक करते हुए मैंने पूछ लिया झ ' क्या हुआ, बहुत घबराये हुए लग रहे हो, कोई गड़बड़ तो? नहीं ...?' खिलंदड़ जी बोले- ' यार गजब हो गया,मेरे घर के पुराने स्वामी ने इतने मूषक पाल रखे थे कि वे धीरे-धीरे उनके आशियाने को खोखला कर रहे थे। मेरे द्वारा वह घर खरीद लिए जाने के बाद मूषक तुष्टीकरण में कुछ कमी हो गई और उनके क्रोध का शिकार मेरी झोपड़ी को होना पड़ा...!' मैं कुछ क्षण सोचता रहा, खिलंदड़ आखिर किस समस्या की बात कर रहे हैं जो मैं समझ नहीं पा रहा। मैंने पूछा झ ' मैं समझा नहीं, यह चूहे की बात कहाँ से आई.. चूहों को आपसे क्या शिकायत हो सकती है,जो आपका घर कुतरने को मजबूर हो गए ?' मेरा कौतूहल और समस्या को न समझ पाने की खीज उनके मुख मंडल पर उभर आयी - आप लिक्खाड़ हो पर बहुत नादान हो। आपके पास इस विश्वाश से आया था कि मेरी समस्या का हल करोगे, लेकिन तुम तो केवल तुक्केबाज निकले। पूर्व में मूषकों को मिली आजादी और एकता की धौंस को मैंने घर पर अधिकार कर कुंद कर दिया था . परिणाम यह हुआ कि वे अब मेरे घर की नींव कमजोर करने पर पिल पड़े हैं। बहुत संभव है, वे अपने मकसद में कामयाब भी हो जाएं। कृपया कोई उपाय बताएं ताकि चूहों से अपने घर की हिफाजत समय रहते कर पाऊं.' जब देखा कि ये तो मेरे कलम घिस्से को तड़ीपार में जुटे हैं, मैंने उसके कान में कह दिया - ' यह तो चुटकियों में हल हो जाएगा खिलंदड़, बस... उन्हें 'नर्क-वास' की दवा खिला दो'. यह सुन खिलंदड़ जी खुश होने की जगह बिफर गए झ 'क्या दिमाग का दही बनाते हो.. यह भोथरा उपाय तो मैं भी जानता हूँ , यह करने से एनिमल वेलफेयर कमेटी का कानूनी चाबुक मुझ पर नहीं चलेगा ? मेरा आशियाना और मैं उस घर में दफन हो जाऊं , उनकी बला से, किन्तु चूहों की सलामती की समर्थक संसद भी है, तभी तो सभी विरोध में कसीदे पढ़ते हैं कि, ये अपसंस्कृति के वाहक चूहे, उनके घर को बख्श दें, बाकी किसी और का घर पाताल के हवाले हो जाए तो हो जाये। उनका आक्रोश आगे भी जारी था, आपको नहीं पता कि इन चूहों द्वारा घर से लेकर देश तक पर कब्जा किये जाने की समस्या के निदान को ले कर मेरी घरेलू संसद के कुछ श्वान सदस्यों ने खाद्य चक्र का निर्माण मेरी जानकारी के बिना कर लिया है। मैंने पहले 'श्वान',को पाला , फिर उसकी खिदमत के लिए 'बिलाऊ', को आश्रय दिया। 'बिलाऊ', ने अपने उदर की शांति पाठ के लिए गुपचुप 'मूषक', को आमंत्रित किया, किन्तु, अब उनकी संख्या इतनी हो गई है कि उन्होने बिलाऊ को ही खदेड़ना आरम्भ कर दिया । मेरे होश फाख्ता थे. उनकी समस्या पर विचार करने के आश्वासन के बाद मैंने खिलंदड़ जी को चाय पिला कर विदा किया और न्यूज चैनल पर यह देख सुन चकित रह गया कि आज चूहों ने कई जगह खुदाई कर डाली। अभी ही पता चला है कि खिलंदड़ जी के घर की संसद में घर में 'मूषकों' के रखने और न रखने को लेकर समर्थन झ विरोध की आंधी चल रही है। चूहे अधिक आक्रोशित हैं। यह उक्ति चरितार्थ होती लग रही है कि घर जला अपने ही चिराग से...?.

**( लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# बिजली के निजीकरण के पक्ष में दिए गए वक्तव्य से कर्मचारियों में रोष

**जनसंदेश न्यूज**



विरोध प्रदर्शन करते विद्युत कर्मचारी।

**आजमगढ़।** ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा द्वारा विधानसभा में बिजली के निजीकरण के पक्ष में दिए गए वक्तव्य से बिजली कर्मियों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है। संघर्ष समिति ने कहा है कि विकसित भारत के लिए बिजली का निजीकरण नहीं अपितु सार्वजनिक क्षेत्र में बिजली उद्योग को रखा जाना प्राथमिक आवश्यकता है, क्योंकि निजी क्षेत्र के लिए बिजली एक व्यापार है और सार्वजनिक क्षेत्र के लिए बिजली एक सेवा है। आगरा में टोरेंट पॉवर कंपनी का प्रयोग इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है।

संघर्ष समिति ने कहा कि ऊर्जा मंत्री के बयान से और स्पष्ट हो गया है कि निजीकरण से बिजली कर्मियों की बड़े पैमाने पर छंटनी होने जा रही है। ऊर्जा मंत्री ने विधानसभा में कहा है कि आगरा की बिजली व्यवस्था टोरेंट पावर कंपनी को देने के बाद वहां काम कर रहे कर्मचारियों को अन्य ऊर्जा निगमों में भेज दिया गया था। उल्लेखनीय है कि आगरा में बहुत कम कर्मचारी थे जिनका अन्य ऊर्जा निगमों में समायोजन किया जा सका था। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में लगभग 26500 नियमित कर्मचारी और लगभग 50 हजार संविदा कर्मी कार्यरत हैं। इतनी बड़ी संख्या में बिजली कर्मचारियों और संविदा कर्मियों को अन्य ऊर्जा निगमों में समायोजित करना सम्भव नहीं है। ऐसी स्थिति में बहुत बड़े पैमाने पर बिजली कर्मियों की छटनी होगी। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली की प्रति यूनिट खपत का बिजली के निजीकरण से कोई संबंध नहीं है। बिजली की प्रति यूनिट खपत राज्य की खुशहाली पर निर्भर करती है। संघर्ष समिति ने कहा कि विकसित भारत के लिए निजीकरण नहीं अपितु सार्वजनिक क्षेत्र में बिजली आवश्यक है। विकसित भारत की दिशा में महती भूमिका निभाने वाले गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा जैसे सम्पन्न प्रांतों में भी बिजली सार्वजनिक क्षेत्र में ही है।

संघर्ष समिति के आह्वान पर आज लगातार 84 वें दिन प्रदेश के सभी जनपदों और परियोजना मुख्यालय पर बिजली कर्मचारियों ने निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन जारी रखा। संघर्ष समिति ने कहा है कि किसी भी स्थिति में निजीकरण स्वीकार्य नहीं है और निजीकरण के विरोध में तब तक आन्दोलन जारी रहेगा जब तक निजीकरण करने का निर्णय वापस नहीं लिया जाता।

# मेहरो कलां-बसही माइनर में 43 साल से टेल तक नहीं आया पानी

**यह है हाल**

**समय से नहीं आता पानी किसानों को होती है परेशानी**

**जनसंदेश न्यूज**


सूखी नहर को दिखाते ग्रामीण।

**लालगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय विकास खण्ड के मेहरो कलां से शारदा सहायक खण्ड 23 माइनर को लघु सिंचाई के लिए बसही तक बनाया गया ताकि लोगों की सिंचाई का काम आसानी से हो सके। इसके निर्माण को लगभग 43 साल गुजर गए, लेकिन आज तक टेल तक पानी नहीं आया। बिना सीजन जब किसानों को पानी की जरूरत नहीं होती तो अक्सर इसमें इतना पानी खोल दिया जाता है कि लोगों की फसल जलमग्न होकर खराब हो जाती है।

गांव के लोगों ने बताया कि जिस समय इस माइनर का निर्माण हो रहा था, उस समय लोगों के बीच यह उम्मीद जगी थी कि अब हम लोगों की सिंचाई की समस्या पूरी तरह समाप्त हो जायेगी और फसल उत्पादन बढ़ जायेगा। लेकिन उनका यह सपना साकार नहीं हो सका। अगर कहा जाए कि यह माइनर सफेद हाथी बनकर रह गया है तो संभवतः अतिशयोक्ति नहीं होगी।

स्थानीय काश्तकार आलमगीर, मोहम्मद तारिक, अबू बकर, अबुल कलाम, राधेश्याम, इश्तेयाक अहमद, शाहनवाज आदि के मुताबिक इसके निर्माण से काश्तकारों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। यदि इसमें समय-समय पर पानी आता रहता तो सारे कष्ट दूर हो जाते, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है और यह माइनर सफेद हाथी साबित हो रहा है। माइनर के आसपास के किसान अपने निजी पंपिंग सेट और डीजल इंजन से खेत की सिंचाई करते हैं, जबकि माइनर उनके लिए किसी काम का साबित नहीं हो पा रहा है। हां इतना अवश्य होता है कि गेहूं की बुआई या धान की रोपाई हो जाने के बाद कभी कभी असमय जब उन्हें पानी की जरूरत नहीं होती तब इसमें इतना पानी आ जाता है। फसल को बचाने के लिए काश्तकारों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है।

गांव के लोगों ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में कई बार मांग की कि इस अधूरे माइनर को कहीं ले जाकर मिला दिया जाए लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। बसही, अहिरौली, गुलरिया आदि गांव के काश्तकारों ने मांग की है कि उक्त माइनर में टेल तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय ताकि लोगों को सिंचाई का लाभ प्राप्त हो सके तथा इसे कहीं ले जाकर मिला दिया जाए, ताकि जब कभी पानी आए तो वह ओवर फ्लो होकर फसल को नुकसान न पहुंचा सके।

# परिजनों की रजामंदी से प्रेमी युगल ने मंदिर में रचायी शादी

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** निजामाबाद स्थित शीतला माता मंदिर में घर से भागे प्रेमी युगल ने परिवार वालों की रजामंदी से शादी कर लिया। इस मौके पर दोनों पक्ष के लोग उपस्थित थे।


शादी के बाद मंदिर में प्रेमी युगल।

निजामाबाद थाना क्षेत्र के बड़ागांव निवासी फेकू प्रजापति कि पुत्री रविता प्रजापति को बीती रात में पिंटू प्रजापति पुत्र भोला प्रजापति निवासी शेख पुरवा भगा ले गया था जिसे देर रात में रानी कि सराय पुलिस ने पकड़ लिया था और पूछताछ में दोनों ने बताया कि हम लोग घर से भाग रहे हैं तो रानी कि सराय पुलिस ने दोनों के घर वाले को सूचना दिया कि दोनों प्रेमी युगल रानी कि सराय में हैं तो दोनों पक्षों के परिवार के लोग आज सुबह ग्यारह बजे रानी कि सराय थाना में पहुंच कर आपस में शादी करने पर रजामंद हो गए दोनों पक्षों ने कहा कि हम सभी लोग आपस में तय कर चुके हैं कि शादी कर दी जाए तो पुलिस ने दोनों परिवारों के लोगों को लड़का और लड़की को सौंप दिया और दोनों परिवार के लोगों ने थाना से सीधे निजामाबाद शीतला माता मंदिर पर दोपहर तीन बजे ले जाकर वरमाला पहना कर शादी विवाह कर दिया है क्योंकि लड़के कि उम्र छब्बीस साल और लड़की कि उम्र बाइस साल है। दोनों प्रजापति समाज के है लड़के पिता भोला प्रजापति ने अपने बेटे के साथ बहू लेकर घर हसीं खुशी चले गए हैं निजामाबाद क्षेत्र में हुई शादी कि पूरे क्षेत्र में चर्चा है। दोनों पक्ष से दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# पशु पालक 24 फरवरी तक करें आवेदन

**आजमगढ़।** उप दुग्धशाला विकास अधिकारी/जिला समन्वयक नन्दबाबा दुग्ध मिशन सुधाकर प्रसाद ने सभी दुग्ध उत्पादकों, पशुपालकों को सूचित किया है कि नन्दबाबा दुग्ध मिशन के अर्न्तगत संचालित मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना में जनपद आजमगढ़ में वर्ष 2023-24 में चयनित लाभर्थियों के द्वारा गाय क्रय करने में रूचि न लेने के कारण आंवटित्त लक्ष्य 46 के सापेक्ष शत प्रतिशत पूर्ति नही हो पायी है। सरकार द्वारा दुग्ध उत्पादकों, पशुपालकों को लाभ दिलाने के लिए पुनः 17 फरवरी से 24 फरवरी तक आवेदन पत्र आमंत्रित करने का निर्देश दिया है। इस योजना में लाभार्थी के द्वारा एक यूनिट उदाहरण दो स्वदेशी गाय यथा गिर, साहीवाल अथवा थारपारकर प्रदेश से बाहर से क्रय कर स्थापित किया जाना है, जिसमें कुल लागत अधिकतम 2 लाख एवं जिसमें 40 प्रतिशत सब्सिडी देय है। आवेदन पत्र सम्बन्धित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी अथवा मुख्य पशुचिकित्साधिकारी अथवा उप दुग्धशाला विकास अधिकारी रजिस्टर्ड अथवा सीधे जमा कर सकते है।

# श्रमिकों के हक व सम्मान की आवाज बुलंद की

**जनसंदेश न्यूज**


कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

**अतरौलिया(आजमगढ़)।** ग्रामीण पुनर्निर्माण संस्थान के तत्वावधान में ग्राम पंचायत सिकंदरपुर में अखिल भारतीय श्रमिक सम्मान यात्रा के साथियों का स्वागत किया गया। इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य श्रमिकों के अधिकार, न्याय, सुरक्षा और सम्मान के प्रति समाज और शासन, प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना था। बड़ी संख्या में श्रमिकों और समाजसेवियों ने इस यात्रा में भाग लिया और श्रमिक हितों के कल्याण की मांग उठाई।

इस यात्रा में प्रमुख रूप से राजेश उपाध्याय, असरत, प्रकाश कुमार, नीरज, चौधरी प्रेम कुमार, गुड्डू और रामकिशोर शामिल रहे। सभी ने एकजुट होकर श्रमिकों की समस्याओं पर चर्चा की और उनके समाधान के लिए आवाज उठाई। वक्ताओं ने कहा कि श्रमिक किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होते हैं और उनका सशक्तिकरण ही सशक्त समाज की नींव रखता है। वक्ताओं ने कहा कि सभी श्रमिकों को 5000 रुपये मासिक श्रमिक सम्मान निधि दिया जाए, जिससे वे आर्थिक रूप से सुरक्षित रह सकें और अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें।

श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति सचेत किया गया और समाज से भी उन्हें उचित सम्मान देने की अपील की गई। यह यात्रा श्रमिकों के हक की लड़ाई को और मजबूत करने का संदेश देकर समाप्त हुई।

अंत में ग्रामीण पुनर्निर्माण संस्थान के कार्यालय यात्रा के साथियों को संविधान की उद्देशिका दे कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था से राजदेव, दिनेश, राजेश, शिम्पा आदि उपस्थित रहीं।

## संक्षेप

### समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

**आजमगढ़।** समाजवादी व्यापार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष जगन अग्रवाल की अलोकतांत्रिक गिरफ्तारी पर समाजवादी व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष संदीप रजत सेठ ने महामहिम राज्यपाल को नामित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपने के बाद जिलाध्यक्ष ने बताया कि समाजवादी व्यापार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष जगन अग्रवाल की गिरफ्तारी अलोकतांत्रिक ढंग से की गयी है जिससे व्यापारियों में आक्रोश है। उन्होने कहा कि हम सभी लोग राज्यपाल को नामित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है आगे की रणनीति बैठक के बाद तय की जायेगी इस मौके पर विजय प्रताप विश्वकर्मा, विवेकानंद यादव, सब्बू खान, प्रताप मद्धेशिया, आदित्य सेठ, अभिषेक श्रीवास्तव, उदित राणा सिंह आदि लोग उपस्थित थे।


जिला प्रशासन को ज्ञापन सौपते संदीप रजत सेठ।

### छोटी सरयू के किनारे मिला युवक का शव

**महराजगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के छोटी सरयू नदी के किनारे बुधवार को एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। अक्षयवट ग्राम के पूर्व प्रधान ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार सुबह कुछ ग्रामीण छोटी सरयू नदी के किनारे गए थे, तभी उन्होंने एक युवक का शव देखा। पूर्व प्रधान ने शव देखते ही तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटना स्थल की जांच शुरू की। महराजगंज कोतवाली प्रभारी विनय कुमार मिश्र के मुताबिक, युवक की पहचान बिन्देश्वरी पुत्र स्व. रामनवल निवासी नरोत्तमपुर थाना महराजगंज के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाया गया है। परन्तु जुटी भीड़ में कुछ लोगों ने मृतक को भारी नशा करने वाला बताया।मृतक के शव से कुछ दूरी पर उसकी बाइक सुनसान इलाके में खड़ी मिली। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। घटना की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली परिवार मौके पर पहुंच गया। मृतक की पत्नी, बच्चों व मां का रो-रो कर बुरा हाल है। परिवार ने बताया कि विगत दो दिनों से मृतक घर नहीं आया।

### सुभासपा प्रतिनिधि मंडल ने कोतवाल को सौंपा ज्ञापन

**फूलपुर (आजमगढ़)।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र राजन राजभर के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने कोतवाल फूलपुर से मुलाकात किया। क्षेत्र के शेखवलिया गांव में आठ जनवरी को हुई दीपचंद राजभर की हत्या के बाद ग्रामीणों द्वारा लगाए गए जाम के संदर्भ में दर्ज मुकदमे से निर्दोष लोगों का नाम निकालने की मांग की। रुद्र राजन राजभर ने कहा कि पंचायती राज्य मंत्री ओमप्रकाश राजभर के निर्देश पर पार्टी के युवाविंग के पदाधिकारियों ने कोतवाल से मुलाकात किया और अवगत कराया कि शेखवलिया में हत्या के बाद जनाक्रोश पर पुलिस ने 20 नामजद और 150 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है जिसमें कई निर्दोष ऐसे हैं जो गांव में थे ही नहीं। उन्होंने कहा कि पुलिस किसी निर्दोष को परेशान न करे। कोतवाल से उन्हें आश्वासन मिला है कि किसी भी निर्दोष को पुलिस परेशान नहीं करेगी। इस अवसर पर दीपक सिंह, अक्षय राजभर, राम नवमी राजभर, राम अचल राजभर आदि मौजूद रहे।

# आम आदमी के हितों के बिल्कुल विपरीत है आम बजट: जितेंद्र

**मांग**

**बजट के विरोध में भाकपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन**

**डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा आठ सूत्री ज्ञापन**



जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते भाकपा कार्यकर्ता।

**आजमगढ़।** बुधवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला कौंसिल की तरफ से जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय आम बजट का विरोध करके आठ सूत्रीय वैकल्पिक मांगों का ज्ञापन राष्ट्रपति को जिला अधिकारी के माध्यम से दिया गया। भाकपा कार्यकर्ता कुंवर सिंह उद्यान में जमा हुए वहां से जुलूस निकाल कर नारे लगाते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां 8 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा।

भाकपा जिला मंत्री कामरेड जितेंद्र हरि पांडेय ने केंद्र की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्रीय बजट लोगों की तात्कालिक और बुनियादी जरूरतों के साथ विश्वास घात है। लोगों के हाथों में क्रय शक्ति की कमी, बड़े पैमाने पर बेरोजगारी घटती मजदूरी के कारण अर्थव्यवस्था मांग के समस्या को दूर करने के बजाय मोदी सरकार ने बजट के माध्यम से खर्चों में कटौती करते हुए अमीरों और कॉरपोरेट जगत को रियायतें देकर उनकी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की कोशिश है। यह बजट आम आदमी के हितों के बिल्कुल विपरीत है। इस बजट में पूंजीपतियों को बड़ी सुविधायें दी गई हैं। पार्टी उत्तर प्रदेश राज्य कमेटी सदस्य कामरेड हामिद अली ने कहा कि कृषि उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य के कानूनी गारंटी के साथ ही कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति की रूपरेखा का मसौदा वापस किया जाए। सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों से निजीकरण पर रोक लगाई जाय व बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई वापस लिया जाए मनरेगा के लिए आवंटन में 50 प्रतिशत की वृद्धि तथा शहरी रोजगार गारंटी अधिनियम लागू किया जाए। स्वास्थ्य और शिक्षा के बजट को पर्याप्त मात्रा में बढ़ा कर स्वास्थ्य और शिक्षा की बदहाल स्थिति को दुरुस्त किया जाए।

उत्तर प्रदेश किसान सभा के अध्यक्ष कामरेड इम्तियाज बेग ने कहा कि जो केंद्रीय बजट मोदी सरकार द्वारा पेश किया गया है वह बजट मजदूर किसानों विद्यार्थियों नौजवानों महिलाओं गरीबों के खिलाफ है।भाकपा और उत्तर प्रदेश किसान सभा और खेत मजदूर यूनियन के लोग मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों के लिए लगातार आंदोलन कर रहे हैं और करते रहेंगे। इस अवसर पर मंगल देव यादव, जियालाल, श्यामा प्रसाद शर्मा, हरिगेन, रामनेत यादव, अख्तर, लालचंद यादव, इम्तियाज बेग, अशोक राय, सकलदीप मौर्य, हरिकेश गौड़ आदि उपस्थित रहे।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने बिखेरा हुनर का जलवा

**लालगंज (आजमगढ़)।** शिक्षा क्षेत्र मुहम्मदपुर के ग्राम सभा अशोक नगर अरारा में स्थिति अशोका इंग्लिश स्कूल में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमे बच्चों द्वारा अनेक उपकरण बनाए गए थे जिसका मुख्य अतिथि ने अवलोकन किया।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान नंदाव दिनेश सरोज, ग्राम प्रधान इनावभार सुरेंद्र बिन्द, समाजसेवी संतोष सिंह 'रांची', गोविंदा को विद्यालय की अध्यापिका द्वारा तिलक लगाया गया। उसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करके दीप प्रज्ज्वलित किया गया। उसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों द्वारा बनाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाई गई विज्ञान प्रदर्शनी के बारे में जानकारी ली। कक्षा 5 द्वारा वाटर डिस्पेचर, कक्षा 6 द्वारा पवन चक्की, कक्षा 7 और 8 द्वारा सेव वाटर, कक्षा 10 द्वारा वॉटर पॉल्यूशन, कक्षा 12 द्वारा स्ट्रक्चर ऑफ डीएनए बनाया गया था। मुख्य अतिथि ने सभी छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया। प्रबंधक चंद्रशेखर सिंह विपिन ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनियां, विज्ञान और प्रौद्योगिकी से जुड़ी जानकारी को साझा करने का एक तरीका है। इनसे छात्रों को नए तथ्यों और आविष्कारों के बारे में जानकारी मिलती है। इस मौके पर प्रधानाचार्य संदीप कुमार, क्षमा सिंह, ललिता राजभर, सरिता निषाद, संगीता बौद्ध, कंचन सरोज, खुशी पाठक, आरती कुमारी, प्रिया भारती, निर्मला,आनंद भारद्वाज, शैलेश कनौजिया, सिकंदर विश्वकर्मा, अरुण कुमार, मनोज यादव, धीरज कुमार, अकबर, नदीम, श्रीकांत आदि उपस्थित रहे।


विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्य अतिथि व अन्य।

# क्रीड़ा प्रतियोगिता में शैलेष व दिव्या यादव ने लहराया परचम


विजेता खिलाड़ियों के साथ आयोजक व अन्य लोग।

**आजमगढ़।** सावित्रीबाई फुले राजकीय पॉलिटेक्निक के प्रांगण में तीन दिवसीय वार्षिक खेल-कूद एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें सावित्री बाई फुले राजकीय पॉलिटेक्निक आजमगढ़ एवं राजकीय पॉलिटेक्निक भिलीहिली के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन तजम्मुल अफजाल संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, (पूर्वी क्षेत्र) वाराणसी द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता में 1500 मी, 800 मी, 400 मी, 200 मी, 100 मी दौड़ और भाला फेंक, गोला फेंक, डिस्कस फेंक, लम्बी कूद, ऊंची कूद वालीबाल प्रतियोगिता करायी गई। बालक वर्ग में शैलेष यादव अन्तिम वर्ष एवं बालिका वर्ग में दिव्या यादव प्रथम वर्ष सिविल ओवर आल चैम्पियन रहीं। समापन अवसर पर प्रधानाचार्य राजकुमार द्वारा मुख्य अतिथि समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को धन्यवाद एवं बधाई ज्ञापित किया गया। छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि अनुशासन एवं कठिन परिश्रम से जीवन में सफलया की ओर बढ़ने का प्रयास करें।

इस अवसर पर क्रीड़ाधिकारी पुनीत कुमार पांडेय, क्रीड़ा प्रभारी नवीन नारायण, उप क्रीड़ा प्रभारी रमेश, अमृत प्रकाश, विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रानिक्स प्रेमानन्द पटेल, बृजेश कुमार मिश्र, श्रुति सिंह, डॉ. रागिनी यादव, खुशबू गुप्ता प्रीत कमल सिंह, यशवन्त कुमार, राहुल सिंह, रजनीश मिश्र, रणधीर चौहान, अनुराग द्विवेदी, अजीत सोनकर, आशुतोष चौरसिया, अरूण कुमार गौतम, रितेश कुमार, सूर्य प्रताप सिंह, मनीष कुमार, कुलभूषण सिंह, भारती, मनोज यादव, सचिन कुमार राजनारायण, लालबहादुर, राहुल यादव, श्यामलाल, ओमकार, चन्द्रभान गुप्ता, चन्द्र प्रकाश, सीमा गुप्ता, सुरेन्द्र यादव, सैमुल्लाह अंसारी, रोहित त्यागी, नित्यानन्द आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांगों में हर काम करने का पैदा करना चाहिए जज्बा: यशवंत

**नेक कार्य**

**योजनाओं की जानकारी के साथ दिव्यांगजनों को दी ट्राईसाइकिल**

**जनसंदेश न्यूज**


दिव्यांगों को ट्राई साइकिल देते पूर्वमंत्री यशवंत सिंह।

**आजमगढ़।** दिव्यांग शारीरिक रूप से भले ही सक्षम नहीं होता है परंतु हम सबको मिलकर उसमें हौसले के बलबूते हर कार्य करने का जज्बा पैदा करना चाहिए। उक्त बातें पूर्व मंत्री व पूर्व विधान परिषद सदस्य यशवंत सिंह ने बुधवार को जहानागंज ब्लॉक परिसर में आयोजित विकलांगों को ट्राई साइकिल वितरण समारोह के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि दिव्यांगजनों को उनकी जरूरत की सारी सुविधाएं उन्हें मुहैया कराई जाए तथा उनका हौसला बढ़ाया जाए। सरकार मूक, बधिर एवं शारीरिक रूप से विकलांग बच्चों के हर सुख सुविधा के लिए तमाम तरह की सुविधा क्रियान्वित कर रही है। तमाम बच्चे जानकारी के अभाव में इन सुविधाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं जिसकी जानकारी उन्हे देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री ने विकलांग शब्द को हटाकर उनका हौसला आफजाई करने के लिए दिव्यांग शब्द का प्रयोग किया ताकि बच्चे अपने आप को कहीं से अक्षम महसूस न कर सकें। हम सब की भी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम ऐसे बच्चों का हौसला बढ़ायें और उन्हें विकलांगता का एहसास न होने दें। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर उनके अंदर इस बात का जज्बा पैदा करें कि हौसले के बलबूते वह जो भी चाहेंगे कर सकते हैं। विकलांग कल्याण अधिकारी शशांक सिंह ने दिव्यांगों सरकारी योजनाओं की जानकारी दिया। इस अवसर पर एडीओ समाज कल्याण शिवानंद यादव, ब्लॉक प्रमुख रमेश कनौजिया, जनार्दन सिंह, एकलाख अहमद, उदय शंकर चौरसिया, चंचल चौबे, राकेश राय उर्फ बबलू, सांचा यादव, सुनील यादव, दुर्गविजय यादव आदि उपस्थित थे।

# युवा चेतना सम्मान रैली की सफलता हेतु सुभासपा ने लगायी चौपाल

**आयोजन**

**प्रदेश अध्यक्ष ने संवाद कर जानी युवाओं की समस्या**

**पार्टी की मजबूती हेतु युवाओं को किया गया जागरूक**

**जनसंदेश न्यूज**


युवाओं को जागरूक करते सुभासपा प्रदेश अध्यक्ष।

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** सुभासपा के युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष रूद्र राजन राजभर के नेतृत्व में मंगलवार को आजमगढ़ जिले के आधा दर्जन गांवों में चौपाल आयोजित की गई। इस दौरान खासकर युवाओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को जाना गया और पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए जागरूक किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष ने कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के संदेश को लोगों तक पहुंचाते हुए 2027 में सुभासपा को सबसे बड़ी पार्टी बनाने की अपील की। महुआरा और फत्तेपुर गांव में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना गया।

सुभासपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि आगामी 23 फरवरी को परमानपुर चैरी बेलहा कॉलेज, तरवां में युवा चेतना सम्मान रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली में बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उन्हें प्रेरित किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष रूद्र राजन राजभर ने कहा कि युवा देश के भविष्य हैं, उन्हें शिक्षित रहना चाहिए और अपने समाज को भी शिक्षित करने के साथ-साथ अपने अधिकारों को समझना चाहिए। इस अवसर पर दीपक सिंह, अक्षय राजभर, शनि वर्मा, कृष्णा राजभर, रामनौमी, दिनेश आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**हत्या की आशंका**

## बस स्टैंड मार्केट में दुकानदार से हुआ था विवाद, केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

जनसंदेश न्यूज

**शक्तिनगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एनसीएल खड़िया परियोजना शाइलो के पास रेल से कटकर युवक की मौत हो गयी। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए विरोध दर्ज कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामला दर्ज कर एक युवक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी।

मृतक के भाई संजय भारती पुत्र नान्हक निवासी चिल्काटांड़ बस्ती ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि उसका भाई वीरेन्द्र भारती अपने दोस्त राजन पुत्र लालचंद्र के साथ मंगलवार की शाम बस स्टैंड मार्केट के शराब दुकान पर शराब पीने गया। जहां चखना दुकानदार से रेट को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान चखना दुकानदार अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर उसे पीट कर मोबाईल व पैसा छीन लिया। जिसकी शिकायत करने वह थाने गया, जहां पुलिस द्वारा बैठाया गया। कुछ देर बाद उसने पुलिस से कहा कि वह अपना मोबाईल लेने दुकान पर जा रहा है। जिस पर पुलिस ने उसकी बाइक खड़ा करवाकर उसे छोड़ दिया। जब वह दुकान पर पहुंचा तो फिर उसके साथ मारपीट की गई। उसके बाद उसका शव एनसीएल खड़िया परियोजना के शाइलो के पास रेलवे ट्रेक पर मिला।



रोते बिलखते परिजनों से वार्ता करती पुलिस।

मृतक का सिर धड़ से अलग था। मौत की जानकारी होने पर परिजनों सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में थाने पहुंचकर विरोध करना शुरू कर दिये। जिसपर पुलिस ने लोगों को समझाकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को दुद्धी भेज दिया। मृतक की एक छोटी बच्ची है। परिजनों का रोकर बुरा हाल है।

अब प्रश्न यह उठता है कि जब पुलिस ने उसे बैठाया था, तो छोड़ा क्यों। साथ में जाकर मामले की जांच करनी चाहिए थी। फिर वह बस स्टैंण्ड शक्तिनगर से लगभग दो किलोमीटर दूर रेलवे ट्रैक तक कैसे पहुंचा। घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।

# दो दोषियों को पांच-पांच वर्ष का सश्रम कारावास

## ढाई वर्ष पूर्व हुए जहरखुरानी मामले में आया कोर्ट का फैसला

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** ढाई वर्ष पूर्व हुए जहरखुरानी के मामले में मंगलवार को सुनवाई करते हुए सत्र न्यायाधीश रविंद्र विक्रम सिंह की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषियों राजन केशरी व पिंटू को 5-5 वर्ष की कैद व 5-5 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 3-3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अर्थदंड की धनराशि का 75 प्रतिशत पीड़ित को मिलेगा।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक शुभांशु पुत्र कमलेश चंद्र ने चोपन थाने में दी तहरीर में बताया था कि वह बर्जर पेंट्स में डीएसओ पद पर कार्यरत है। कार्य के दौरान सुकृत से 26 अगस्त 2022 को अग्रहरि पेंट्स रेणुकूट जा रहा था। सुकृत में सुबह 10:45 बजे एक सफेद रंग की बोलेरो मिली, जिसपर ड्राइवर समेत दो लोग बैठे थे। उन लोगों ने पूछा कि कहां जाना है तो रेणुकूट जाना बताया तो गाड़ी में बैठा लिया। टोल प्लाजा चुर्क पर एक व्यक्ति शौचालय चला गया और दूसरे ने बोर्नविटा बिस्कूट उसे भी खिलाया और खुद भी खाया। उसी समय अपने भाई शुभम को वाट्सएप भी किया था। उसके बाद वह अचेत हो गया। दोपहर बाद 1:06 बजे उसके मोबाइल से भाई के नम्बर पर काल गया। उसी सूचना पर परिवार वाले तेलगुड़वा से 5 किमी दूर बिहार जाने वाले रास्ते पर अचेतावस्था में उसे पाये। परिवार वाले उसे राबर्ट्सगंज के कीर्ति पाली क्लीनिक पर लाकर भर्ती कराया। उसी जगह से 112 नम्बर पुलिस को डायल कर सूचित किया गया। सायंकाल होश आने पर उसे ज्ञात हुआ कि सोने की अंगूठी, लाकेट, डेबिड कार्ड, क्रेडिट कार्ड, जूता मोजा, बॉटल, पांच हजार रुपये नगद, मोबाइल आदि सामान गायब है। परिवार वालों ने उक्त कार्ड को बंद कराने की सूचना के बाद पता चला कि रेणुकूट में एटीएम से 32 हजार रुपये खाते से निकाल लिया गया था। इस तहरीर पर 29 अगस्त 2022 को पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में राजन केशरी पुत्र काशी केशरी निवासी खरागिया अमाव, थाना चैनपुर, जिला कैमूर बिहार व पिंटू पुत्र प्यारे शाह निवासी अमाव, चैनपुर, कैमूर बिहार के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेंद्र शरण रॉय ने बहस की।

# कौशल विकास से सार्थक रोजगार दे सरकार

## हर ब्लॉक में आईटीआई और तहसील में बने पॉलिटेक्निक कॉलेज

जनसंदेश न्यूज

**म्योरपुर।** जनपद में कौशल विकास के तकनीकी शिक्षा संस्थानों की बेहद कम संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए युवा मंच ने सरकार से हर ब्लॉक में आईटीआई व हर तहसील में पॉलिटेक्निक कालेज खोलने की मांग की है। युवा मंच ने यह भी फैसला किया है कि इस मांग के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाकर उत्तर प्रदेश शासन को पत्र भेजा जाएगा।

युवा मंच की जिला संयोजक सविता गोंड़ ने कहा कि 25 लाख आबादी, जिसमें 43 प्रतिशत दलित और आदिवासी हैं, वहां महज चार आईटीआई कॉलेज और तीन पॉलिटेक्निक कॉलेज संचालित किये जा रहे हैं, इसमें भी चंद हजार सीटें ही है। चार करोड़ की लागत से बने चकरिया और पीपरखाड़ के भारत सरकार के कौशल विकास केन्द्रों को 6 साल से संचालित भी नहीं किया जा रहा है। जबकि इन केंद्रो में स्टाफ से लेकर टीचर तक नियुक्त किये जा चुके हैं। युवा मंच नेता ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री देश से विदेशों में कुशल मजदूरों को भेजने की बात करते हैं, वहीं दूसरी तरफ कुशल मजदूर बनाने वाले संस्थानों की हालत खराब है। सोनभद्र से मात्र 15 मजदूर ही विदेश काम करने जा सके। लड़कियों के लिए पॉलिटेक्निक में नर्सिंग कोर्स का संचालन नहीं हो रहा है। ऐसे में सरकार को बड़े पैमाने पर आईटीआई व पॉलिटेक्निक कॉलेज खोल शत प्रतिशत कौशल विकास के साथ सार्थक रोजगार का इंतजाम करना चाहिए। युवा मंच ने अमेरिका से हथकड़ी में लाए जा रहे मजदूरों की हालत पर दुख व्यक्त करते हुए सरकार से भारतीय नागरिकों के सम्मानजनक जीवन को सुनिश्चित करने की मांग भी की।

### गैंगस्टर ऐक्ट के चार आरोपी गिरफ्तार

**दुद्धी।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को पुलिस टीम ने उप्र गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। एसएचओ ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों में मु. हुसैन पुत्र सोवराती मिया निवासी खाला, धुरकी जिला गढ़वा, झारखण्ड, रूपलाल पुत्र स्व. रामकिशुन निवासी नगवा, दुद्धी, सोनभद्र, सुखलाल यादव पुत्र स्व. काली चरन निवासी जपला, दुद्धी व जयमंगल खरवार पुत्र जटाशंकर निवासी नगवां, दुद्धी शामिल हैं। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह, मक्खन लाल, चन्द्रिका भारद्वाज, आनन्द कुमार यादव, ओमप्रकाश यादव शामिल रहे।

### ओवरलोड परिवहन में पकड़ा ट्रक

**ओबरा।** स्थानीय बिल्ली खनन क्षेत्र में ओवरलोड गिट्टी का परिवहन कर रहे एक ट्रक को एसडीएम ने बग्घानाला के समीप से पकड़ लिया। पकड़े गए ट्रक को थाने को सुपुर्द कर दिया गया, साथ ही मामले की जानकारी खनन विभाग को दे दी गयी। सूचना पर पहुंचे खनन विभाग के जिम्मेदारों ने ओवरलोड मामले में तहरीर थाने को दी।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बस को मारी टक्कर, तीन यात्री जख्मी

## पिपरी थाना क्षेत्र के मुर्धवा-बीजपुर मार्ग पर हुई दुर्घटना, प्रयागराज कुंभ से स्नान कर छत्तीसगढ़ लौट रहे थे बस सवार

जनसंदेश न्यूज

**रेणुकूट।** पिपरी थाना क्षेत्र की मुर्धवा बीजपुर मार्ग पर बुधवार को एक अनियंत्रित ट्रक ने महाकुंभ से लौट रही छत्तीसगढ़ की बस को टक्कर मार दिया। इस दुर्घटना में बस में सवार तीन लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन की सहायता से किनारे कराकर यातायात बहाल कराया।

बताया गया कि छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से 42 यात्रियों का दल महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज गया हुआ था। स्नान करके लौटने के बाद सुबह बस मुर्धवा से बभनी मार्ग पर एक किलोमीटर आगे बढ़ी थी कि विपरीत दिशा से आ रही एक तेज अनियंत्रित ट्रक ने बस को सामने से धक्का मार दिया। बस चला रहे उड़ीसा के संभलपुर निवासी उमेश सागर ने बताया कि वह मुर्धवा मोड़ से लगभग एक किलोमीटर आगे बढ़ा था कि सामने से एक ट्रक तेज गति से आता दिखाख वह एक ट्रक को ओवरटेक कर रहा था। ट्रक की रफ्तार देखकर उसने बस को खड़ी कर दिया। बावजूद अनियंत्रित ट्रक ने उसी ओर से आ रही ट्रक को साइड से धक्का मार फिर बस में सामने से धक्का मार दिया। इस दुर्घटना में बस चालक उमेश सागर, नामदेव 67 निवासी कटनी और नीरज कुमार 42 निवासी छिंदवाड़ा को चोटें आई। यात्रियों ने बताया कि धक्का मारने के बाद ट्रक का चालक भागने लगा तो यात्रियों ने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया। इस दौरान उसी ट्रक के दूसरे चालक ने बीच बचाव कर उसे छुड़ाया तो वह फिर जंगल में भाग खड़ा हुआ। बस यात्रियों ने आरोप लगाया कि ट्रक चला रहा युवक बिल्कुल नई उम्र का था और उसके पास वैध लाइसेंस भी नहीं था, जिससे यह हादसा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को हिंडाल्को अस्पताल भेज क्रेन मंगाकर तत्काल जाम खुलवाया। प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि बस सवार कुछ यात्रियों को चोटे आई हैं। बाकी सभी यात्री बाल-बाल बच गए हैं, उन्हें अन्य माध्यम से गंतव्य के लिए रवाना किया गया।




दुर्घटना के बाद मौके पर जुटी भीड़।

# आदिवासी महासम्मेलन की तैयारी में जुटे गोंगपा कार्यकर्ता

## आठ से 10 मार्च के बीच विजयगढ़ किले पर होगा निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** गोड़वाना गणतंत्र पार्टी कार्यकर्ता आदिवासी मेला/महासम्मेलन की तैयारियों में जुट गए हैं। इसके लिए विजयगढ़ किला स्थित कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई भी की गई। जहां पर 8 से 10 मार्च के बीच निर्धन कन्याओं का सामुहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न होगा।

जिलाध्यक्ष राम नरेश पोया ने बताया कि आदिवासी महासम्मेलन एवं निर्धन कन्याओं की शादी का कार्यक्रम विजयगढ़ दुर्ग पर होगा। मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विधायक छत्तीसगढ़ सुलेश्वर सिंह मरकाम तथा विशिष्ट अतिथि श्याम सिंह मरकाम रहेंगे। उन्होंने बताया कि विजयगढ़ किला स्थित कार्यक्रम स्थल की सामुहिक रूप से कार्यकर्ताओं द्वारा सफाई की गई। जिला प्रवक्ता संतोष कुमार ने बताया कि सामुहिक शादी को सफल बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को दायित्व भी दे दिया गया है। यह कार्यक्रम गोंडवाना विजयगढ़ सेवा समिति एवं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया है। इस मौके पर रमाशंकर सिंह पोया, रामकुमार सिंह मरकाम, भोला प्रसाद, अरविंद, जागेश्वर सिंह, शिवप्रसाद सिंह नेताम, बलवंत मरपची, रामाश्रय मरकाम, आरके सिंह अर्मो, रीनू भारतीय, शेषमणि आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम स्थल की सफाई करते गोगंपा कार्यकर्ता।

# पेड़ से लटकता मिला अधेड़ का शव, जांच में जुटी पुलिस

**डाला।** चोपन थाना क्षेत्र गुरमुरा जंगल में गमछे के सहारे पेड़ से लटकता हुआ अधेड़ का शव मिलने से सनसनी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। अजय पुत्र रामचंद्र निवासी जरगाखाडी चोपन ने बताया कि हमारा भाई 45 वर्षीय श्रवण कुमार निवासी जपला, दुद्धी घर पर पच्चीस दिन पूर्व अपना इलाज कराने आया था। मंगलवार की सायं घर से कहीं निकल गया था, जिसकी तलाश की जा रही थी। खोजबीन के दौरान गुरमरा के जंगल में बुधवार को उसका शच गमछे के सहारे लटकता हुआ मिला। अजय के मुताबिक मृतक श्रवण मानसिक रुप से विछिप्त था, जिसके बाएं घुटने से आठ दिन पहले जिला अस्पताल में आपरेशन करके राड निकाला गया था। चोपन थाना प्रभारी विजय चौरसिया ने बताया कि गुरमुरा जंगल में श्रवण का शव गमछा से लटका हुआ मिला। प्रथम दृष्टया आत्महत्या होना प्रतित हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। रिपोर्ट आने पर स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस।

# जीएसटी अर्थदंड और ब्याज माफी योजना जनपद में लागू

## 1754 प्रकरण में कर 76 करोड़ तीन लाख अर्थदंड व ब्याज 80 करोड़ रुपये

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह ने बताया कि भारत एवं प्रदेश सरकार द्वारा एक जुलाई 2017 से 31 मार्च, 2020 की अवधि में जीएसटी अधिनियम की धारा-73 के अन्तर्गत सृजित की गई मांग के क्रम में अर्थदण्ड एवं ब्याज माफी योजना को लागू किया गया है, जो 31 मार्च तक लागू है। इस योजना में सम्बन्धित करदाता द्वारा सृजित मांग के सम्बन्ध में मूलकर की धनराशि को 31 मार्च तक जमा किए जाने तथा कोई अपील दाखिल न किए जाने अथवा दाखिल अपिल वापस लिए जाने पर देय अर्थदण्ड एवं व्याज पर पूरी छूट दिये जाने का प्राविधान किया गया है।

डीएम ने बताया कि जनपद में 1754 प्रकरण हैं, जिसमें कर की धनराशि 76 करोड़ 03 लाख तथा अर्थदण्ड एवं ब्याज की धनराशि 80 करोड़ निहित है।

जनपद के सम्बन्धित करदाताओं को इस योजना का लाभ उठाने की अपिल करते हुए कहा कि अर्थदण्ड एवं ब्याज की माफी से सम्बन्धित करदाताओं को बड़ी राहत मिलने का सुनहरा मौका है।

जीएसटी व्यवस्था लागू होने पर पेट्रोलियम कूड, हाई स्पीड डीजल, पेट्रोल, नेचुरल गैस, एविएशन टरबाइन फ्यूल तथा मानव उपभोग के लिए मदिरा पर करारोपण का अधिकार ही राज्यों में निहित रह गया और इन वस्तुओं पर जीएसटी नहीं लगाया जाता है। उक्त वस्तुएं नान जीएसटी के अंतर्गत है, जिसमें पूर्व की भांति वैट राजस्व ही जमा हो रहा है। राज्य कर विभाग द्वारा वर्तमान में जीएसटी एवं वैट अधिनियम के अंतर्गत देय राजस्व को प्राप्त किया जाता है।

जीएसटी में पंजीयन की अनिवार्यता वस्तुओं के लिए 40 लाख तथा सेवाओं के लिए 20 लाख टर्नओवर से अधिक प्रतिवर्ष रखी गयी है, परन्तु उक्त सीमा से कम के व्यापारी भी स्वैच्छिक रूप से पंजीयन कर सकते हैं। बताया कि रोड चेकिंग की जांच की प्रक्रिया में मुख्यतः प्रान्त के अन्दर आने वाले माल तथा प्रान्त से बाहर जाने वाले माल की जांच की जाती है रु 50,000 से अधिक माल का मूल्य होने पर परिवहन के समय ईवे बिल अनिवार्य है।

# कलेक्ट्रेट परिसर को रखें साफ हटायें बगैर जरूरत की सामग्री

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट भवन का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट भवन परिसर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परिसर में साफ-सफाई बनाये रखने के साथ ही कार्यालयों में भी सफाई बेहतर करने के निर्देश सम्बन्धितों को दिये।



कलेक्ट्रेट स्थित एक विभाग कार्यालय में कार्मिकों से जानकारी लेते डीएम बीएन सिंह।

डीएम ने कहा कि कार्यालय के पत्रावलियों का रख-रखाव बेहतर किया जाये, ताकि जरूरत पड़ने पर पत्रावलियों को आसानी से निकाला जा सके। कलेक्ट्रेट परिसर भवन को आवश्यकतानुसार मरम्मत आदि का कार्य कराया जाये और उसे उपयोग में लाया जाये। कोषागार कार्यालय के पत्रावलियों के रख-रखाव के भवन जर्जर स्थिति में पाया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने कोषागार पत्रावलियों के बेहतर रख-रखाव हेतु भवन निर्माण कराने के निर्देश वरिष्ठ कोषाधिकारी को दिये। कलेक्ट्रेट के नाजिर को निर्देश दिया कि कलेक्ट्रेट परिसर में नये भवन का निर्माण न कराया जाये, इसका विशेष ध्यान दिया जाये, जो पहले से भवन तैयार हैं, उसकी मरम्मत कराते हुए उपयोग में लाया जाये। उन्होंने कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर के बाउण्ड्री से सटे झाड़ों को कटवाते हुए साफ किया जाये। कलेक्ट्रेट पसिर में बिना जरूरत के रखी सामग्री को तत्काल हटाया जाये। इस मौके पर वरिष्ठ कोषाधिकारी श्री इन्द्रभान सिंह, नाजिर कलेक्ट्रेट सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# एबीएसए के निरीक्षण में गैरहाजिर मिले शिक्षकों पर कार्रवाई की संस्तुति

जनसंदेश न्यूज

**शक्तिनगर।** खंड शिक्षा अधिकारी म्योरपुर विश्वजीत कुमार ने बुधवार को कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर अध्यापक उपस्थिति, छात्र उपस्थिति एवं शैक्षिक गुणवत्ता का हाल जाना। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कंपोजिट विद्यालय सिधवाडॉड़ का निरीक्षण किया, जहां किरन मौर्या प्रभारी प्रधानाध्यापिका, नित्या चौधरी सहायक अध्यापिका उपस्थित पाई गईं। वहीं सुनीता सहायक अध्यापिका मातृत्व अवकाश पर थी।

सूची सिंह सहायक अध्यापिका एवं मुन्ना लाल शिक्षा मित्र अनुपस्थित पाए गए। रामरती शिक्षा मित्र एवं अरविंद कुमार यादव अनुदेशक निरीक्षण के समय उपस्थित हुए, जिन्हें चेतावनी दी गई। कंपोजिट विद्यालय बैरपान के निरीक्षण में रेखा सिंह सहायक अध्यापिका बाल्यकाल देख भाल अवकाश पर रहीं। बच्चों की उपस्थिति कम पाए जाने पर सभी अध्यापकों को चेतावनी दी गई कि सभी लोग विद्यालय में न आने वाले बच्चों को चिन्हित कर अभिभावक बैठक कर उपस्थिति बढ़ाना सुनिश्चित करें। उच्च प्राथमिक विद्यालय अनपरा के निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापिका यासीन अंसारी, रेखा मिश्रा सहायक अध्यापिका, इंदु कुमारी सहायक अध्यापिका, शबाना मंसूरी सहायक अध्यापिका, पिंकी सिंह अनुदेशक उपस्थित, किरन आभा सिंह सहायक अध्यापिका अवकाश पर रहीं। निशा बुलबुल अनुदेशक आकस्मिक अवकाश एवं राजेश कुमार यादव अनुदेशक अनुपस्थित पाए गए। बच्चों की कम उपस्थिति, शिक्षक डायरी का प्रयोग न करने एवं विद्यालय का शैक्षिक स्तर ठीक नहीं पाए जाने पर सभी अध्यापकों को कठोर चेतावनी दी गई। कंपोजिट विद्यालय चिल्काडाड़ के निरीक्षण के दौरान आशा कुमारी सहायक अध्यापिका चिकित्सीय अवकाश पर एवं समस्त अध्यापक उपस्थित पाए गए। कंपोजिट विद्यालय तारापुर में समस्त अध्यापक उपस्थित पाए गए। विद्यालय का शैक्षिक स्तर एवं भौतिक स्तर संतोष जनक पाया गया। प्राथमिक विद्यालय मिसिरा में समस्त अध्यापक उपस्थित पाए गए। एबीएसए ने निर्देशित किया कि बच्चों का शैक्षिक स्तर खराब पाए जाने पर सभी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। निपुण लक्ष्य अभियान को ध्यान में रखते हुए जल्द सभी बच्चों को निपुण किया जाए। जिससे ब्लॉक को निपुण ब्लॉक घोषित किया जा सके। बताया कि सभी अनुपस्थित शिक्षक, शिक्षामित्र एवं अनुदेशक के विरुद्ध जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कार्यवाही हेतु संस्तुति कर दी गई है। एबीएसए के निरीक्षण से शिक्षा क्षेत्र म्योरपुर में हड़कंप की स्थिति रही।



एक विद्यालय में छात्रा से जानकारी लेते एबीएसए।

# कैट्जी जीनियस परीक्षा में प्रथम स्थान लाने वाले रुद्राक्ष का सम्मान

**ओबरा।** नगर के प्रतिष्ठित सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल में गर्व और उल्लास से भरा क्षण रहा। विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र रुद्राक्ष राय को कैट्जी कोचिंग संस्थान, महमूरगंज, वाराणसी द्वारा आयोजित जीनियस 20 परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष्य में भव्य रूप से सम्मानित किया गया। बीते 19 जनवरी को आयोजित प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कक्षा 8वीं के छात्र रुद्राक्ष राय ने अपनी प्रतिभा, मेहनत व लगन के बल पर यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय की असेम्बली में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं और शिक्षिकाओं ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। कैट्जी के डायरेक्टर एसके अग्रवाल ने छात्रों को कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के महत्व को समझाते हुए उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूक रहने और अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। प्रिंसिपल अमल रोज ने रुद्राक्ष की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों ने रुद्राक्ष की इस उपलब्धि से प्रेरणा लेते हुए अपनी शिक्षा यात्रा में नवीन ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया। रुद्राक्ष राय को प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 5000 रुपए की नकद राशि, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय बल्कि समस्त क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इस मौके पर शिक्षिका शीना वर्गीस समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।



मेडल व प्रमाण पत्र के साथ रुद्राक्ष।

# तेज रफ्तार वाहन की चपेट में मासूम छात्र की मौत

हादसा

**कुचमन के समीप केशवपुर में गोल्डेन फ्यूचर एकेडमी की कक्षा दो का था छात्र**

**हॉस्टल के शिक्षक के साथ बच्चे गांव की सड़क पर सुबह टहलने के लिये निकले थे**



मृतक छात्र युवराज शर्मा। फाइल फोटो।



घटना के बारे में सीओ राजेश कुमार राय परिजनों से जानकारी लेते।

**सकलडीहा।** सदर कोतवाली के केशवपुर गांव में बुधवार की सुबह गोल्डेन फ्यूचर एकेडमी के छात्र, शिक्षक के साथ सड़क पर टहलने के लिये निकले हुए थे। इसी दौरान कुचमन स्टेशन की ओर से तेज रफ्तार में आ रही पिकअप की चपेट में एक मासूम की मौत हो गयी। आरोप है कि घटना के बाद विद्यालय प्रबंधन की ओर से बच्चे को इलाज के लिये हास्पीटल नहीं ले गये।

हास्टल में बच्चे को सुला दिये जाने पर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। काफी संख्या में ग्रामीण हास्टल पर पहुंचकर हो हल्ला मचाया। मौके पर पहुंचे सीओ राजेश कुमार राय ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया। तहरीर लेकर छात्र का शव को कब्जे में लेकर पीएम की कार्रवाई में जुट गयी। बताते हैं कि सेवखर खुर्द गांव के राजेश शर्मा के दो पुत्र युवराज और योगेश तीन पुत्री लक्ष्मी, खुशी और गीताजंली है। 8 वर्षीय युवराज शर्मा गांव से तीन किलोमीटर दूर केशवपुर गांव में गोल्डेन फ्यूचर एकेडमी में कक्षा दो का छात्र था। सुबह स्कूल के प्रबंधक के साथ बच्चे गांव के सड़क पर सुबह टहलने के लिये निकले हुए थे। इसी बीच कुचमन रेलवे स्टेशन की ओर से तेज रफ्तार में आ रही पिकअप की चपेट में आने से छात्र सौ मीटर तक घसीटता रहा।

ग्रामीण और बच्चे वाहन को पकड़ने के लिये दौड़ पडे.। लेकिन मौका का फायदा उठाते हुए पिकअप चालक वाहन सहित फरार हो गया। ग्रामीणों का आरोप है स्कूल प्रबंधक की ओर से बच्चे की इलाज के लिये हास्पीटल न ले जाने हास्टल में बच्चे को रखे रहने पर ग्रामीणों में गुस्सा फूट पड़ा। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने हास्टल पर पहुंचकर जमकर हो हल्ला मचाया। सूचना पर पहुंचे सीओ राजेश कुमार राय ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजनों की तहरीर पर शव को कब्जे में लेकर पीएम की कार्रवाई में जुट गयी। इस बाबत सीओ राजेश कुमार राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी। मौके पर सदर कोतवाल राजेश सिंह, राकेश यादव, प्रमोद यादव, अवधेश शर्मा, राजू सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## आपसी विवाद में दो पक्षों में चाकूबाजी एक की मौत, दो गंभीर

**चंदौली।** धानापुर थाना क्षेत्र के महराई गांव में मंगलवार की रात दो पक्षों में मारपीट के दौरान एक पक्ष के युवक ने दोनों युवकों को चाकू मार दिया। घटना में तीनो गंभीर रूप से हो गए। मौके पर जुटे आस पास के ग्रामीणों ने तत्काल तीनो युवकों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहा इलाज के दौरान चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। वही दो की हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। बताते हैं कि गांव निवासी चंदन बिंद व विजय बिंद व सोनू किसी बात को लेकर आपस मे लड़ गए इसी दौरान दोनों में चाकूबाजी होने लगी घटना में तीनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर-गुल सुनकर मौके पर जुटे आस पास के ग्रामीणों ने घायलावस्था में दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहा चिकित्सकों ने चंदन को मृत घोषित कर दिया। वही विजय व सोनू की हालत गंभीर होने पर जिलाचिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। इस बाबत एसपी आदित्य लांग्हे ने बताया कि किसी बात को लेकर दो पक्षों की आपसी विवाद में तीन युवक चोटिल हो गए थे जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। दूसरे को जिला चिकित्सालय भेज गया है साथ ही जिसके द्वारा घटना किया गया है। उसको भी चोट आई है। जिसका इलाज कराया जा रहा है घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है परिजनों के तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाई की जाएगी।

## फांसी के फंदे से झूलता मिला वृद्ध किसान का शव

**इलिया।** थाना क्षेत्र के तियरी गांव में मंगलवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक वृद्ध का शव पेड़ में फांसी के फंदे से झूलता हुआ मिला। जिसकी शिनाख्त गांव के ही अनिल सिंह 60 वर्ष के रूप में की गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर पंचनामा कर पीएम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। वृद्ध किसान अनिल सिंह का विवाह नहीं हुआ था। वह दो भाई थे। एक भाई लंबे समय से वाराणसी रहते थे। जिसके कारण घर पर वह अकेले रहते थे। मंगलवार की देर शाम गांव के बाहर एक व्यक्ति को पेड़ के सहारे लटकता देख गांव के लोगों ने उसकी जानकारी पुलिस को दी, तब तक भारी संख्या में ग्रामीण भी इकट्ठा हो गए। और शव की शिनाख्त अनिल कुमार सिंह के रूप में की गई। घटना को लेकर का तरह-तरह की चर्चा व्याप्त है। थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीक होता है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

## दुरंतो एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान वृद्ध की मौत



यात्री की मौत के बाद शव को कब्जे में लेती जीआरपी।

**डीडीयू नगर।** प्रयागराज महाकुंभ में स्नानार्थियों की भीड़ के कारण ट्रेनों में लोग लगातार बीमार हो रहे हैं और लोगों की मौत भी हो जा रही है। बुधवार की सुबह बिकानेर सियालदह दुरंतो एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान वृद्ध यात्री की मौत हो गई। वहीं मंगलवार की रात एक युवक बीमार हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

राजस्थान के झुंझनु जिले के मालसिसर थाना अंतर्गत वार्ड नंबर 20 के रहवासी ताराचंद जागिण (68) अपने दोस्त महेंद्र, सुरेंद्र और गोपी राय के साथ बिकानेर सियालदह दुरंतो एक्सप्रेस के बी-9 कोच के सीट संख्या 14 पर सवार होकर सियालदह के लिए चला था। इस बीच रास्ते में उसकी तबीयत खराब हो गई।

ट्रेन बुधवार की सुबह सवा सात बजे स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर पहुंची। ट्रेन के पहुंचने पर स्टेशन अधीक्षक द्वितीय सीबी राय मौके पर पहुंचे। एसएस की सूचना पर आरपीएफ और जीआरपी और चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुंच गई।

जांच के बाद वृद्ध को मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि वृद्ध के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

इसके पूर्व स्थानीय रेलवे स्टेशन पर मंगलवार की शाम कुंभ स्नान कर लौटे बिहार के बक्सर जिला निवासी मिथिलेश दुबे के पुत्र आलोक रंजन (19) को दौरा पड़ा। वह ऊट पटांग हरकत करने लगा। इस पर आरपीएफ ने युवक को काबू में किया और उसे चिकित्सक से जांच कराई। इसके बाद युवक को इलाज के लिए वाराणसी ट्रॉमा सेंटर भेज दिया गया।


## 11 आदतन अपराधियों को पुलिस ने किया जिला बदर

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने व अपराध नियंत्रण के मद्देनजर डीएम निखिल टीकाराम फुंडे व एसपी आदित्य लांग्हे ने विशेष अभियान के तहत सक्रिय अपराधियों व अराजक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही की है। इसी क्रम में विभिन्न आपराधिक क्रियाओ में संलिप्त अपराधियों पर प्रभावी अकुंश लगाए जाने तथा जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए 11 आदतन अपराधियों के विरुद्ध जिला बदर की कार्यवाही की गयी हैं। इन अपराधियों को 06 माह के लिए जिले की भौगोलिक सीमाओं से निष्कासित किया गया हैं। अगर इसके बाद भी कोई शहर की सीमा में भटकता या सक्रिय दिखा तो उसके ऊपर सख्त कार्यवाही की जाएगी। पुलिस जिला बदर अभियुक्त पर पैनी नजर बनाए हुए है।

पुलिस विभाग ने धानापुर थाना क्षेत्र के कवई पहाड़पुर निवासी मनीष उर्फ गुरुदयाल यादव पुत्र बुल्लू यादव तथा आकाश बिन्द पुत्र हरिवंश बिन्द, चुनमुन उर्फ छोटू पुत्र हरिनाथ, मुन्ना बिन्द पुत्र स्वर्गीय रामकरन बिन्द को जिला बदर किया गया है। इसके अलावा थाना अलीनगर के खानजहां चक पचफेड़वा निवासी संतोष बिन्द पुत्र नरेश बिन्द व विकास सोनकर पुत्र टिन्चू सोनकर को पुलिस ने जिला बदर किया है। इसके अतिरिक्त गंजख्वाजा निवासी संतोष कुमार यादव पुत्र स्वर्गीय शिवनाथ यादव, रेवसा गांव निवासी धर्मेन्द्र भारती पुत्र ओमप्रकाश भारती के खिलाफ भी कार्यवाही हुई है। वहीं धीना थाना क्षेत्र के माधोपुर निवासी अजय नारायण सिंह उर्फ चप्पू पुत्र प्रेम नारायण सिंह, कंदवा थाना क्षेत्र के कोदई गांव निवासी लक्ष्मण बिन्द पुत्र नन्द किशोर बिन्द, बलुआ थाना क्षेत्र के सराय गांव निवासी रोहित निषाद पुत्र मक्खन निषाद के खिलाफ पुलिस ने जिला बदर की कार्यवाही की है।

## किड़िहिरा में फर्जी हस्ताक्षर बनाकर 85 हजार का किया गबन



किड़िहिरा ग्राम पंचायत के चयन रजिस्टरी पर लगाया गया सफेदा।





किड़िहिरा ग्राम पंचायत स्थित अंबेडकर ग्राम संगठन का कार्यालय।

**इलिया।** क्षेत्र के किड़िहिरा गांव के अंबेडकर ग्राम संगठन के पदाधिकारियों का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर 85 हजार रुपए गबन कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि अंबेडकर ग्राम संगठन के अध्यक्ष अनिसुननिशा का फर्जी हस्ताक्षर कर फर्जी समूह सखी माया ने ब्लॉक मिशन मैनेजर के मिली भगत से 85 हजार हजम कर लिए। इतना ही नहीं कार्रवाई रजिस्टर पर सफेदा लगाकर पदाधिकारियों का नाम भी बदल दिया गया।

इस बात की जानकारी अंबेडकर ग्राम संगठन के अध्यक्ष अनिसुननिशा को हुई तो तत्काल उन्होंने लिखित रूप से डीसी एनआरएलएम श्वेता सिंह को प्रार्थना पत्र देते हुए प्रकरण के जांच करने की मांग की। हालांकि प्रार्थना पत्र पड़ते ही ब्लॉक मिशन मैनेजर एसएमसीवी, कादिर को शहाबगंज से हटाकर जिला कार्यालय पर अटैच कर मामले में लीपापोती कर लिया गया। हो हल्ला मचा तो जांच के लिए जिला स्तर से छह सदस्यीय टीम का गठन किया गया और 15 दिन में जांच रिपोर्ट देने की बात कही गई। लेकिन समय बीतने के बाद भी कोई जांच टीम नही आई। एनआरएलएम कार्यालय शहाबगंज द्वारा अंबेडकर ग्राम संगठन के पदाधिकारियों का पुनः चयन किया गया। बता दें कि समूह को स्टार्टअप के तौर पर 15 सौ से 25 सौ आरएएफ के तहत 15 हजार से 30 हजार सीआईएफ के तहत एक लाख दस हजार से एक लाख पचास रुपए दिए जाने का प्रावधान है। इसके तहत गांव के 16 समूह में से आठ समूहों को एक लाख दस हजार रुपए दिए जाने के लिए पिछले वर्ष 16 मई को 8 लाख 80 हजार रुपए ग्राम संगठन समूह को भेजा गया। उस धन को भी पुराने समूह को न देकर नए समूह को दिए जाने का आरोप है। पूरे विकास क्षेत्र में कुल 956 समूह संचालित है। सभी समूह का संचालन एनआरएलएम कार्यालय से किया जाता है। जबकि कार्यालय भी ऐसी जगह है जहां कोई वहां तक पहुंच नहीं सकता। नहीं कहीं बोर्ड लगा है। बल्कि जिस भवन में कार्यालय चल रहा है उस भवन पर प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण माडल लिखा हुआ है। आज तक विभागीय अधिकारियों ने एक बोर्ड भी लगाना उचित नहीं समझा। इस बाबत बीएमएम पूणेन्दू शंकर मिश्रा ने बताया कि किड़िहिरा गांव में अंबेडकर ग्राम संगठन के नए सदस्यों का चयन कर लिया गया है। और पूरे प्रकरण से डीसी एनआरएलएम को अवगत करा दिया गया है।

## संक्षेप

### शिक्षकों की मांगों पर गंभीरता से विचार करे प्रदेश सरकार




**चंदौली।** उत्तर प्रदेश सरकार प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक ईकाई सदर की बैठक बुधवार को बीआरसी पर हुई। इसमें शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं व चयन वेतन मान का निस्तारण पर चर्चा की गई। शिक्षकों के वर्षों से लंबित एरियर का निस्तारण कराया जाए। शिक्षकों ने सीसीएल मेडिकल अन्य समस्याओं पर चर्चा किया। इस दौरान शिक्षकों ने कहा कि हमारी मांगों को लेकर सरकार गंभीर नहीं है, जो भी हमारी मांगे हो उसका तत्काल निस्तारण कराया जाए, ताकि हम शिक्षकों को राहत मिल सके। शिक्षकों ने अपनी मांगों के प्रति शासन को कई बार अवगत कराया लेकिन शासन की उदासीनता के कारण मांगों पर अभी तक विचार नहीं किया गया। इससे शिक्षक अब शिक्षक आंदोलन के मूड में है। इस दौरान आनंद सिंह, मोहम्मद अकरम, राजेश कुमार सिंह, जय बहादुर सिंह, राजेश बहादुर सिंह, सुरेश कुमार गुप्ता, हरिराम, हरि चरण, मिथिलेश, मनोज कुमार, प्रखर कुमार दीक्षित, प्रद्युम्न, सुधीर सिंह, छोटेलाल, रामानंद यादव, जितेंद्र कुमार, दिलीप कुमार सिंह चौहान उपस्थित रहे।

### बिछड़े बालक को कमांडेंट ने मां बाप से मिलाया



**डीडीयू नगर।** डीडीयू रेलवे स्टेशन पर अधिक भीड़ के कारण पांच वर्षीय बालक मां बाप से बिछड़ गया। बच्चे पर अचानक नजर पड़ने पर वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेतिन बी राज ने बच्चे से बात की और परिजनों को खोजकर बच्चे को उनके हवाले कर दिया। खोए बच्चे को पाकर परिजनों ने आरपीएफ को धन्यवाद दिया। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की अधिक भीड़ को संभालने के लिए वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेतिन बी राज ने स्वयं कमान संभाल ली है। इसके तहत मंगलवार की रात लगभग दो बजे कमांडेंट जेतिन बी राज भीड़ की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। इसी बीच प्लेटफार्म संख्या एक और दो के रैंप पर एक 5 वर्षीय बालक रोता हालत में मिला। बच्चे से प्यार से काउंसलिंग कर उसके मम्मी पापा के बारे में पूछा गया। तब बच्चे ने बताया कि वह प्लेटफॉर्म पर अपने मम्मी पापा से भटक गया है। इसके बाद एनाउंस कराया गया। एनाउंस सुनकर बच्चे के परेशान पिता रोहित जायसवाल पहुंचे और खोए बेटे को पाकर खुशी से फुले नहीं समाए। पूछने पर उसने बताया कि वह अपने परिवार के साथ धनबाद जाने के लिए गाड़ी दून एक्सप्रेस पर सवार होने आया था। प्लेटफॉर्म पर जाते समय भीड़ के कारण बच्चे का हाथ छूट गया।

### सड़क सुरक्षा को लेकर स्वयंसेवियों को दिलाई शपथ





**नियामताबाद।** लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पंडित पारसनाथ तिवारी के नवीन परिसर में बुधवार एक दिवसीय शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार ने सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं के सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ दिलाई गई। इस दौरान स्वयंसेवियों को सड़क पर चलने के नियमों का पालन करने के साथ ही वाहन चलाते समय कभी मोबाइल का उपयोग नहीं करने तथा कभी भी तेज गति से वाहन नहीं चलाने, वाहन प्रदूषण की नियमित जांच कराने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डा अरविंद ने कहा कि सड़क पर हमेशा हमें बाएं चलना चाहिए व यातायात नियमों का पालन करना चाहिए एवं चौराहों पर जेब्रा क्रासिंग द्वारा ही सड़क पार करना चाहिए। इस अवसर पर सुनील, सुजीत आदि के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे।

### बाबा दुखहरण नाथ मंदिर में लगे सभी घंटे चोरी

**कमालपुर।** धीना थाना क्षेत्र के कमालपुर चौकी अंतर्गत पिपरी ग्राम सभा स्थित बाबा दुखहरण नाथ मंदिर से बीती रात चोरों ने मंदिर परिसर में लगे अट्ठारह पीतल के घंटे को चोरी कर अपने साथ ले गए। साथ ही मंदिर के पास स्थित पंचायत भवन का भी ताला तोड़कर सीसीटीवी कैमरे का सीडीआर ले गए। चोरी की जानकारी होने पर पहुंचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना कमालपुर चौकी पुलिस को दी सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने चोरी की घटना की जानकारी ग्रामीणों से ली। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी चोरों द्वारा चोरी की घटनाएं की जा चुकी है। लेकिन अभी तक पुलिस द्वारा एक भी चोरी का खुलासा नहीं किया गया। इस बाबत धीना थाना प्रभारी रमेश यादव ने बताया कि मंदिर एवं पंचायत भवन में चोरी की घटना हुई है। शीघ्र ही इसका खुलासा किया जाएगा।

## लघु व एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए साइन किया एमओयू



**नियामताबाद।** लघु और मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के अध्यक्ष देव भट्टाचार्य और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के उपमहाप्रबंधक रितेश कुमार सिंह के बीच समझौता (एमओयू) हुआ, इससे लघु और एमएसएमई सेक्टर के उद्योगों को आसानी से वित्त पोषण एवं विकास को मदद मिलेगा।

सिडबी के उपमहाप्रबंधक रितेश सिंह ने कहा कि रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन पूर्वांचल का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण एसोसिएशन है इसलिए अब सिडबी रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के समस्त उधमियों को आसानी से ऋण उपलब्ध कराएगी और सब्सिडी भी तुरन्त मिलेगा। साथ में एसोसिएशन के रामनगर औद्योगिक क्षेत्र स्थित कार्यालय में सिडबी की तरफ से एक अधिकारी भी नियुक्त किया जाएगा, जो प्रत्येक उद्यमी की समस्याओं को तत्काल समाधान करेगा। साथ में सिडबी द्वारा रामनगर औधोगिक एसोसिएशन के कार्यालय में दस किलोवॉट का सोलर पैनल, लैपटॉप आदि उधमियों की सुविधा हेतु निशुल्क लगवाया जाएगा।

सिडबी के माध्यम से उद्योगों में सोलर लगवाने पर मिलने वाले ऋण पर दो प्रतिशत ब्याज पर छूट भी मिलेगा और इसके लिए 100 प्रतिशत लोन होगा जिसे मासिक बिल की बचत से ही अदा होगा। बैठक में सिडबी के प्रबंधक विनीश व अक्षय सहायक प्रबन्धक नूपुर और उधमियों की तरफ से विनम्र अग्रवाल, जितेन्द्र जैन, अजय राय,अमित गुप्ता, शरद अग्रसेन, धीरज विश्वकर्मा, मनोज तिवारी, शिव पूजन जायसवाल, भारत जोतवानी, अरविंद सिंह, सुनील अग्रहरि, रवि कपूर,संजय लखवानी, सुरेश खंडेलवाल, विजय केशरी, राहुल शर्मा, संजय गुप्ता, आदर्श सिंह, अतुल मिश्रा, राजदीप थापर आदि उपस्थित रहे।

### शबरी माता का जन्मोत्सव 20 को

**इलिया।** क्षेत्र के खास कौडिहार ग्राम स्थित मां शबरी मंदिर पर मां शबरी समिति द्वारा 20 फरवरी को शबरी माता के जन्मोत्सव का आयोजन किया गया है। जन्मोत्सव समारोह के मुख्य अतिथि विधायक कैलाश आचार्य, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह रहेंगे। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष सोमारू बनवासी ने दिया है।

## चोरी की तीन बाइक के साथ पुलिस ने दो चोरों को दबोचा

जनसंदेश न्यूज

कार्रवाई

**पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाया जा रहा अभियान**

**चंदौली।** सदर कोतवाली पुलिस ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर लीलापुर अंडरपास से दो बाइक चोरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से तीन मोटरसाइकिल बरामद किया। पुलिस ने दोनों बाइक चोरों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम बीते 17 फरवरी को मचिया कला निवासी रामअवध यादव की कचहरी के समीप स्थित बालिका इण्टर कालेज गेट से चोरी हुई बाइक के मामले में प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कार्रवाई में जुटी थी।

इस बीच मुखबिर से सूचना पर लीलापुर अण्डरपास के नीचे 2 व्यक्ति के कब्जे से तीन चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बाइक चोर खगवल कोडरियां निवासी शशि प्रकाश और फुटिया निवासी पन्ना गुप्ता ने बताया कि चंदौली कचहरी के पास से कुछ दिन पहले तीन बाइक चोर की गई थी। इसमें एक गाड़ी साहूजी पोखरे के पास छिपाकर रखा गया है। वहीं एक बाइक फगुइयां में कबाड़ी को तीन हजार में बेचा गया है।

इस समय चोरी की गाड़ी बेचने के लिए बिहार के पार्टी का इंतजार कर रहा था। पुलिस टीम में कस्बा चौकी के उपनिरीक्षक विनोद सिंह, कांस्टेबल विजय कुमार मौजूद रहे।

## देसी शराब ठेका हटाने की ग्राम प्रधान ने की मांग

मांग

**ग्रामीणों ने प्रधान के साथ डीएम से की मुलाकात**

**चंदौली।** सदर विकासखंड के नवही के ग्राम प्रधान के साथ ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि देसी शराब का ठेका होने के कारण युवाओं और महिलाओं पर इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसे तत्काल हटाया जाए, ताकि ग्रामीणों को और युवाओं को नशा मुक्ति से दूर किया जा सके।

डीएम ने उचित आश्वासन दिया और कहा कि इस पर तत्काल विचार किया जाएगा। इस दौरान ग्राम प्रधान राजेंद्र गौतम ने कहा कि नवही गांव अति संवेदनशील और बिहार राज्य की सीमा से सटा हुआ ग्राम सभा है, जहां देसी शराब का ठेका होने का कारण आए दिन अपनी घटनाएं होती रहती है। यही नहीं यहां लड़ाई व झगड़ा के साथ-साथ पशु तस्करी शराब तस्करी व गोली चलने के साथ हत्या होने की घटनाएं होती रहती हैं। ग्राम सभा का दलित युवा वर्ग नशा की और बढ़ता जा रहा है।

ऐसे में गांव के लोगों का जीना दूर हो गया है। उक्त दुकान को वहां से हटाकर दूसरे अन्यत्र जगह किया जाए, ताकि ग्रामीणों को जो समस्याएं हैं उसका समाधान हो सके। अगर यह दुकान हटाई नहीं गई तो ग्रामीण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे और इसके लिए जिला प्रशासन जिम्मेदार होगा। इस दौरान अमरनाथ, राम लखन, गंगाराम उपस्थित रहे।

### नशे में धुत युवक को लोगों ने समझा चोर

**डीडीयू नगर।** मुगलसराय कोतवाली के क्षेत्र के कसाब महाल में मंगलवार की रात लोगों ने चोर-चोर का शोर मचाना शुरू कर दिया। इस दौरान पकड़े जाने और पिटाई के डर से नशे में धुत युवक गहरे नाले में जाकर छिप गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे बाहर निकाल कर थाने ले आई। लोगों ने बताया कि नगर के शालीमार कटरा के एक बाइक चेन से बंधी खड़ी थी। बताया कि एक युवक ने चेन को तोड़ दिया और बाइक लेकर जा रहा था। इस बीच लोगों ने चोर-चोर करके हल्ला मचाना शुरू कर दिया, तब युवक बाइक छोड़कर नाले में जा छिपा। युवक के नाले में छिपते ही वहां काफी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने युवक को किसी तरह बाहर निकाला। इस बाबत कोतवाल विजय बहादुर सिंह ने बताया कि के अत्यधिक नशे में होने के कारण दूसरे की बाइक जा रहा था उतरने पर उसने अपनी गलती को स्वीकार किया। पुलिस ने भविष्य में ऐसी गलती ना करने का लिखित लेकर उसे छोड़ दिया।

## डीएम के निर्देश पर घायल यात्रियों को ट्रेन से किया गया रवाना





**डीडीयू नगर।** गत दिनों कटसिला में बस और ट्रक की टक्कर में आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा से कुंभ स्नान कर बस से वापस लौट रहे 17 श्रद्धालु जख्मी हो गए। इलाज के बाद जिला प्रशासन के अधिकारियों ने रेलवे के सहयोग से मंगलवार की रात सभी को डीडीयू स्टेशन से विजयवाड़ा रवाना कर दिया।

कटसिला में एक सप्ताह पहले बस और ट्रक की टक्कर में दस से अधिक यात्री जख्मी हो गए थे। आंध्र प्रदेश से कुंभ स्नान कर तीर्थ यात्री बस से लौट रहे थे। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बचे यात्रियों को दो दिन पहले ट्रेन से उनके घर रवाना कर दिया गया। घायलों का इलाज होने के बाद मंगलवार की रात डीएम के निर्देश पर घायल यात्रियों के खाने, ट्रेन के टिकट आदि की व्यवस्था की गई। इसके बाद रेलवे प्रशासन के सहयोग से एनार्कुलम एक्सप्रेस से 17 यात्रियों को विजयवाड़ा के लिए रवाना किया गया।

इस दौरान स्टेशन पर एसडीएम मुगलसराय आलोक कुमार, सीओ आशुतोष कुमार, सीएसजी एनके मिश्र, मुगलसराय कोतवाल विजय बहादुर, जीआरपी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, आरपीएफ निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत आदि लोग रहे।

# स्पोर्ट्स



ब्राजील के रियो डि जिनेरो में जर्मनी के एलेकजेंडर ज्वेरोव एटीपी रियो ओपन टेनिस में रिटर्न शॉट लगाते हुए।

# आईसीसी एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचे शुभमन, बाबर दूसरे नंबर पर खिसके

## गेंदबाजी में श्रीलंका के तीक्षणा टॉप पर

**दुबई।** भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी ताजा एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गये हैं। हाल में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में शानदार प्रदर्शन के आधार पर शुभमन ने 15 अंक हासिल कर पहले स्थान पर कब्जा कर पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को दूसरे नंबर पर धकेल दिया है। वहीं आजम को 13 अंक का नुकसान हुआ है।

शुभमन अभी एकदिवसीय में अच्छे फॉर्म में हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में 86.33 के औसत से 259 रन बनाए। शुभमन को बाबर को रैंकिंग में पीछे छोड़ने के लिए केवल पांच अंक की जरूरत थी। वहीं आजम को त्रिकोणीय सीरीज में खराब प्रदर्शन से 13 अंक का नुकसान हुआ जबकि शुभमन गिल को 15 अंक मिले। इस भारतीय बल्लेबाज के नाम अब 796 अंक हैं जबकि बाबर के 776 अंक ही हैं। मौजूद हैं। चैंपियंस ट्रॉफी के शुरूआती दिन ही शुभमन के नंबर वन बल्लेबाज बनने से उनका मनोबल बढ़ेगा। टूनामेंट में उपकप्तानी कर रहे शुभमन से टीम को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। भारतीय टीम के मुख्य कोच



गौतम गंभीर ने शुभमन गिल की तारीफ करते हुए कहा था कि हाल ही में उप-कप्तान बनाए जाने से उन्हें लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी। बैटिंग रैंकिंग में चार भारतीय बल्लेबाज टॉप-10 में हैं। कप्तान रोहित शर्मा तीसरे और विराट कोहली छठे स्थान पर बने हुए है। श्रेयस अय्यर को एक स्थान का फायदा हुआ है, वे नौवीं पॉजिशन पर पहुंच गए हैं। वहीं गेंदबाजी रैंकिंग में श्रीलंका के स्पिनर महीश तीक्षणा टॉप पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अफगानिस्तान के राशिद खान को पीछे छोड़ दिया है। बॉलर्स रैंकिंग में टॉप-10 में दो भारतीय कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज हैं। कुलदीप को एक स्थान का फायदा हुआ है। सिराज 10वें स्थान पर बने हुए है। वनडे के ऑलराउंडर्स रैंकिंग के टॉप-5 में बदलाव नहीं हुआ। टॉप-10 में केवल एक भारतीय रवींद्र जडेजा शामिल हैं। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी टॉप पर बरकरार हैं।

## यंग और लेथम के शतक ने न्यूजीलैंड के स्कोर को पहुंचाया तीन सौ के पार

**कराची।** टॉम लेथम (नाबाद 118), विल यंग (107) की शतकीय और ग्लेन फिलिप्स (61) रनों की अर्धशतकीय पारियों की मदद से न्यूजीलैंड ने बुधवार को चैंपियंस ट्रॉफी के उद्घाटन मुकाबले में पाकिस्तान को जीत के लिए 321 रनों का लक्ष्य दिया। बुधवार को कराची के नेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने एक समय 16.2 ओवर में 73 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे। डेवन कॉन्वे (10), केन विलियमसन (एक) और डैरिल मिचेल (10) रन बनाकर आउट हुये। हालांकि इस दौरान विल यंग एक छोर थामे हुए लगातार रन बनाते रहे। 38वें ओवर में नसीम शाह ने विल यंग को आउटकर पाकिस्तान को बड़ी सफलता दिलाई। विल यंग ने 113 गेंदों में 12 चौके और एक छक्का लगाते हुए (107) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ग्लेन फिलिप्स ने टॉम लेथम के साथ पारी को सहारा दिया। टॉम लेथम ने 104 गेंदों में 10 चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 118) रनों की पारी खेली। 50वें ओवर में हारिस रउफ ने ग्लेन फिलिप्स को आउट किया। फिलिप्स ने 39 गेंदों में तीन चौका और चार छक्के लगाते हुए (61) रन बनाये। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 320 रनों का स्कोर खड़ा किया

चैम्पियनशिप टॉफी



## संक्षेप

### केरल में फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह में आतिशबाजी से कई दर्शक झुलसे

**मलप्पुरम।** केरल के मलप्पुरम जिले में मंगलवार रात सेवन्स फुटबॉल टूनार्मेंट के समापन समारोह में हुई आतिशबाजी में कई दर्शक झुलस गये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आतिशबाजी के अनियंत्रित होने से कुछ पटाखे सीधे दर्शकों की गैलरी में गिर पड़े। इस हादसे में घायल हुए 58 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि इस घटना में घायल लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है हालांकि अधिकतर दर्शकों की हालात ठीक है। यह घटना युनाइटेड एफसी नेल्लीकुथ और केएमजी मावूर के बीच फाइनल मैच में हुई। पटाखों की आतिशबाजी शुरू होते ही, वे शुरूआती पंक्तियों में बैठे दर्शकों की ओर उड़ गए। पटाखों से बचने के लिए भागते समय कुछ लोग गिरकर झुलस गए जबकि कुछ घायल हो गए। राहत की बात ये रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ हालांकि इस दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं और उनका इलाज नजदीकी निजी अस्पताल में चल रहा है। सेवन्स फुटबॉल टूनार्मेंट एक प्रतिष्ठित स्थानीय स्पर्धा मानी जाती है। यह वहां का एक प्रकार का सांस्कृतिक कार्यक्रम है। ये फुटबॉल मैच आम तौर पर छोटे मैदानों पर खेले जाते हैं।

### मुंबई के पूर्व कप्तान मिलिंद रेगे नहीं रहे

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और चयनकर्ता रहे मिलिंद रेगे का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। वह 76 साल के थे। रेगे ने 1966-67 और 1977-78 के बीच 52 प्रथम श्रेणी मैचों में 126 विकेट लिए थे। उन्होंने उन मैचों में 23.56 की औसत से 1532 रन भी बनाए। संन्यास के बाद रेगे मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) में कई पदों पर रहे। वह चयनकर्ता और चयनकर्ता भी रहे। साल 1988 में जब युवा सचिन तेंदुलकर को रणजी ट्रॉफी टीम में शामिल किया गया था, तब वही मुंबई के चयनकताओं में से एक थे।

## विशेषरपुर में प्रधान पद के लिए 1220 वोटरों ने किया मतदान

**नौगढ़।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत विशेषरपुर में ग्राम प्रधान पद का बुधवार को हुए उपचुनाव में 63.01 प्रतिशत मतदान हुआ। बूथ संख्या 49, 50, 51 व 52 पर कुल 1936 मतदाताओं के सापेक्ष 1220 मतदाताओं में 617 पुरूष व 603 महिलाओं ने मतदान किया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह 07 बजे से सायं 05 बजे तक हुए मतदान के बीच प्रत्याशी समर्थकों के बीच हल्की नोंक झोंक हुई। जिसे देख सुरक्षा बल के जवानों ने खदेड़ दिया। उपजिलाधिकारी कुंदन राज कपूर खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार सी ओ चकिया/नौगढ़ राजीव सिसौदिया थानाध्यक्ष कृपेन्द्र प्रताप सिंह दिनभर पोलिंग बूथों पर चक्रमण करते रहे। उपजिलाधिकारी कुंदन राज कपूर ने बताया कि मतपेटियों को सील कर ब्लाक में बने स्ट्रांग रूम में रखवाया गया है। मतगणना 21 फरवरी को होगी।

## रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल : विदर्भ 260 रन से आगे

### मुंबई से आकाश आनंद का शतक, बचाई मुंबई की लाज, विदर्भ ने पहली पारी में हासिल की 113 रनों की बढ़त, केरल के खिलाफ गुजरात 235 रन पीछे

**अहमदाबाद/नागपुर।** बुधवार को बीसीसीआई द्वारा आयोजित रणजी ट्रॉफी का सेमीफाइनल मुकाबला विदर्भ और मुंबई के बीच खेला जा रहा है। इस मुकाबले में विदर्भ ने पहली पारी के हिसाब से अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। विदर्भ इस मुकाबले में और बड़ी लीड हासिल कर सकता था लेकिन मुंबई के आकाश आनंद विदर्भ के रास्ते में आ गए। आकाश आनंद ने शतक बनाकर मुंबई को बहुत हद तक संभाल लिया।

आकाश की शतकीय पारी के बदौलत मुंबई अभी तक गेम में बनी हुई है। विदर्भ ने पहली पारी में 383 रन बनाए। वहीं मुंबई की टीम आकाश आनंद की शतकीय पारी के बदौलत पहली पारी में 270 तक पहुंचने में कामयाब रही। इस तरह विदर्भ ने इस सेमीफाइनल मुकाबले में गत विजेता के खिलाफ 113 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली है। बल्लेबाजी में 383 रन बनाने के बाद विदर्भ के गेंदबाजों ने धैर्य और अनुशासन दिखाया। पार्थ रेखाड़े ने कल मुंबई के मध्यक्रम को झकझोरते हुए ट्रिपल विकेट मेडन फेंका, जिसमें रहाणे, सूर्यकुमार और दुबे



के विकेट शामिल थे। मुंबई के लिए आकाश आनंद ने धैर्य दिखाते हुए शानदार शतकीय पारी खेली। आकाश आनंद ने 256 गेंदों का सामना करते हुए 106 रन बनाए। इस दौरान आकाश ने 11 चौके लगाए। आकाश 9वें बल्लेबाज के रूप में आउट हुए। 261 के स्कोर पर आकाश आउट हुए। पूरी टीम 270 रनों पर ऑलआउट हो गई। यह आकाश आनंद का रणजी ट्रॉफी में दूसरा शतक है। इससे पहले एक शतक मेघालय के खिलाफ आया था। मुंबई की शुरूआत खराब रही।

आयुष म्हात्रे 9 रन बनाकर आउट हो गए। उसके बाद सिद्देश लाड और आकाश आनंद के बीच 67 रनों की साझेदारी हुई। लाड 35 रन बनाकर आउट हुए। अजिंक्य रहाणे ने 18 रन बनाए। उसके बाद सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे जीरो पर आउट हो गए। शम्स मुलानी 4 रन बनाकर चलते बने। उसके बाद आकाश को शार्दुल ठाकुर का साथ मिला। शार्दुल ठाकुर ने 37 रनों की पारी खेली। उसके बाद तनुष कोटियान ने 33 रन बनाए। उसके बाद मोहित अवस्थी ने 10 रन बनाए। रॉयस्टन दास ने 2 रन बनाकर नाबाद रहे। इस दौरान आकाश आनंद एक छोर पर डटे रहे और 106 रनों की पारी खेली। विदर्भ के लिए पार्थ रेखाड़े ने 4, हर्ष दुबे ने 2 और यश ठाकुर ने 2 विकेट चटकाए।

## डीविलियर्स के नाम हैं कई रिकार्ड

**जोहांबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज एबी



डीविलियर्स अपने आक्रामक क्रिकेट के कारण जाने जाते हैं। उन्होंने अपनी तेज पारियों से कई बड़ें रिकार्ड कायम किये हैं जिन्हें तोड़ना किसी के लिए भी आसान नहीं होगा। इस बल्लेबाज ने एक से बड़कर एक ऐसे शॉट लगाये जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। डीविलियर्स के नाम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक का विश्व रिकॉर्ड है। यह रिकॉर्ड उन्होंने एक दशक पहले बनाया था जो आज तक कोई बल्लेबाज नहीं तोड़ पाया है। उन्होंने 16 गेंदों पर ही अर्धशतक लगा दिया था।

## बेन के शतक से जिम्बाब्वे ने आयरलैंड को हराया

### शतक लगाने वाले परिवार के पहले क्रिकेटर बने

**हराये।** इंग्लैंड के क्रिकेटर बेन करन ने जिम्बाब्वे की ओर से खेलते हुए शतक लगाया है। इसी के साथ ही बेन ने ऐसा रिकॉर्ड बनाया है, जो उनके परिवार के सदस्य सैम करन और टॉम करन भी इंग्लैंड की ओर से खेलते हुए नहीं बना पाये हैं। बेन ने जिम्बाब्वे के लिए वनडे इटरनेशनल क्रिकेट में नाबाद 118 रनों बनाये हैं। उनकी इस शतकीय पारी और कप्तान क्रेग एर्विन की नाबाद 69 रनों की पारी की सहायता से जिम्बाब्वे ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को नौ विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ जिम्बाब्वे ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली है। इस मैच में 241 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की ओर से ब्रायन बेनेट और बेन करन की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए ही 124 रन बना दिये। बेन की कप्तान क्रेग एर्विन 69 के साथ अच्छी साझेदारी हुई। बेन ने 130 गेंदों में 14 चौकों की मदद से नाबाद 118 रन बनाये। उनसे पहले उनके दो भाई और पिता भी इंटरनेशनल क्रिकेट में शतक नहीं जड़ पाए थे। जिम्बाब्वे ने 39.3ओवर में 246 रन



बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। इससे पहले जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर आयरलैंड को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। आयरिश टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। उसने 42 के स्कोर तक अपने दो विकेट गवां दिए। कप्तान पॉल स्टर्लिंग नौ और कर्टिस कैंफर 11 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए हैरी टेक्टर ने एंडी बालबर्नी के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच 86 रनों की साझेदारी हुई। एंडी बालबर्नी ने(64 रनों की पारी खेली। वहीं हैरी टेक्टर ने 51 रन बनाये। लोर्कान टकर ने भी 61 रनों की पारी खेली। टीम ने इस प्रकार 240 रनों का स्कोर बनाया।

### आईपीएल में पहली बार चंडीगढ़ के मुल्लापुर स्टेडियम में खेले जाएंगे मैच

**मुम्बई।** आईपीएल 2025 में पहली बार चंडीगढ़ के मुल्लापुर स्टेडियम में भी चार मैच खेले जाएंगे। यहां के न्यू पीसीए स्टेडियम में श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पंजाब किंग्स अपने ये चार घरेलू मुकाबले खेलेगी। ये मैच 5 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स, 8 अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स, 15 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स, और 20 अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होंगे। आईपीएल के इस सत्र के मैच 22 मार्च से कोलकाता और बेंगलुरु के बीच उद्घाटन मुकाबले से शुरु होंगे। वहीं इसका फाइनल मुकाबला 25 मई को कोलकाता के ईडन गार्डन में होगा। पंजाब किंग्स इस बार अपने चार घरेलू मैच न्यू चंडीगढ़ के मुल्लापुर स्टेडियम में खेलेगी। वहीं तीन मैच को बाकि मैच धर्मशाला में होंगे। टीम 5 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स, 8 अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स, 15 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स और 20 अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ मैदान में उतरेगी।

### डब्ल्यूपीएल में मुंबई ने गुजरात को 5 विकेट से हराया

**बडोदरा।** विमेंस प्रीमियर लीग के पांचवें मैच में मुंबई इंडियंस ने गुजरात जायंट्स को 5 विकेट से हरा दिया। यह मुंबई की सीजन में पहली जीत है, वहीं गुजरात की 3 मैचों में दूसरी हार। मंगलवार को वडोदरा में गुजरात 120 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। मुंबई ने 16.3 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। मुंबई के लिए नैटली सिवर-ब्रंट ने 2 विकेट लेने के बाद फिफ्टी भी लगाई। हेली मैथ्यूज ने 3 और अमीलिया केर ने 2 विकेट लिए।

## आज होगी भारत-बांग्लादेश की भिड़ंत, बारिश का खतरा

### चैम्पियंस ट्रॉफी के पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ जीत से शुरूआत करने उतरेगी भारतीय टीम, दोपहर के ढाई बजे होंगे से होगा मैच

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम को गुरुवार को ग्रुप ए में बांग्लादेश से खेलना है पर इस मैच में बारिश का खतरा मंडरा रहा है। दुबई के मौसम विभाग के अनुसार 20 फरवरी को यहां बारिश को सकती है। जिससे भारतीय प्रशंसक निराश हैं। गुरुवार को पूरे दिन बादल छाए और रुक रुक कर बारिश होने के आसार है। इसका कारण है कि बादल होने पर गेंद स्विंग करेगी और बारिश से मैदान गीला हुआ तो भीगी हुई गेंद से स्पिन गेंदबाजों के लिए ग्रिप बनाना आसान नहीं होगा।

भारतीय टीम गुरुवार को यहां के दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के ग्रुप ए के अपने पहले मैच में बांग्लादेश को हराने के इरादे से उतरेगी। हाल में इंग्लैंड के खिलाफ मिली जीत से भारतीय टीम के हौंसले बुलंद हैं। वह इस मैच को जीतकर यहां के मैदान के अनुरुप ढ़लते हुए पाकिस्तान के खिलाफ अगले मैच के लिए भी लय हासिल करना चाहेगी। बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबला टीम इंडिया के लिए इसलिए अहम है, क्योंकि कई सवाल मौजूदा टीम पर हैं। भारतीय टीम के लिए इस मैच में जसप्रीत बुमराह के विकल्प के तौर पर किसी गेंदबाज को रखती है।

ये देखना होगा। बुमराह फिट नहीं होने के कारण इस टूर्नोमेंट से बाहार हैं। भारतीय टीम इस टूनार्मेंट में जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है हालांकि इसके लिए उसके बल्लेबाजों और गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। इस टूनार्मेंट में भारतीय टीम की जीत कप्तान रोहित शर्मा और




विराट कोहली की बल्लेबाजी पर भी निर्भर करेगी। इस मैच में उपकप्तान शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर पर भी भारतीय प्रशंसकों की नजर रहेंगी। कप्तान रोहित ने कुछ दिन पहले इंग्लैंड के खिलाफ शानदार शतक और कोहली ने अर्धशतक बनाया था। इसके अलावा शुभमन ने भी अच्छा प्रदर्शन किया और इंग्लैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज में एक शतक और दो अर्धशतक लगाये। हालांकि, चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के सामने चुनौती घरेलू सीरीज से काफी अलग है। ग्रुप ए में भारत को इस मैच के बाद पाकिस्तान और न्यूजीलैंड से खेलना है। वहीं एक हार भी उसे बाहर कर सकती है। भारतीय टीम ने पिछले कुछ समय में एकदिवसीय ओवर के क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है पर बांग्लादेश के खिलाफ उसे सही संयोजन रखना होगा। इस मैच में देखना होगा कि विकेटकीपर बल्लेबाज के एल राहुल अपने पसंदीदा पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे या फिर अक्षर पटेल उनसे ऊपर आएंगे और वह छठे नंबर पर उतरेंगे। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने इंग्लैंड के खिलाफ शुरूआती दो मैचों में छठे नंबर पर बल्लेबाजी की थी पर अंतिम एकदिवसीय मै में वह पांचवें नंबर पर उतरे। दो मैचों में वे विफल रहे थे, लेकिन तीसरे मैच में उन्होंने रन बनाए थे। ऐसे में पूरी संभावना है कि टीम प्रबंधन मैच की स्थिति के अनुसार ही कोई फैसला करेगा। दूसरी ओर गेंदबाजी में सही संतुलन हासिल करना आसान नहीं है। मुख्य तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के नई गेंद से साझेदार के रूप में अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा में से एक को चुना जाएगा ये देखना होगा। शमी को भी अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। राणा ने अब तक प्रभावशाली प्रदर्शन किया है और वह सपाट पिचों पर भी अपनी गति और उछाल के साथ बल्लेबाजों को परेशान करने की क्षमता रखते पर अर्शदीप बाएं हाथ के कोण और अपनी गेंदबाजी में मौजूद विविधता के कारण नई गेंद की जिम्मेदारी उठाने की दौड़ में सबसे आगे हैं। इसके अलावा भारतीय टीम तीन स्पिनरों को शामिल कर सकती है। हार्दिक पांड्या तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर होंगे, लेकिन यहां भी भारत को इस बात पर विचार करना होगा कि रविंद्र जडेजा और अक्षर के अलावा तीसरा स्पिनर कौन होगा। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव और मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती में से किसी एक को शामिल करने के फैसला आसान नहीं होगा। अगर हाल के प्रदर्शन को ध्यान रखें तो वरुण को अवसर मिलेगा, वहीं अनुभव को देखें तो कुलदीप रहेंगे। को मौका मिलना चाहिए, लेकिन कुलदीप ने मंगलवार को यहां नेट पर कुछ प्रतिष्ठित बल्लेबाजों को चकमा देकर अपनी क्षमता दिखाई। वहीं बांग्लादेश टीम में भी इस बार अनुभवी शाकिब अल हसन और लिटन दास जैसे खिलाड़ी नहीं हैं। बांग्लादेश ने पूर्व में आईसीसी प्रतियोगिताओं में कई टीम को परेशान किया है। ऐसे में भारतीय टीम इस मैच में अपनी ओर से पूरी ताकत लगा देगी। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन ने हाल में कहा था कि इस बार भारतीय टीम में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह नहीं है जिससे उसके पास जीत का अवसर है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

भारतः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, लोकेश राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रविंद्र जड़ेजा और वरुण चक्रवर्ती।

बांग्लादेशः नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), सौम्य सरकार, तंजीद हसन, तौहीद हृदय, मशफिकुर रहीम, एमडी महमूदुल्लाह, जाकिर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, रिशाद हुसैन, तास्किन अहमद, मुस्ताफिजुर रहमान, परवेज हुसैन इमोन, नासुम अहमद, तंजीम हसन साकिब और नाहिद राणा।

## कोच जेलेजनी की सलाह से अब 90 मीटर तक भाला फेकेंगे नीरज

**नई दिल्ली।** देश के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने कहा है कि नए कोच यान जेलेजनी से मिली सलाह से उन्हें काफी लाभ हुआ है और वह आने वाले समय में 90 मीटर तक भाला फेंक सकेंगे।

ओलंपिक पदक विजेता नीरज ने कहा कोच जेलेजनी से बात करने के बाद उनकी तकनीक में जो गलतियां पायी गयीं थीं उनका पता चल गया है और अब वह 90 मीटर के स्तर को हासिल करने के लिए कोच की सलाह के अनुसार थ्रो करने के तरीकों में कुछ बदलाव करेंगे। नीरज आजकल 90 मीटर के स्तर को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94



मीटर है जो उन्होंने 2022 में हासिल किया था। उनका सत्र मई में डाइमंड लीग के साथ शुरू होगा और यह पूर्व ओलंपिक तथा विश्व चैंपियन जेलेजनी के साथ उनकी साझेदारी की प्रतिस्पर्धी शुरूआत होगी जिनके नाम भाला फेंक में विश्व रिकॉर्ड (98.48 मीटर) भी है।

चोपड़ा ने कहाकि मुझे लगता है कि 90 मीटर से अधिक का थ्रो वह जल्द ही फेंकेंगे। साथ ही कहा कि कोच ने मेरे खेल में कुछ तकनीकी बदलाव किए हैं। जिससे मुझे सहायता मिलेगी। मैं समझ पाया हूं कि वह मेरे से क्या उम्मीद करते हैं। उन्होंने मुझे जो गलतियां बताईं उनमें से एक यह थी कि मैं पेरिस में भी भाला बहुत नीचे फेंक रहा था और मेरा झुकाव बाईं ओर था।

चोपड़ा ने कहा, अगर मैं उन बदलावों को शामिल करने में सक्षम रहा तो मुझे लगता है कि मैं बहुत जल्द बेहतर हो जाऊंगा। नीरज ने कहा कि मैं भाले को 90 मीटर से अधिक फेंकना चाहता हूं, हर कोई मानता है कि मैं ऐसा कर सकता हूं। उन्होंने ग्रोइन की चोट के बारे में भी बात की जिसने पिछले साल उनके सत्र को नुकसान पहुंचाया।

चोपड़ा ने कहा, ग्रोइन की चोट लंबे समय से एक समस्या रही है। मैं अपनी चोट के कारण अपनी तकनीक में 100 प्रतिशत नहीं दे पा रहा था।

मैं प्राग में जेलेजनी के डॉक्टर के पास गया और उन्होंने कुछ व्यायाम सुझाए। मैं उस पर काम कर रहा हूं, इसलिए उम्मीद है कि इससे मदद मिलेगी और मैं अपना 100 प्रतिशत दे पाऊंगा।

### इंदौर में पहली बार दुनिया के 8 प्रमुख देशों की महिला पहलवानों के बीच होगी कुश्ती

**इन्दौर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शहर में पहली बार शनिवार, 8 मार्च को दोपहर 4 बजे से एयरपोर्ट रोड, किला मैदान चौराहा स्थित दलाल बाग परिसर पर अंतर्राष्ट्रीय महिला कुश्ती का विराट आयोजन किया जा रहा है, जिसमें भारत सहित 8 प्रमुख देशों की ऐसी महिला पहलवान शामिल होंगी, जिन्होंने अपने-अपने देश के नाम पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पदक हांसिल किए हैं। देवी अहिल्याबाई होल्कर को समर्पित इस आयोजन को अहिल्याबाई होल्कर अंतर्राष्ट्रीय महिला कुश्ती का नाम दिया गया है।

## श्रीराम कथाः भरत मिलन प्रसंग को सुनकर भाव-विभोर हुए भक्त

**नौगढ़।** माता अमरा भगवती धाम परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के सातवें दिन बुधवार को कथावाचक कौशलेंद्र दास शांडिल्य ने भरत मिलन की कथा का सुनाया। बताया कि रामचंद्र वनवास चले जाने से बहुत काफी मर्माहत राजा दशरथ की सांसें थम गई।

भरत ने ननिहाल से आकर अपने पिता राजा दशरथ का अंतिम संस्कार करके गुरु वशिष्ठ राजा जनक व तीनों माताओं को साथ लेकर के प्रभु श्रीराम चन्द्र को मनाने के लिए वन को प्रस्थान किया। रास्ते में निषाद राज से जानकारी पाकर चित्रकूट में भारद्वाज ऋषि के आश्रम में पहुंचे भरत को देखकर लक्ष्मण के मन में अनेकों मिथ्या विचार आ गया। प्रभु श्री रामचंद्र ने काफी हर्षित होकर के अपने छोटे भाई को गले लगाया। जिसे देख कर आकाश से देवता भी पुष्प वर्षा करने लगे। माता सीता ने अपनी सासू माताओं का चरण बंदन कर अपने पिता श्री से मिली। फिर गुरु वशिष्ठ से आशीर्वाद प्राप्त किया। पिता की मृत्यु हो जाने की खबर पाकर वनवास में निकले प्रभु श्री रामचंद्र माता सीता व लक्ष्मण के करूण क्रंदन से हर आंखें नम हो गई। काफी मान मनौव्वल के बाद भी प्रभु श्रीराम चन्द्र को अयोध्या नहीं लौटने की बात पर भरथ भी साथ रहने पर अडिग हो गये। प्रभु ने भारत को काफी समझाते हुए कहा कि पिता को बैकुंठ चले जाने पर प्रजा की रक्षा करने के लिए हमारी चरण पादुकाओं को ले जाकर अयोध्या की राजगद्दी पर स्थापित कर के राजकाज का समुचित निर्वहन किया जाय। भरत ने चरण पादुका को अपने सिर पर रख कर अयोध्या लेकर आए। राजसुख का परित्याग कर के नंदी गांव में कुश का आसन बिछा करके तपस्वी भेष में भरत ने 14 वर्ष तक अयोध्या के प्रजा की सेवा कर रामभक्ति का अनूठा प्रदर्शन किया। संतवाणी में भाई की मिसाल राम व भरत की दी जाती है।



इलाहाबाद रोड पर बुधवार को कुछ ऐसा नजारा देखने को मिला जहां एक चार पहिया वाहन रेलवे क्रासिंग का फाटक गिरता देख जल्दबाजी में एक तरफ से तो प्रवेश कर गया, लेकिन दूसरी तरफ उसके बाहर निकलने से पहले ही फाटक बन्द हो गया और वह ट्रैक पर फंस गया।

# जौनपुर



# पिकअप के धक्के से मामा-भांजे की मौत

## बहन की डोली से पहले उठी भाई की अर्थी, शादी का माहौल मातम में तब्दील

जनसंदेश टाइम्स

**खेतासराय।** क्षेत्र के खेतासराय-दीदारगंज मार्ग पर जमदहाँ बाजार में मंगलवार की देर रात विपरीत दिशा से आ रही पिकअप की चपेट में आने से बाइक सवार मामा भांजे गम्भीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों व पुलिस की मदद से घायलों को प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्र सोंधी पर भर्ती कराया गया जहाँ चिकित्सकों ने मामा को मृत घोषित कर दिया गया जबकि भांजे को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहाँ पर पहुंचने के बाद भांजे ने भी दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार आजमगढ़ जनपद के दीदारगंज थाना क्षेत्र के सुघरपुर निवासी गुलशन बिन्द (23 वर्ष) पुत्र जोखन बिन्द खेतासराय थाना क्षेत्र के जमदहा में अपनी बहन के घर सत्यम के छोटे भाई शिवम का जन्मदिन के कार्यक्रम में आया था। रात करीब 9 बजे वापस अपने भांजे सत्यम बिन्द पुत्र शुभाष बिंद (12 वर्ष) निवासी जमदहां को साथ बाइक पर बैठाकर अपने घर वापस सुघरपुर लौट रहा था तभी जमदहां मदरसा महमूदिया के पास मोड़ पर विपरीत दिशा से आ रही पिकअप वाहन से जोरदार टक्कर हो गई। दोनो बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी पहुँचाया जहाँ चिकित्सक ने गुलशन को मृत घोषित कर दिया वही भांजे सत्यम ने भी जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतक गुलशन पांच बहन दो भाई सोनी, मोनी, चाँदनी, रानी व राधिका पाँच बहनें है, उसका एक छोटा भाई अंकित है। वहीं सत्यम दो भाई एक बहन हैं। बड़ी बहन सुषमा का आज बरक्षा था और 23 फरवरी को शादी थी। घर मे खुशी का माहौल मातम में तब्दील हो गया। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया की दुर्घटना में दोनों युवक की मौत हो गयी है। अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा कायम कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।





मामा गुलशन की फाइल फोटो



भांजा सत्यम की फाइल फोटो

# तीन महिला मजदूरों को कार ने रौंदा, दो की मौत, एक घायल

जनसंदेश न्यूज

**बदलापुर।** सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के मिश्रौली गाँव स्थित फोरलेन ओवरब्रिज पर एनएचएआई अन्तर्गत काम कर रही तीन महिलाओं को तेज रफ्तार इनोवा कार रौंदते हुए डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं मौके पर दो महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक महिला की हालत गंभीर देखते हुए सीएचसी से डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उधर वाहन चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। मृतक महिला गीता देवी पत्नी जेठू निवासी तुरकौली थाना आसपुर देवसरा प्रतापगढ़, दूसरी मृतक शारदा देवी पत्नी श्याम बहादुर तमरसेपुर थाना चांदा सुलतानपुर तथा घायल महिला रीता पत्नी राजमणि निषाद निवासी मीरपुर थाना आसपुर देवसर प्रतापगढ़ की निवासी बताई जा रही है।



### मैजिक ने मारी टक्कर, महिला की गई जान, चालक घायल

**चंदवक।** आजमगढ़-वाराणसी मार्ग पर कनौरा गांव में दवा लेने जा रही एक महिला को मैजिक ने टक्कर मार दी जिससे महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वाहन चालक भी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन कब्जे में ले लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज विधिक कार्रवाई कर रही है। घटना का कारण वाहन का स्टेयरिंग फेल होना बताया जा रहा है। चालक का इलाज सीएचसी में चल रहा है। कनौरा गांव निवासी जय करन राम की 45 वर्षीय पत्नी लालती देवी कंजहित पैदल बच्ची के लिए दवा लेने जा रही थी। गांव में ही आजमगढ़ की तरफ से राजमार्ग पर आ रही मैजिक ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। चालक वाराणसी के महेशपुर निवासी दीपक भी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस व परिजन महिला व चालक को सीएचसी डोभी ले गए जहां डाक्टर ने महिला को देखते ही मृत घोषित कर दिया। चालक का इलाज चल रहा है। पुलिस वाहन को कब्जे में ले लिया। घटना का कारण स्टेयरिंग का फेल होना बताया जा रहा है। पुलिस शव को आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृत महिला का पति भट्ठे पर काम करता है।

## महिला का शारीरिक शोषण व धमकी देने के आरोप में सगे भाइयों सहित चार पर मुकदमा दर्ज

जनसंदेश टाइम्स

**चंदवक।** न्यायालय के आदेश पर महिला का शारीरिक शोषण करने, मारने पीटने व धमकी देने के आरोप में पुलिस ने दो सगे भाइयों, पूर्व प्रधान के पुत्र सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। मुकदमा दर्ज होने की भनक लगते ही सभी आरोपी फरार हो गए। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

एक गांव निवासी महिला ने 156 (3) के तहत न्यायालय में परिवाद दायर कर आरोप लगाया कि दो वर्ष पूर्व स्नान करते समय अश्लील फोटो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर अनिल यादव पुत्र बनारसी निवासी भैंसा कोहिनारे ने अवैध संबंध बना लिया। वह लगातार शारीरिक शोषण करता रहा। गुजरात पति के पास गई वहां भी पहुंच गया। पति को सारी बात बताने के बाद घर आ गई। यहां भी भाई सुनील यादव व गांव के पूर्व प्रधान के पुत्र रमेश यादव व गांव के ही संजय यादव के साथ मिलकर मारा पीटा व अवैध संबंध बनाने की धमकी देता रहा। न्यायालय ने महिला के परिवाद का संज्ञान लेते हुए मुकदमा दर्ज करने के लिए पुलिस को आदेश दिया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर अनिल यादव, सुनील यादव पुत्र बनारसी, संजय यादव पुत्र हरख नरायन व रमेश यादव उर्फ कल्लू पुत्र रामजीत यादव निवासी भैंसा कोहिनारे के विरुद्ध अवैध संबंध बना शारीरिक शोषण करने, मारने पीटने, धमकी देने सहित अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

## नाबालिग छात्रा को भगा ले जाने के आरोप में दो पर मुकदमा दर्ज

**चंदवक।** क्षेत्र के रतनुपुर बाजार स्थित एक निजी विद्यालय के कक्षा 7 में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में पुलिस ने छात्रा की मां की तहरीर पर दो युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि रतनुपुर बाजार स्थित एक निजी विद्यालय में उसकील नाबालिग बेटी कक्षा 7 की छात्रा है। घटना 15 फरवरी की है। वह विद्यालय पढ़ने गई थी वापस घर नहीं लौटी तो खोजबीन शुरू की गई। जानकारी मिली कि केराकत कोतवाली क्षेत्र के बेहड़ा गांव निवासी प्रवीण निषाद पुत्र बच्चन व अरविंद यादव पता अज्ञात उसकों बहला फुसलाकर भगा ले गए हैं। पुलिस तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

# रामभद्राचार्य को लेकर ब्राह्मण महासभा के तेवर हुए तल्ख

**जफराबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीपति उपाध्याय ने जगतगुरु रामभद्राचार्य की टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। सिरकोनी क्षेत्र के एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने रामभद्राचार्य की टिप्पणी को ब्राह्मण समाज का उपहास करने वाला बताया।

श्री उपाध्याय ने कहा कि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा समाज के हितों के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने ब्राह्मणों में ब्राह्मत्व की आवश्यकता पर भी बल दिया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष रत्नाकर चौबे ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बनारस के मिश्रा की गिरफ्तारी को झूठे मुकदमों पर आधारित बताया। चौबे ने बताया कि उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद ही प्रशासन ने कार्रवाई की और मिश्रा को जमानत मिली। चौबे ने आरोप लगाया कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद से ब्राह्मण समाज के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ब्राह्मणों की प्रतिष्ठा से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कुलपति रामभद्राचार्य द्वारा चौबे, पाठक और उपाध्याय जैसे शब्दों के प्रयोग को गलत बताया। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने मिश्रा का समर्थन करते हुए कहा कि वह ब्राह्मणों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ डटकर खड़ी रहेगी। समाजवादी पार्टी ने भी मिश्रा को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है।




# पॉक्सो ऐक्ट के वांछित को पुलिस ने किया गिरफ्तार



जनसंदेश न्यूज

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीया नाबालिक किशोरी को भगाकर ले जाने वाले पाक्सो एक्ट के वांछित को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे जेल रवाना कर दिया।

उक्त थाना क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय नाबालिक किशोरी को बीते 12 फरवरी को उसी गांव का एक युवक भगाकर ले गया जिसमें किशोरी की मां ने थाने पर पहुंचकर उक्त युवक के विरुद्ध नामजद तहरीर दी जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया और उसे पकड़ने के लिए जुट गई। मंगलवार की रात को थानाध्यक्ष फूलचंद पांडेय व उप निरीक्षक रामलाल ने वांछित सौरभ राजभर को बनरहिया बाग के पास से उस वक्त गिरफ्तार कर लिया जब वह कहीं भागने की फिराक में था। थानाध्यक्ष फूलचंद पांडेय ने बताया कि पाक्सो एक्ट के वांछित सौरभ राजभर निवासी आरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## घायल साइकिल सवार की इलाज के दौरान मौत

**चंदवक।** क्षेत्र के मोढ़ेला बाजार में गत दिवस स्कार्पियो की टक्कर से घायल साइकिल सवार की सोमवार सुबह वाराणसी के दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। गत दिवस 45 वर्षीय मूलचंद राम साइकिल से अपने घर घोड़दौर गांव जा रहा था। वह मोढ़ेला बाजार पहुंचा ही था कि वाराणसी की तरफ जा रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे वाराणसी के दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान सुबह उसकी मौत हो गई।

## अलाव जलाने को लेकर हुई मारपीट में एक पक्ष से तीन घायल

**केराकत।** क्षेत्र के भड़ेहरी गांव में अलाव जलाने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष से तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। पीड़ित शिवकुमार का आरोप है कि वह भाइयों के साथ मशीन पर था। महिलाएं घर पर अकेली थी। अलाव जलाने को लेकर विपक्षी भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट की सूचना मिलते ही वे लोग भी मौके पर पहुंच ही रहे थे कि उन लोगो पर हमला बोल दिया। मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई।

## अनियंत्रित होकर बाइक पलटने से महिला समेत दो घायल

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जौनपुर-रायबरेली हाईवे पर बुधवार को शाम करीब साढ़े चार बजे साइकिल सवार को बचाने में अनियंत्रित होकर बाइक पलट जाने से महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर हालत देख चिकित्सक ने महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

मछलीशहर थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी 50 वर्षीय वकील अहमद अपनी बाइक पर पीछे 45 वर्षीया शमशाद बेगम पत्नी इरशाद अली को बैठाकर मुंगराबादशाहपुर से अपने घर वापस मछलीशहर जा रहा था। जैसे ही इसकी बाइक सतहरिया बाजार के पास पहुंची अचानक सामने एक साइकिल सवार आ गया जिसे बचाने में अनियंत्रित होकर बाइक पलट जाने से दोनो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतहरिया में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया वही वकील का इलाज चल रहा है। इस सम्बन्ध में चौकी प्रभारी गंगा सागर मिश्र ने बताया कि दोनो बाइक सवार घायलों को सीएचसी सतहरिया में भर्ती कराया गया है जहां इलाज चल रहा है।




## आदर्श ब्लॉक बनाने का लक्ष्य : विजय सिंह विद्यार्थी



विजय सिंह विद्यार्थी

**खेतासराय।** विकास खण्ड शाहगंज सोंधी के प्रांगण में बुधवार की सुबह भाजपा के वरिष्ठ नेता व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विजय सिंह विद्यार्थी ने एक प्रेस वार्ता कर चार वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर विकास कार्यों की उपलब्धियां गिनाई वहीं विकास खण्ड को आदर्श ब्लाक बनने का प्रयास बताया। ब्लाक प्रमुख का कार्यकाल चार वर्ष होने को है जिसको लेकर प्रमुख प्रतिनिधि ने जनता को अपने विकास कार्यों से अवगत कराते हुए बताया कि सोंधी ब्लाक विकास कार्यों के बल पर क्रड मानक की श्रेणी में आ गया है। ब्लाक मुख्यालय पर हाईटेक-ई कांफ्रेंसिंग हाल' प्रोहेक्टर सहित हाईटेक मीटिंग हाल आधुनिक सुविधा से लैस, इउऊ ऑफिस का निर्माण आधुनिक सुविधा के साथ, खण्ड विकास अधिकारी के रात्रि निवास के लिए आवास का निर्माण, जनता कि समस्याओं को देखते हुए नवीन प्रतीक्षालय, लघु सिंचाई कार्यालय का निर्माण, समूह द्वारा संचालित प्रेणा कैंटीन, पशु अस्पताल का जीर्णद्वार, किसानों के लिए राजकीय बीज भण्डार का निर्माण, ब्लाक कैम्पस उउळश कैमरे से लैस वाईफाई सुविधा के साथ। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ हर लाभार्थी तक पहुंचना प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहाकि ब्लाक के एक सौ से अधिक ग्रामपंचायतों में क्षेत्र पंचायत द्वारा विकास कार्य कराया जा चुका है बाकी के बचे हुए गांव में इस वित्तीय वर्ष में पूर्ण कर लिया जाएगा जिसका टेंडर हो चुका है कार्य प्रगति पर है। क्षेत्र के सभी गांव में प्राथमिक विद्यालय को कायाकल्प के माध्यम से बाउंड्रीवाल तथा आवश्यक निर्माण को पूर्ण कर लिया गया है। श्री विद्यार्थी ने बताया कि शासन की मंशानुरूप कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराया जा रहा है। जन समस्याओं का समय से कर्मचारियो द्वारा निस्तारण किया जा रहा है। सरकार द्वारा पीएम आवास योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाना का प्रयास है। शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ दिलाना प्राथमिकता है। किसी कारण वश योजनाओं से वंचित रह गए लोगों का विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास जारी है।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की समस्याओं का होगा निदान : डॉ. प्रदीप

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ जनपद शाखा जौनपुर का द्विवार्षिक अधिवेशन/चुनाव पत्रकार भवन कलेक्ट्रेट परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. प्रदीप सिंह अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा किया गया। चुनाव अधिकारी देवेश यादव जिला मंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद व रामकृष्ण पाल जिला मंत्री ग्राम विकास अधिकारी रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. प्रदीप सिंह ने कहा कि प्रदेश के समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की विभिन्न मांगों पर सरकार का रुख सकारात्मक है। पुरानी पेंशन बहाली की दिशा में लगातार सुधारात्मक रुख तथा आठवें केंद्रीय वेतन आयोग का गठन कर्मचारियों एवं शिक्षकों के अनवरत संघर्ष का परिणाम है। उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के ऐतिहासिक अधिवेशन/चुनाव में जनपद के विभिन्न विभागों के चतुर्थ श्रेणी एवं विकासखंडों के कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से लगातार दूसरी बार अजय कुमार सिंह को अध्यक्ष, सभाजीत यादव को मंत्री, अजय लाल मौर्या को कोषाध्यक्ष, राम पूजन यादव को संप्रेक्षक तथा सुभाष गुप्ता संगठन को मंत्री पद हेतु चयनित किया। उपस्थित सदन ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष केसरी प्रसाद व प्रेमलाल गौतम और उपाध्यक्ष के पद पर कुलदीप यादव, दिनेश यादव, चंद्र प्रकाश यादव, अखिलेश कुमार नाविक, कुलदीप कुमार, बबलू श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री के पद पर अजय राजभर, अनिल कुमार सोनकर, मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार शर्मा, प्रचार मंत्री राजनाथ, महेंद्र पाल, नीतीश को निर्विरोध चयनित किया। महिला प्रकोष्ठ में मधुबाला मौर्य अध्यक्ष महिला मोर्चा प्रमिला सिंह मंत्री निर्विरोध निर्वाचित हुयी। सफाई कर्मचारी संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष सरताज सिंह को चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ का संरक्षक मनोनीत किया गया। चयनित कमेटी को कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. अतुल प्रकाश यादव अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी। इस अधिवेशन में जनपद के समस्त विभागों/संगठनो के अध्यक्ष/मंत्री सहित भारी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन तेज बहादुर राना जिला मंत्री उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ के द्वारा किया गया। अधिवेशन मे मुख्य अतिथि डॉ. फूलचंद कनौजिया अध्यक्ष ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन, विशिष्ट अतिथि सरिता सिंह अध्यक्ष आंगनवाड़ी कर्मचारी व सहायिका एसो. तथा जयप्रकाश गुप्ता अध्यक्ष अधीनस्थ कृषि सेवा संघ जौनपुर के साथ राजेश यादव अध्यक्ष होम्योपैथिक फार्मासिस्ट एसोसिएशन जौनपुर, प्रदीप सिंह अध्यक्ष लोक निर्माण विभाग संघ जौनपुर, डॉ. रामकृष्ण यादव सहायक विकास अधिकारी (पं), रजनीश पांडेय सहायक विकास अधिकारी (पं.) विजय भान यादव जिला मंत्री ग्राम पंचायत अधिकारी संघ, अमर बहादुर यादव अध्यक्ष उ.प्र. ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ, दिनेश यादव, विपिन यादव, चंद्र प्रकाश सिंह, विनोद यादव, लवकुश यादव, शिवहरि सिंह, ज्ञानचंद, सत्य प्रकाश सिंह, अनामिका सिंह, शाहजहां, सुशीला देवी आदि सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।




## संक्षेप

### शॉर्ट सर्किट से लाखों का सामान जलकर खाक, बकरी भी मरी

**जौनपुर।** जिले के लाइन बाजार थाना क्षेत्र के सलखापुर गांव के निषाद बस्ती में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से रिहायशी मड़हा एवं उसमें रखा घर-गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया एवं मड़हे में बंधी एक बकरी भी जलकर मर गई। जानकारी के अनुसार उक्त थाना क्षेत्र के सलखापुर गांव निवासी लाल बहादुर पुत्र लोरिक निषाद के मड़हे में दोपहर शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी और देखते ही देखते लाल बहादुर का रिहायशी मड़हा धू-धूकर जलने लगा। मड़हा जलता देख परिवार के लोगों ने जोर-जोर शोर मचाना शुरू किया। मौके पर एकत्रित लोग जब तक आग पर काबू पाते तब तक उक्त मड़हा एवं उसमें रखा सारा गृहस्थी का सामान यथा कपड़ा, भूसा, अनाज आदि जलकर राख हो गया। एक बकरी भी जलकर मर गयी।

### शांति भंग में एक दर्जन लोगों का हुआ चालान

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अलग अलग स्थानों पर हुए मामूली कहासुनी के दौरान हुई मारपीट पर पुलिस ने एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग की धारा में चालान भेज दिया गया। क्षेत्र के ठकठौलिया गांव निवासी मन्ता देवी पत्नी नगीना, नगीना यादव पुत्र स्व. सीताराम, सुनीता पुत्री नगीना, कुमारी पत्नी रामदुलार, रामप्यारे यादव पुत्र रिबई यादव, भादी स्थित ईरानी मोहल्ला निवासी राकेश पुत्र सुक्खू गौतम, संगीता पत्नी राकेश गौतम, फूला पत्नी सुक्खू व निजामपुर गांव निवासी हिसामुद्दीन पुत्र हकीमुद्दीन, बड़ागांव निवासी संदीप कुमार गौड़, शनि कुमार, संजय कुमार गौड़ पुत्रगण जमुना प्रसाद गौड़ को गिरफ्तार कर कोतवाली पुलिस ने चालान भेज दिया।

### जेल से बाहर आने में रोड़ा बन रही पुलिस रिमांड

**मछलीशहर।** बसपा नेता और नगर पंचायत के चेयरमैंन संजय जायसवाल की रिहाई में पेंच फंस गया है। उनकी हाइकोर्ट से जमानत मंजूर हो गई किन्तु दूसरे मामले में पुलिस की 14 दिन की रिमांड भी मंजूर हो चुकी हैं जिससे उक्त के जेल से बाहर आने में रोड़ा पैदा हो गया है।नगर पंचायत अध्यक्ष एवं बसपा नेता संजय जायसवाल की हाईकोर्ट से जमानत मंजूर हो गई। वेरिफिकेशन के बाद उन्हें जेल से बाहर आना था। लेकिन 24 घंटे के बाद ही दूसरे मुकदमे में पुलिस ने रिमांड की प्रार्थना कोर्ट से की। कोर्ट से 14 दिन न्यायिक अभिरक्षा में पुलिस को पूछताछ की अनुमति मिलने के बाद रिहाई को लेकर पेंच फंस गया है। समर्थकों ने जमानत मिलने की खुशी में मिठाई भी बांटी थी किंतु 24 घंटे के भीतर ही उन्हें निराश होना पड़ गया।

### ट्रक की चपेट में आने से महिला घायल

**शाहगंज।** नगर के जौनपुर मार्ग स्थित मनोज ड्रेसेज के समीप सड़क दुघर्टना में ट्रक की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से परिजन इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। मंगलवार की रात पक्का पोखरा स्थित सिद्धेश्वर मंदिर से भंडारे से वापस जा रहे श्रद्धालु जो मूल रूप से बिहार प्रांत के जनपद बक्सर थाना चीनी मिल गांव शक्ति नगर निवासी 27 वर्षीया मोनिका खरवार पत्नी रवि खरवार के साथ नगर के मेन रोड पर किराए के मकान में रहतीं हैं। बीती रात घर जाने के दौरान जौनपुर मुख्य मार्ग स्थित मनोज ड्रेसेज के समीप ट्रक की चपेट में आने से एक पैर कुचल गया। जिसके बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से परिजन इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहीं मौके से चालक ट्रक लेकर फरार हो गया।

### भतीजी ने चाचा समेत तीन पर लगाया छेड़खानी का आरोप, मुकदमा दर्ज

**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी किशोरी द्वारा चाचा समेत दो अन्य पर छेड़छाड़ का आरोप लगाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है। बताया जा है कि उक्त मामले में मिली तहरीर के आधार पर पुलिस क्षेत्र के कदिरापुर गांव निवासी मुकेश पुत्र धनीराम समेत अन्य दो अज्ञात के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है। जबकि सूत्रों की मानें तो पहले से दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध एनसीआर दर्ज करा रखी थी। जमीनी मामले में हुए विवाद में तीन वर्ष पूर्व मारपीट के मामले में पुलिस एनसीआर दर्ज कर मामले में इतिश्री कर ली थी। इसी बीच दूसरे पक्ष ने मामले में विवेचना का आदेश करा लिया। विवेचना चल ही रही थी कि मंगलवार को नाबालिग किशोरी द्वारा छेड़खानी का आरोप लगाते हुए चाचा समेत अन्य दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध तहरीर देकर मामले के रूख को ही नया रूप दे दिया गया। फिलहाल पुलिस स्थानीय सीएचसी पर परीक्षण कराते हुए मुकदमा दर्ज कर मामले में छानबीन शुरू कर दी है। मामले में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत होता है। पूर्व के जमीनी मामले में पेशबंदी के तहत आरोप लगाना दिख रहा है।

### गैरजमानती वारंटी गिरफ्तार

**पवांरा।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के आदेश के अनुपालन में चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम व गैरजमानती वारंटियों की धरपकड़ अभियान के तहत गैरजमानती वारंटी ताड़कनाथ शर्मा पुत्र राममूरत शर्मा निवासी सरावां, थाना पवांरा को उपनिरीक्षक लक्ष्मण प्रसाद शर्मा ने कान्सटेबल पीयूष यादव के साथ मंगलवार को उसके घर से गिरफ्तार कर चालान हेतु न्यायालय भेज दिया।

### जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**पवांरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत रज्जूपुर गांव में बुधवार की सुबह जमीनी-विवाद व पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज शुरू हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गयी। जिसमें दोनों पक्षों से दो-दो लोग चुटहिल हो गये। पुलिस ने चुटहिल लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतहरिया ले जाकर प्राथमिक उपचार करवाय। पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर के आधार पर चार व दूसरे पक्ष की तहरीर के आधार पर सात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं इस प्रकरण में थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच जमीनी-विवाद व पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हुई है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# तीन प्रधान व एक बीडीसी का भाग्य मत पेटिका में बंद

जनसंदेश न्यूज




भदोही। कालीन नगरी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बुधवार को पंचायत उपचुनाव की प्रक्रिया पूर्ण हुई। उपचुनाव में तीन प्रधान, एक बीडीसी का भाग्य मत पेटी में बंद हो गया। डीघ के बनकट, औराई के सरायबाबू एवं ज्ञानपुर ब्लाक के बनकट ज. छनौरा गांव में प्रधान के लिए तथा सदस्य क्षेत्र पंचायत को सुरियावां ब्लाक के वार्ड संख्या 41 के लिए सुबह सात बजे से मतदान शुरू हुआ और पांच बजे शाम तक चला।

औराई में 59.71, ज्ञानपुर में 59.79, डीघ में 45.83 व सुरियावां में 38.29 फीसदी मतदान हुआ। उपचुनाव की मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक स्वयं मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया व अपने मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एसपी के नेतृत्व में अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीगण मतदान केन्द्रों- प्राथमिक विद्यालय बनकट छनौरा व प्राथमिक स्कूल बनकट ऊपरवार पर लगातार भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। मतदान सम्पन्न होने के बाद अब लोगो की नजर 21 फरवरी को सुबह आठ बजे से शुरू होने वाली मतगणना पर रहेगी। मतगणना संबंधित ब्लाक में होगी।

## सीओ ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण, दिया निर्देश

सुरियावा। जनपद भदोही में बुधवार को सम्पन्न हुए उपचुनाव के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी भदोही अशोक कुमार मिश्रा ने सुरियावा खंड विकास कार्यालय के अंतर्गत ग्राम पंचायत छनौरामे क्षेत्र पंचायत के लिए हो रहे उपचुनाव के बाद मत पेटी को रखने के लिए खंड विकास कार्यालय सुरियावा में बनाए गए स्ट्रांग रूम का रिटर्निंग ऑफिसर की मौजूदगी में बारीकी से निरीक्षण किया। क्षेत्राधिकारी भदोही अशोक कुमार मिश्रा ने कहा कि सीसीटीवी की निगरानी में मत पेटी रहेगी, जिसकी सुरक्षा के लिए 24 घंटे पुलिस फोर्स द्वारा निगरानी की जाएगी।

सीओ ने सुरक्षा के कड़े एवं व्यापक बंदोबस्त की जानकारी ली, उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि नहीं होने पाएगी। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सुरियावा सुधाकर दुबे, रिटर्निंग ऑफिसर विकास मौर्य, अपर रिटर्निंग ऑफिसर अखिलेश सिंह, एसटी अशोक कुमार पांडेय सहित सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे।



## निजीकरण किसी के हित में नहीः अभिषेक प्रजापति




भदोही। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन उत्तर प्रदेश के केन्द्रीय कार्यकारणी के आह्वान पर पूर्वांचल विद्युत वितरण व दक्षिणांचल विद्युत वितरण के निजीकरण के विरोध मे बुधवार को भी कार्यालय अधीक्षण अभियंता पर जारी रहा। शाम पांच बजे से छः बजे तक विद्युत कर्मियों ने एक घण्टे का विरोध प्रदर्शन किया।

धरना प्रदर्शन के दौरान अपनी मांगों के समर्थन में बोलते हुए इंजीनियर ज्योति प्रकाश और इं अभिषेक प्रजापति ने कहा कि निजीकरण किसी भी हाल मे स्वीकार नही किया जायेगा। पूर्व जनपद अध्यक्ष इंजीनियर प्रमोद चौहान ने बताया कि निजीकरण के विरोध मे जनपद भदोही का एक-एक सदस्य पूरे तन-मन से तैयार है तथा प्रबन्धन की गलत नीतियों का पुरजोर विरोध किया जायेगा। उन्होंने कहा कि निजीकरण किसी के हित मे नही है, चाहे व कर्मचारी हो या उपभोक्ता। धरना प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से इंजीनियर ईश्वर सरन सिंह, मनोज कुमार यादव, ब्रम्हदत्त पटेल, पच्चम राम, शैलेन्द्र मौर्या, मनोज कुमार, सुजीत कुमार पटेल, इत्यादि जनपद के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

## बस स्टैंड पर फल विक्रेता को चाकू मारकर किया घायल मुकदमा कायम

जनसंदेश न्यूज

गोपीगंज। नगर स्थित बस स्टैंड पर फल विक्रेता नुरैन 22 वर्ष को चाकू मार कर घायल कर देने के मामले मे पुलिस मुकदमा कायम कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। नगर के जामा मस्जिद गली निवासी मरहूम सगीर राइन का पुत्र नुरैन बस स्टैंड पर ठेले पर पपीता बेच रहा था। इस दौरान बाइक से पहुचे तीन लोग उसके ठेले पर रखा पैसा और चाकू उठा लिया, रोकने पर उसके उपर चाकू से वार कर घायल कर दिया। मौके पर पहुचे आस पास के लोगों ने एक युवक को पकड़ लिया, बाकी दो युवक बाइक लेकर भाग निकले। घायल युवक का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे उपचार कराया। मेडिकल मुआयना के उपरांत पुलिस ने पकड़े गए युवक रितेश कुमार व दो अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा कायम कर लिया।

# छत्रपति शिवाजी महाराज की सराफा व्यापारियों ने मनाई जयंती

जनसंदेश न्यूज

भदोही। कटरा बाजार में सरार्फा व्यापार मंडल की ओर से बुधवार को छत्रपति शिवजी महाराज की जयंती मनाई गई। जयंती कार्यक्रम में महाराज की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में नगर के दर्जनों सरार्फा व्यापारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम संयोजक विनीत बरनवाल ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर कहा कि शिवजी महाराज एक महान मराठा योद्धा रहे और महाराज का जन्म के 19 फरवरी 1630 को महाराष्ट्र के पुणे जिले के शिवनेरी किले में हुआ था। उनके पिता शाहजी भोंसले, मां जीजाबाई और बड़े भाई संभाजी भोंसले थे। उन्होंने मराठा साम्राज्य की स्थापना की और पश्चिमी घाटों में मुगल साम्राज्य के खिलाफ युद्ध लड़े। भरत जायसवाल महामंत्री सरार्फा व्यापार मंडल ने कहा कि जिस वक्त पूरे देश मे मुगलों का राज था, उस समय मे छत्रपति शिवजी महाराज मुगलों के आगे झुके नहीं और उनसे युद्ध किया और मराठा साम्राज्य को स्थापित किया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष सरार्फा व्यापार मंडल महेश बरनवाल, अजय दुबे, दिलीप गुप्ता, आशीष चौहान, पंकज जायसवाल, गुलशन प्रजापति, गिरधारी जायसवाल, महेश नलवडे, मानिक सुर्वे, अमूल, मनोहर बरनवाल, प्रकाश चौरसिया, मनोज बरनवाल, विकास बरनवाल, शिवम सेठ, रत्न बरनवाल, कल्लू जायसवाल, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, सरद बरनवाल, गुड्डू सेठ, संगीता सुर्वे, नम्रता नलवडे, दीपावली सुतार, काजल पाटिल आदि मौजूद रहे।



## संक्षेप

### हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का समापन

सुजानगंज। बीआरसी सभागार में "हमारा आंगन हमारे बच्चे" उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलोक कुमार सिंह 'प्रतिनिधि' जिला पंचायत सदस्य एवं संघ अध्यक्ष के द्वारा सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अध्यक्ष अजय सिंह, चन्द्र प्रकाश तिवारी, शेरबहादुर मौर्य द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वगात किया गया। स्वागत गीत प्रभाकर शुक्ला द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा उत्सव कार्यक्रम में प्रत्येक न्याय पंचायत से कक्षा बालवाटिका एवं कक्षा 1/2 से कुल 55 उत्कृष्ट बच्चों को किताब, स्टेशनरी देकर सम्मानित किया गया। एआरपी विवेक सिंह द्वारा बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये चलाये जा रहे निपुण भारत कार्यक्रम, स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम पर प्रकाश डाला गया। एआरपी प्रमोद सिंह ने माता उन्मुखीकरण तथा अभिभावक से सम्पर्क कर बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में दिनेश प्रताप सिंह, एआरपी अतुल सिंह, नोडल संकुल, नोडल शिक्षक एवं आगनवाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रहीं।

### एलडीएम व बीडीओ ने बीसी सखियों के साथ की बैठक दिया आवश्यक निर्देश

गौराबादशाहपुर। धर्मापुर ब्लॉक सभागार में एलडीएम शंकर सामंत ने बीडीओ की उपस्थिति में ब्लॉक क्षेत्र के बीसी सखियों के साथ बैठक किया। बैठक में बीसी सखियों को आवश्यक निर्देश भी दिया। बुधवार को दोपहर में ब्लॉक सभागार में एलडीएम शंकर सामंत ने बीडीओ कृष्ण मोहन यादव की उपस्थिति में ब्लॉक क्षेत्र के बीसी सखियों के साथ बैठक किया। बैठक में एलडीएम ने बीसी सखियों को निर्देश देते हुए कहा कि वह हर रोज बैंक शाखा में संपर्क बनाते हुए प्रतिदिन गांव में भ्रमण करें तथा ग्रामीणों के पैसे की आवश्यकता पड़ने पर उनकी छोटी-छोटी निकासी को भी निकालकर उनके सुविधा दें जिससे उन्हें सहूलियत मिल सकें। बीडीओ कृष्ण मोहन यादव ने क्षेत्र में अपनी ड्यूटी सुचारू रूप से न करने वाले बीसी सखियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वह अपने कार्यशैली में सुधार कर लें अन्यथा उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान प्रभारी एडीओ पंचायत राजेश यादव, स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक आलोक कुमार, एडीओ आईएसबी राकेश रोशन, राम कृष्ण पाल, अखिलेश कुमार, विपिन राय आदि मौजूद रहे।

### न्यायालयी आदेश पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज

सुइथाकला। सरपतहां थाना क्षेत्र के कोटिया गांव निवासी पीड़ित के मामले में न्यायालयी आदेश पर पुलिस ने तीन आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना 26 अगस्त 2024 की है। पीड़ित पक्ष की जब थाने पर सुनवाई नहीं हुई तो पीड़ित न्यायालय की शरण में गया जहां न्यायालय के आदेश से सुकर्णाकला निवासी हरिश्चन्द्र उर्फ गोलू पुत्र देवीदीन, सचिन उर्फ डब्लू पुत्र तुलसी तथा वरूण कुमार पुत्र राम सुख के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 352, 351(2) तथा एससीएसटी एक्ट के तहत स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज किया गया।

### मनचले युवकों को बंजारों ने पीटा

शाहगंज। नगर के एराकियाना मोहल्ला निवासी मनचले युवकों ने मालगोदाम पर रह रहे बंजारा समाज के महिलाओं पर फब्तियां कस रहे थे। उसी दौरान बंजारो ने एक युवक को पकड़ कर जमकर दैहिक समीक्षा कर दिया। नगर के एराकियाना मोहल्ला निवासी 35 वर्षीय बबलू अंसारी पुत्र सरफराज अंसारी मंगलवार की रात नशे में धुत होकर मालगोदाम पर रह रहे बंजारो के महिलाओं पर फब्तियां कस रहा था। उसी दौरान पहुंचे बंजारो ने बबलू की पिटाई कर दिया। बीच बचाव के लिए पहुंचे उसके दोस्त अतुल व एक अन्य को पीटकर घायल कर दिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### कुश्ती दंगल में पहलवानों ने आजमाया दांव पेंच

गौराबादशाहपुर। नगर पंचायत के चोरसंड में बुधवार को विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें नामी गिरामी पहलवानों ने दांव पेंच आजमाये। नेपाल के लकी थापा पहलवान ने पंजाब के शमशेर और राजस्थान के लाला पहलवान को चित कर दिया। पंजाब के विक्की ने दिल्ली के मोंटी को, सहारनपुर के वकार कुरैशी ने पंजाब के शमशेर को, जौनपुर के मोनू ने मेरठ के मोहसिन को और जौनपुर केशरी गया। पहलवान ने हरिद्वार के सोनू को पराजित किया। रेफरी अशोक सोनकर और तेजू पहलवान रहे। संचालन लालमन पहलवान ने किया। आयोजक मोहम्मद जैद हिटलर ने सभी का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। दंगल कमेटी की अध्यक्ष बिजली किन्नर और उपाध्यक्ष काजल किन्नर ने पहलवानों को पुरस्कृत कर उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर कुश्ती संघ के जिलाध्यक्ष केशरी सिंह, दंगल कमेटी के संरक्षक चेयरमैन प्रतिनिधि दिनेश सोनकर, व्यापार मंडल अध्यक्ष लल्लन प्रताप सिंह, सेराज अहमद, आफताब, रेहान आदि मौजूद रहे।

# स्वरोजगार की दिशा में बढ़ावा देना उद्देश्य : दीपक

**जागरूकता**

**महात्मा गांधी ग्रामोद्योग योजनाओं के थे बड़े पोषक : ममता यादव**

**छितौना गांव में ग्रामोद्योग कार्यक्रम कर लोगो को किया गया जागरूक**

जनसंदेश टाइम्स



केराकत। क्षेत्र के छितौना गांव के प्राचीन मंदिर परिसर में बुधवार को ग्राम प्रधान ममता यादव की अध्यक्षता में स्वरोजगार को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाने वाले ग्रामोद्योग विभाग की योजनाओं के प्रति एक दिवसीय जागरूकता कार्यकम आयोजित किया गया। इस दौरान अधिकाधिक लोगों से लाभ लेने की अपेक्षा की गई।

उपस्थित समुदाय को संबोधित करते हुए वरिष्ठ सहायक दीपक कुमार सोनी ने कहा कि ग्रामीण अचंल से जुड़े हुए ग्रामीण विकास कार्यो में जिनका अधिक योगदान होता है, उन्हीं लोगों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार लोगों या परम्परागत कारीगरों को स्वरोजगार की दिशा में बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रामोद्योग जागरूकता कार्यक्रम का विशेष महत्व है। वहीं ग्राम प्रधान ममता यादव ने कहा कि महात्मा गांधी ग्रामोद्योग योजनाओं के बड़े पोषक थे। इस दिशा में उनके विचार बहु आयामी थे। विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के पीछे आमजन मानस की आत्म निर्भरता व सोच छिपी थी। तभी तो उन्होंने कहा था कि खादी वस्त्र नहीं विचार हैं। इस अवसर विनोद कुमार पाण्डेय, धनंजय प्रजापति, संजय सरोज, राजकुमार मौर्य समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम आयोजक प्रधानपति फौजी सुबास यादव ने विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देने के लिए अतिथियों का आभार जताया।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

मड़ियाहूं। स्थानीय विकास खंड के ग्राम सभा गौहर में समाजसेवी और भाजपा नेता पं. राज कृष्ण शर्मा द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन उनके भतीजे की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर डा. भीमराव अम्बेडकर सामुदायिक भवन गौहर पर किया गया। इस अवसर ग्राम सभा गौहर के साथ जमुआ भवानीपुर याकुतपुर गौरा आदि गांवों के लगभग 400 से अधिक लोगों ने शिविर में आकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। चिकित्सा शिविर में उपचार हेतु कमला हास्पिटैलिटी एवं रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर डा. आरबी चौहान के सौजन्य से निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श जांच और दवा उपलब्ध कराया गया। कैंप में वरिष्ठ चिकित्सक डा. मोहम्मद अरशद मानसिक एवं पेट रोग विशेषज्ञ, डा. राजेश कुमार बाल रोग, डा. राकेश सिंह नेत्र रोग, डा. आनन्द कुमार जनरल फिजिशियन, डा. राजकुमार, डा. संजय सिंह, डा. बिपीन सिंह, डा. अतुल सरोज के द्वारा समस्त रोगों का इलाज किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान संतोष गिरी, पूर्व प्रधान जितेन्द्र गौतम, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, पिंटू गुप्ता, आशीष यादव पंचायत सहायक, संतोष दूबे, गुड्डू गौड़, अरशद बबलू चौहान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## शराब के नशे में धुत तीन लोगों का जीआरपी पुलिस ने भेजा चालान

शाहगंज। स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर तीन युवकों ने शराब के नशे में यात्रियों से मारपीट करने के आरोप में सूचना पर मौके पर पहुंचे आरपीएफ निरीक्षक सुनील कुमार दिवाकर ने हिरासत में ले जीआरपी पुलिस को सौंपा दिया।

बुधवार को सुल्तानपुर जनपद के कादीपुर थाना क्षेत्र के करवारी गांव निवासी योगेश तिवारी पुत्र राजेश तिवारी, विमल सिंह पुत्र हवलदार सिंह व विवेक सिंह पुत्र त्रिभुवन सिंह स्थानीय रेलवे स्टेशन पर अर्टिगा कार दादर ओवर ब्रिज के नीचे प्लेटफार्म संख्या छह के पास खड़ी करके स्टेशन पर गये थे। जहां पर तीनों शराब के नशे में चूर होकर यात्रियों के साथ मारपीट व गाली-गलौच कर रहे थे। सूचना पर मौके पर पहुंचे आरपीएफ निरीक्षक सुनील दिवाकर ने दोषियों को हिरासत में ले जीआरपी चौकी इंचार्ज को सौंप दिया। पुलिस ने तीनों आरोपितों को शांति भंग की धारा में चालान भेज दिया व वाहन को कब्जे में ले लिया।

## दुधमुंहा बच्चा लापता, दर-दर की ठोकरें खा रहा परिवार



शाहगंज। नगर के अयोध्या मार्ग पर रह रहे परिवार का दो वर्षीय पुत्र नैना रात के वक्त सोते समय लापता हो गया। पिता प्रमोद सोनी व माता नयना देवी खोजबीन में लगे हैं। आजमगढ़ जनपद के सेमरी निवासी प्रमोद सोनी अपनी पत्नी व बच्चे के साथ हिन्द सिनेमा के सामने रहता है। वह कबाड़ खरीदने बेचने का काम करता है?। सोमवार की रात लगभग डेढ़ बजे जब दम्पति ने नींद से उठे तो मासूम लापता था। आस पास ढूंढने के बाद बुधवार को कोतवाली पहुंचा। प्रमोद का कहना है कि कोतवाली जाने पर मदद करने के बजाय भगा दिया गया। फिलहाल पीड़ित दम्पति मदद की गुहार लगा रहा है।

# लापता हुई बहनों को पुलिस ने प्रयागराज से किया बरामद



जनसंदेश न्यूज

शाहगंज। लापता हुई दो बहनों को पुलिस ने प्रयागराज से बरामद किया है। युवतियों के चाचा ने पड़ोस के दो युवकों पर बहनों को बहला-फुसलाकर अगवा करने का आरोप लगाया था।

आरोप के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही थी। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के मोलनापुर गांव निवासी दो बहनें 1 फरवरी की रात करीब 1:30 बजे घर से लापता हो गईं। बहनों के चाचा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि पड़ोस में रहने वाले आदित्य पुत्र विकास राजभर ने विनीता को और नीरज पुत्र प्रकाश ने रंगीता को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान ने बताया कि बहनें अपने घर से बिना बताए झगड़ा करके इलाहाबाद चली गई थी। दोनों को बरामद कर उनका बयान, मेडिकल एवं अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## संक्षेप

### कोटेदार खाद्यान्न वितरण से पहले चेक करें कार्ड धारकों की फार्मर आईडी

भदोही। डिजिटल काप सर्वे व फार्मर रजिस्ट्री के कियान्वयन हेतु बुधवार को जिलाधिकारी विशाल सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश-दिया गया। बैठक में डीएम ने कहा कि राजस्व विभाग प्रत्येक दिवस काप सर्वे के अन्तर्गत प्रत्येक लेखपाल द्वारा 100 सर्वे कराया जाये। राजस्व निरीक्षक द्वारा प्रतिदिन किये गये फसल सर्वे को अप्रूव या रिजेक्ट किया जाये। फार्मर रजिस्ट्री में प्रतिदिन प्रत्येक लेखपाल द्वारा 20 फार्मर रजिस्ट्री बनाया जाये। पंचायत विभाग प्रत्येक दिवस में काप सर्वे में लगे हुए समस्त सर्वेयर द्वारा 100 सर्वे कराया जाये। फार्मर रजिस्ट्री में प्रत्येक राजस्व ग्राम में मुनादी कराकर फार्मर रजिस्ट्री हेतु प्रेरित किया जाये। फार्मर रजिस्ट्री में प्रतिदिन प्रत्येक पंचायत सहायक रोजगार सेवक द्वारा 20 फार्मर रजिस्ट्री बनाया जाये। जिसकी समीक्षा ग्रामवार किया जाये। जिला पूर्ति विभाग-प्रत्येक कोटेदार खाद्यान्न वितरण के समय कार्ड धारकों से पहले फार्मर आईडी चेक करने के उपरान्त ही खाद्यान्न का वितरण करना है। यदि उनके द्वारा फार्मर आईडी नहीं बनवायी गयी है तो नजदीकी सहज जन सेवा केन्द्र को बुलाकर फार्मर रजिस्ट्री बनवायी जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य व संबंधित आधिकारिक उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर श्रद्धालुओं की कार में बोलेरो ने मारी टक्कर, चार घायल

गोपीगंज। कोतवाली के गिराई मे राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रयागराज जा रहे स्नानार्थियो से भरी कार को बोलेरो चालक ने टक्कर मार दिया। घटना मे आरा बिहार निवासी कार सवार कुंज बिहारी 45, उनकी पत्नी गुड्डी देवी 35, राजकुमार सिंह 40 वर्ष उनकी पूनम देवी 35 वर्ष घायल हो गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि आरा बिहारी निवासी कुंज बिहारी 45, गुड्डी देवी 35 पत्नी कुंज बिहारी, राजकुमार सिंह 40 पूनम देवी 35 पत्नी राजकुमार सिंह चालक के साथ कार से प्रयागराज महाकुम्भ में स्नान करने जा रहे थे। बुधवार को भोर में जैसे ही कार गिराई राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुची थी कि इसी दौरान अज्ञात बोलेरो ने कार में टक्कर मार दिया, जिसमे जहां कार क्षतिग्रस्त हो गया वहीं कार सवार सभी श्रद्धालु घायल हो गए, घायलों को एनएचएआई के एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहा से सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वही टक्कर मारने वाली बोलेरो मौके का फायदा उठाकर भाग निकला।

### हजरत बाबा इब्राहिम शहीद व इस्माइल शहीद का सालाना उर्स 24 फरवरी को

गोपीगंज। नगर क्षेत्र के थानीपुर गांव के समीप जिला मुख्यालय मार्ग पर स्थित हजरत बाबा इब्राहिम शहीद व इस्माईल शहीद रहमतुल्ला अलैह का सालाना उर्स मुबारक 24 फरवरी सोमवार को होगा। इस मौके पर गोपीगंज नगर मे सायंकाल शानदार कौव्वाली का आयोजन किया गया है। यह जानकारी आयोजक अंजुमन गौसिया कमेटी के एनुलहक व मोहम्मद हनीफ लल्लू, अफरोज अली पप्पू ने दी बताया कि उर्स के मौके पर आयोजित कौव्वाली में प्रमुख गायक शकील नाज कानपुर व गुलनाज सबरी आगरा के बीच मुकाबला होगा। उर्स के मौके दरगाह शरीफ पर सुबह कुरआन ख्वानी व दिन मे मेले का आयोजन किया गया है। इस मौके पर होने वाली भीड़ को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन से साफ सफाई व पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की मांग की गई है।

### शिवरात्रि पर बाबा बड़े शिव धाम में होगा महोत्सव का आयोजन

गोपीगंज। नगर स्थित बाबा बड़े शिव धाम मे बुधवार को मां सिंह वाहिनी श्रृंगार समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें महाशिवरात्रि पर्व को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रबंधक रामकृष्ण खड्डू ने 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिर परिसर मे महोत्सव का आयोजन करने व शोभायात्रा निकालने की घोषणा करते हुए सजावट व शिव बारात शोभायात्रा की रूपरेखा निर्धारित किया गया। बैठक में पुजारी मिठाई लाल गिरी, शंकराचारी दुबे, मोहित उमर, भिखारीलाल अग्रवाल, राजीव पंडा सहित अन्य शामिल रहे।

### नीलगाय को बचाने में पलटा ऑटो, महिला समेत 3 लोग घायल

गोपीगंज। जनपद भदोही के कोईरौना थाना क्षेत्र के कटरा के नीलगाय अचानक सामने से सड़क पार कर रही थी जिसे बचाने के प्रयास में ऑटो सड़क के किनारे खंधक में पलट गई, जिससे पति पत्नी सहित ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हे स्थानीय नागरिकों के सहयोग से अस्पताल को भेजा गया।जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि बुधवार को रजेश कुमार चौबे अपनी पत्नी मंजू निवासी कालिक मवैया को लेकर गोपीगंज दवा लेने आए थे। दवा लेकर ऑटो से अपने गांव कालिक मवैया वापस लौट रहे थे, जैसे कटरा के पास पहुंचे ही थे कि अचानक सड़क पर नील गाय आ गया, जिसे बचाने के प्रयास में ऑटो सड़क किनारे गड्ढे में जाकर पलट गई, जिसमे पति पत्नी सहित ड्राइवर घायल हो गए। राह चलते राहगीरों और आपदा मित्र अर्जुन ने गड्ढे में फंसे तीनों को बाहर निकालकर तत्काल दूसरे ऑटो से नजदीकी अस्पताल में उपचार हेतु पहुंचाया गया।

### ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर रोते बिलखते मिली दिल्ली की किशोरी

गोपीगंज। नगर स्थित ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर एक किशोरी रोते हुए मिली। प्लेटफार्म पर भ्रमण कर रही रेलवे पुलिस की नजर रोती बिलखती किशोरी पर पड़ी। पूछताछ के उपरांत उसने आप बीती सुनाई। बताया जाता है कि मंगलवार को दोपहर जीआरपी चौकी प्रभारी सत्येंद्र प्रताप सिंह, आरपीएफ हेड कांस्टेबल अखिलेश कुमार यादव के साथ प्लेटफार्म पर चक्रमण कर रहे थे। इस दौरान उन्हें एक 12 वर्षीय किशोरी रोते बिलखते दिखी, कुछ अनहोनी की आशंका को लेकर जीआरपी चौकी प्रभारी किशोरी से उसके नाम पता की जानकारी ली तो उन्हें किशोरी ने आपबीती बताते हुए कहा कि वो अपने मामा के घर दिल्ली में रहती है। वह सोमवार को कुछ अज्ञात लोग उसका मुंह दबाकर उसे चार पहिया वाहन में डाल दिया था, जिसके बाद वो यहां कैसे पहुंची कुछ मालूम नहीं। चौकी प्रभारी ने मामले की जानकारी परिजनों को दे दिया है, जहां से जानकारी मिली कि अपहरण का मुकदमा दिल्ली में दर्ज है। जानकारी के अनुसार किशोरी को लेने दिल्ली पुलिस के साथ परिजन गोपीगंज के लिए निकल चुके है।

### दिव्यांगजनों को मिलेगा कृत्रिम अंग

ज्ञानपुर। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी भदोही दिनेश त्रिपाठी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि जनपद के दिव्यांगजनों की आवश्यकतानुसार चिकित्सक की संस्तुति पर ट्राइसाइकिल, व्हिल चेयर, बैशाखी, कान की मशीन, ब्लाइन्ड स्टिक, कृत्रिम हाथ व पैर आदि उपकरण निःशुल्क प्रदान किया जा रहा है। जिनकी वार्षिक आय ग्रामीण हेतु 46080 एवं नगर क्षेत्र हेतु 56460 वार्षिक आय से अधिक न हो। शासन के निर्देशानुसार एक कृत्रिम उपकरण मिलने पर तीन वर्ष बाद ट्राइसाइकिल व्हिल चेयर आदि कृत्रिम उपकरण दिये जाने का प्रावधान है। उक्त योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आय जाति निवास आधार कार्ड दिव्यांग प्रमाण पत्र वोटर आइड कार्ड या यूडीआईडी कार्ड आदि के साथ अपने नजदीकी सेवा केन्द्र के माध्यम से बेबसाइड से आवेदन कर सकते है।

### राष्ट्रवीर सेना ने मनायी शिवाजी महाराज की जयंती



जौनपुर। हिन्दवी स्वराज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उनके व भारत माता के चित्र पर राष्ट्रवीर सेना अध्यक्ष महेश कुमार व डॉ. मदन मोहन वर्मा ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। मराठी समाज के प्रदेश महामंत्री धीरज पाटिल ने सभी को संबोधित कर शिवाजी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी जात-पात बोली-भाषा के नाम से बहुत बंट चुके अब एक होने की जरूरत है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेना उपाध्यक्ष रोहित साहू, नीरज सेठ, हिमाचल सेठ, ओमप्रकाश गुप्ता, सियाराम, डा. सूरज जायसवाल, अभिषेक मोदनवाल, सचिन तेड़वकर, मंगल सेठ, चन्दन सोनी, संतोष सावंत आदि लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित किया। राष्ट्रवीर सेना अध्यक्ष ने सभी से आग्रह किया कि अपने कीमती समय से कुछ समय निकाल कर अपने महापुरुषों के जीवनी को पढ़ें।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए प्रवीण कुमार कुशवाहा, सी 28/121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
प्रधान सम्पादक - सुभाष राय
स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. UPHIN/2012/46221
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# पूर्व जापानी पीएम किशिदा पर हमले के दोषी शख्स को 10 साल की सजा

## 2 साल पहले रैली में पूर्व पीएम पर स्मोक बम फेंका था, बैग से चाकू मिला था





**टोक्यो।** बुधवार को जापान के पूर्व प्रधानमंत्री फोमियो किशिदा पर हमले के दोषी शख्स को 10 साल की सजा सुनाई गई है। बुधवार को वाकायामा जिला अदालत ने सजा का ऐलान किया। हमलावर का नाम रयूजी किमुरा (25) है,उसे 5 आरोपों में दोषी ठहराया गया है। उसने 15 अप्रैल 2023 को वाकायामा शहर में एक चुनावी रैली के दौरान किशिदा पर एक स्मोक बम फेंका था। हमले में किशिदा बच गए थे, लेकिन 2 अन्य लोग घायल हुए थे। किमुरा को पुलिस ने मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया था। उसके बैग से एक चाकू भी बरामद किया गया था। फरवरी की शुरूआत में मुकदमे की सुनवाई के दौरान, किमुरा ने हत्या की कोशिश के आरोप से इनकार किया था। उसने दावा किया कि उसका इरादा किशिदा को मारने का नहीं था। जापान टाइम्स के मुताबिक किशिदा वाकायामा शहर में एक इलेक्शन रैली में भाषण देने पहुंचे थे। स्थानीय समयानुसार धमाका 15 अप्रैल सुबह 11:30 बजे हुआ। इसके बाद करीब 1 बजे प्रधानमंत्री किशिदा ने वाकायामा शहर में अपनी स्पीच पूरी की। उन्होंने कहा- हम इलेक्शन कैंपन के बीच मौजूद हैं।

### 2022 में रैली के दौरान ही शिंजो आबे पर हैंडमेड गन से हुआ था हमला

जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की 8 जुलाई 2022 को रैली में गोली मारकर हत्या की गई थी। वे आबे नारा शहर में इलेक्शन कैंपेन के दौरान स्पीच दे रहे थे। उसी दौरान 42 साल के हमलावर ने पीछे से फायरिंग की थी।

उन पर कैमरे जैसी दिखने वाली हैंडमेड गन से हमला किया गया था। फायरिंग के बाद आई फोटो से इसका खुलासा हुआ था। हमलावर ने गन को इस तरह डिजाइन किया था कि वह कैमरे जैसी दिखे। इसके लिए उसने गन पर काली पॉलीथिन को लपेटा था। हमलावर फोटो खींचने के बहाने आबे के करीब आया था। फिर उसने दो गोलियां चलाई थीं।

# बांग्लादेश बोला- हसीना को मत भेजो लेकिन उनके बोलने पर प्रतिबंध लगा दो

**ढाका।** पिछले कई महीनों से बांग्लादेश दूसरों के बहकावे में आकर भारत को अकड़ दिखाने की कोशिश करता रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को वापस सौंपने के मुद्दे पर पड़ोसी देश बांग्लादेश की सारी हेकड़ी गुम हो गई है। हालात ऐसे हैं कि वहां की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने भारत से दरख्वास्त की है कि अगर शेख हसीना को ढाका प्रत्यर्पित नहीं कर सकते तो कम से कम उन पर कुछ प्रतिबंध ही लगा दें। एक इंटरव्यू में हुसैन ने कहा कि ऐसा करने से हसीना को भड़काऊ और झूठे बयान देने से रोका जा सकेगा और इससे बांग्लादेश में स्थिति काबू में हो सकेगी। तौहीद ने कहा कि हसीना के सार्वजनिक बयानों से बांग्लादेश के लोगों में रोष है और वे तीखी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई लोग हसीना के लंबे कार्यकाल के दौरान किए गए कामों से अभी भी नाराज हैं। तौहीद ने कहा, ह्ल15 साल तक, वह सत्ता में रहीं और लोगों में उनके कार्यों को लेकर बहुत, बहुत ज्यादा गुस्सा है। इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि भारत सरकार कम से कम उन पर कुछ प्रतिबंध ही लगा दे ताकि वह भारत में रहते हुए भड़काऊ बयान न दे सकें।




तौहीद ने भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों के ऐतिहासिक संदर्भ का उल्लेख करते हुए कहा, हम सिर्फ पिछले 15 वर्षों को ही क्यों देखें यहां तक कि बीएनपी के समय (2001-2006) के दौरान भी दोनों देशों के बीच व्यापार में तेजी से वृद्धि हुई थी। उन्होंने आगे बताया कि 1996-1997 का गंगा जल समझौता राष्ट्रों के बीच मजबूत सहयोग का एक और उदाहरण है। बांग्लादेशी सलाहकार के अनुसार, भारत और बांग्लादेश के बीच आपसी संबंधों पर किसी भी देश के नेतृत्वकर्ता से प्रभावित नहीं होना चाहिए।

## संक्षेप

### पोप फ्रांसिस के दोनों फेफड़ों में गंभीर निमोनिया, पूरी दुनिया में प्रार्थना का दौर जारी

**वेटिकन सिटी।** कैथोलिक चर्च के प्रमुख पोप फ्रांसिस (88) के दोनों फेफड़ों में गंभीर निमोनिया हुआ है, इसकारण उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। वेटिकन के अधिकारियों ने बताया कि वे पिछले एक हफ्ते से फेफड़ों के संक्रमण से जूझ रहे हैं और उन्हें शुक्रवार को रोम के एक अस्पताल में भर्ती किया गया।



सूत्रों के मुताबिक, पोप फ्रांसिस को तेज बुखार और सांस लेने में तकलीफ के बाद अस्पताल ले जाया गया था। डॉक्टरों की एक विशेष टीम उनकी सेहत पर लगातार नजर रख रही है। फिलहाल, उनका इलाज एंटीबायोटिक्स और ऑक्सीजन थैरेपी के जरिए किया जा रहा है। बात दें कि पोप फ्रांसिस की सेहत पिछले कुछ समय से ठीक नहीं चल रही है। पिछले साल भी उन्हें फेफड़ों में इंफेक्शन और हृदय संबंधी दिक्कतों के चलते अस्पताल में भर्ती किया गया था। इसके अलावा, उनकी घुटने की परेशानी के कारण भी वे लंबे समय तक व्हीलचेयर का इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं पोप की बिगड़ती तबीयत को लेकर कैथोलिक समुदाय में चिंता बढ़ गई है।

### पाकिस्तान के बलूचिस्तान के कई जिले कर सकते हैं स्वतंत्रता की घोषणा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में धर्मगुरु और सांसद मौलाना फजलुर रहमान ने 1971 की याद दिला दी है, जब पूर्वी पाकिस्तान टूटकर बांग्लादेश बना था। मौलाना ने दावा किया है कि बलूचिस्तान के पांच से सात जिले टूटकर स्वतंत्रता की घोषणा कर सकते हैं। उन्होंने भारत-पाकिस्तान युद्ध का जिक्र करते हुए चेतावनी दी है कि ऐसी ही स्थिति एक बार फिर बन सकती है। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में खुलासा किया गया कि अगर बलूचिस्तान के जिले स्वतंत्रता की घोषणा करते हैं तो संयुक्त राष्ट्र स्वतंत्रता को मान्यता दे सकता है। सेना पर निशाना साधते हुए मौलाना फजलुर रहमान ने कहा कि कुछ ताकतवर लोग बंद कमरों में फैसले करते हैं, जिसे सरकार को मानना पड़ता है। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र कुर्रम में फिर से हिंसा भड़क गई है। नवंबर में शुरू हुई लड़ाई में अब तक 150 लोगों की मौत हो चुकी है। यह पाकिस्तान का पहाड़ी इलाका है, जो अफगानिस्तान की सीमा से लगा हुआ है

### ब्राजील से मिला गलत भूकंप अलर्ट, गूगल ने एंड्रॉइड सिस्टम को किया बंद

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर में सोमवार को आए भूकंप के झटकों से दहल उठा था। लोगों में भूकंप को लेकर डर का माहौल है। इस घटना के कुछ दिनों पहले 15 फरवरी को गूगल ने अपने एंड्रॉइड सिस्टम को अस्थायी तौर पर बंद कर दिया था। ऐसा फैसला ब्राजील में गलत भूकंप अलर्ट सिस्टम की वजह से लिया गया। गूगल एंड्रॉइड बेस्ड प्लेटफॉर्म ने लोगों को फर्जी भूकंप अलर्ट नोटिफिकेशन भेजा था। जबकि ब्राजील के सिविल डिफेंस सिस्टम ने कंफर्म किया कि उसकी तरफ से ऐसा कोई नोटिफिकेशन नहीं भेजा गया है। ब्राजील से अलग यूएस में गूगल एंड्रॉइड भूकंप अलर्ट सिस्टम एक्टिवेटेड मोड में है।

### समुद्र के साढ़े छह हजार फीट नीचे खोदाई कर खजाना ढूंढ रहा चीन

**बीजिंग।** चीन ऐसे कई काम कर रहा है जो पूरी दुनिया को चौंकाने वाली हो सकती है। हाल में खबर आ रही है कि चीन समुद्र में 6,560 फीट नीचे खुदाई कर रहा है। यहां उसे एक अनोखे खजाने की तलाश है। दरअसल, चीन साउथ चाइना सी में 6,560 फीट नीचे डीप-सी स्पेस स्टेशन बना रहा है। वैसे तो उसने इसका मकसद समुद्र की गहराई में छिपे खजाने की खोज करना है। लेकिन इसकी कीमत जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे। इस जगह मीथेन से भरपूर हाइड्रोथर्मल वेंट शामिल हैं। इन वेंट में मीथेन हाइड्रेट्स यानी ज्वलनशील बर्फ के विशाल भंडार हैं, यह ऊर्जा का बड़ा स्त्रोत हो सकते हैं। दूसरा, यहां से रहकर भूकंप जैसी गतिविधियों पर रिसर्च की जा सकती है।

# आतंकवाद पर भारत ने पाकिस्तान को लताड़ा

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में चुपचाप सुनता रहा चीन

**म्यूनिख।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में आतंकवाद के मामले पर पाकिस्तान को लताड़ा है। इस बैठक की अध्यक्षता चीन कर रहा था, लेकिन बैठक में भारतीय राजनयिक ने कहा कि भारत लंबे समय से पाकिस्तान में सक्रिय जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों की हरकतों से पीड़ित है। इसके बाद भी जब पाकिस्तान कहता है कि वह दहशतगर्दों से निपटने की कोशिश कर रहा है तो यह बड़ी विडंबना है। बैठक में चीन भारत की बातों को चुपचाप सुनता रहा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने पाकिस्तान को फटकार लगाई है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री की ओर से कश्मीर मुद्दा उठाने पर यूएनएससी में कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए हरीश ने कहा कि आपको इसका कोई हक नहीं है। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा। वहीं कश्मीर के कुछ हिस्से पर पाकिस्तान का कब्जा है, वो पूरी तरह अवैध है। ऐसे में पाकिस्तान को भारत और कश्मीर पर दुष्प्रचार करना बंद कर देना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में

### यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने कश्मीर मुद्दा उठाने पर लगाई फटकार



पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार ने ग्लोबल गवर्नेंस में सुधार को लेकर एक डिबेट में जम्मू-कश्मीर का जिक्र किया था। इसके बाद जब भारत ने खूब सुनाया और पाकिस्तान को वैश्विक आतंकवाद का केंद्र करार दिया। उन्होंने कहा कि यहां से ऐसे 20 से ज्यादा आतंकी संगठन चल रहे हैं, जो संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबंधित सूची में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह दुनिया की सबसे बड़ी विडंबना होती है, जब पाकिस्तान कहता है कि वह आतंकवाद से लड़ेगा या लड़ रहा है। भारत तो लंबे समय से आतंकवाद से पीड़ित है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान में तो जैश-ए-मोहम्मद जैसे दर्जनों आतंकी संगठन सक्रिय हैं। हरीश ने कहा कि पाकिस्तान में सक्रिय कई आतंकी संगठनों को 1267 अलकायदा प्रतिबंध समिति के तहत सूचित किया गया है।

हरीश ने कहा कि आतंकवाद को किसी भी हाल में सही नहीं ठहराया जा सकता। आतंकवाद किसी भी संगठन या देश की ओर से छेड़ा जाए, वह गलत है। उन्होंने कहा कि निर्दोष लोगों का कत्लेआम करने वाले आतंकवाद का किसी भी लिहाज से बचाव नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि इस संस्था को यह तय करना होगा कि गुड आतंकवाद और बैड आतंकवाद जैसी नहीं होती। आतंकवाद सिर्फ आतंकवाद होता है और उससे सख्ती से निपटने की जरूरत है।

# भारतीय मूल के काश पटेल एफबीआई निदेशक बनने के और करीब पहुंचे

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के काश पटेल अमेरिकी खुफिया एजेंसी एफबीआई निदेशक बनने के एक कदम और करीब पहुंचे हैं। अमेरिकी सीनेट ने उनके नामांकन पर बहस शुरू करने के लिए 48-45 के मतों से मंजूरी दी है। अब 30 घंटे की चर्चा की उलटी गिनती शुरू हुई है, जिसके बाद गुरुवार तक पटेल को अंतिम मंजूरी मिलने की उम्मीद है। अगर उनका नामांकन मंजूर हो जाता है, तब वे एफबीआई का नेतृत्व करने वाले पहले भारतीय मूल के व्यक्ति बन जाएंगे।

44 वर्षीय पटेल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अपने मंत्रिमंडल और प्रशासन में नामित किए गए सबसे विवादास्पद लोगों में से एक हैं। वह एक पूर्व पब्लिक डिफेंडर हैं, जिन्होंने वाशिंगटन डीसी की राजनीति में तेजी से अपना प्रभाव बनाया है।

**अमेरिकी सीनेट ने उनके नामांकन पर बहस शुरू करने के लिए 48 से 45 के मतों से मंजूरी दी**

रिपब्लिकन पार्टी के कुछ सीनेटरों ने पहले उनके नामांकन पर संदेह जताया था, लेकिन अंत में उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप के फैसले का समर्थन किया। अन्य लोगों में राष्ट्रीय खुफिया निदेशक, स्वास्थ्य सचिव रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर और रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के नाम की पुष्टि पार्टी-लाइन वोटिंग में हुई है, जिससे पटेल के भी जीत की उम्मीद है। हालांकि, मैट गेट्ज, जिन्हें अटॉर्नी जनरल के पद के लिए नामित किया गया था, को अपना नाम वापस लेना पड़ा क्योंकि कुछ रिपब्लिकन सीनेटर उनके खिलाफ लगे आरोपों से नाखुश थे। ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान उन्हें कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं।

# ट्रंप ने किया यूक्रेन में यूरोप के सैनिकों की तैनाती का विरोध, चेतावनी भी दी

## युद्धविराम से पहले यूक्रेन में नए सिरे से चुनाव कराने की भी मांग

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन में यूरोप के सैनिकों की तैनाती का विरोध किया है। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यूरोप अगर यूक्रेन में शांति समझौते के बाद अपनी सेना भेजता है तो ये तीसरे विश्व युद्ध का कारण बन सकता है। ट्रंप ने युद्धविराम से पहले यूक्रेन में नए सिरे से चुनाव कराने की भी मांग की है, जिसका मतलब यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की जगह नए प्रेसीडेंट का चुनाव माना जा रहा है।

ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है, जब यूक्रेन युद्ध पर बातचीत के लिए अमेरिका और रूस के शीर्ष राजनयिकों की सऊदी अरब में बैठक हुई। जेलेंस्की ने यूक्रेन को बैठक से बाहर रखने पर नाराजगी जताई है साथ ही उन्होंने यूक्रेन में शांति सेना के तहत एक लाख सैनिकों की तैनाती की मांग की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर यूरोप यूक्रेन में शांति सेना भेजता है तो संघर्ष एक वैश्विक युद्ध में बदल सकता है।

### डोनाल्ड ट्रंप ने कहा- भारत वैसे ही मालामाल, इसलिए की फंड में कटौती

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंन ने भारत को मालामाल बताते हुए



करोड़ा डॉलर की सहयता की जरुरत को नकार दिया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया दो दिवसीय अमेरिका दौरे का जिक्र करते हुए कहा, हम भारत को 108 अरब क्यों दे रहे हैं? उनके पास पहले से ही बहुत पैसा है। वे दुनिया के सबसे अधिक कर लगाने वाले देशों में से एक हैं। हम वहां मुश्किल से प्रवेश कर पाते हैं क्योंकि उनके टैरिफ काफी अधिक हैं। मुझे भारत और उनके प्रधानमंत्री को लेकर बहुत सम्मान है, लेकिन वहां के चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए 1.8 अरब क्यों देना? सूची में चुनाव और राजनीतिक प्रक्रिया सुदृढ़ीकरण के लिए समूह को 48.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर का अनुदान शामिल था।

### छह अमेरिकी राज्यों में बाढ़ से 14 की मौत, तापमान माइनस 60 डिग्री पहुंचा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के 6 राज्य केन्टकी, जॉर्जिया, वर्जीनिया, पश्चिम वर्जीनिया, टेनेसी और इंडियाना बाढ़ से जूझ रहे हैं। सबसे ज्यादा नुकसान केन्टकी राज्य में हुआ है जहां 12 लोगों की मौत हुई है, जबकि पश्चिमी वर्जीनिया और जॉर्जिया में एक-एक मौत हुई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के पूर्वी राज्यों में करीब 9 करोड़ लोग पोलर वोर्टेक्स की वजह से भीषण ठंड का सामना कर रहे हैं। यहां तापमान रिकॉर्ड स्तर तक गिर गया है, स्कूल बंद हो गए हैं, पाइप फट गए हैं। 14 हजार से ज्यादा घरों की बिजली ठप हो गई है और 17 हजार जगहों पर पानी की सप्लाई रुक गई। नेशनल वेदर सर्विस के मौसम विज्ञानी एंड्रयू ओरिसन ने बताया कि मध्य अमेरिका में इस समय सबसे कम तापमान है। मध्य-पश्चिम के कुछ इलाकों में तो तापमान माइनस 50 से माइनस 60 डिग्री तक पहुंच गया है। पश्चिमी वर्जीनिया के गवर्नर पैट्रिक मॉरिसी ने बताया कि लगातार बढ़ते जलस्तर की वजह से कई लोग लापता हो गए हैं।

# रूस-अमेरिका मीटिंग से नाराज जेलेंस्की ने कहा-चर्चा में यूक्रेन की भागीदारी जरूरी

**वॉशिंगटन।** रुस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से युद्ध चल रहा है। इसे रुकवाने के लिए कई देशों ने चर्चा भी लेकिन सफलता नहीं मिली। इसी बीच रुस और अमेरिका ने इस मुद्दे पर बैठक कर ली। इस पर यूक्रेन ने आपत्ति दर्ज की है। बैठक के कुछ घंटे बाद ही यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि युद्ध समाप्त करने पर किसी भी चर्चा में यूक्रेन की भागीदारी जरूरी है। जेलेंस्की ने कहा, यूक्रेन को लेकर रूस और अमेरिका के प्रतिनिधियों में बातचीत हो रही है। लेकिन इसमें यूक्रेन ही शामिल नहीं है।

जेलेंस्की ने कहा कि न्यायसंगत शांति पाने के लिए सुरक्षा गारंटी पर बातचीत में अमेरिका, यूक्रेन और यूरोप की भागीदारी जरूरी है। जेलेंस्की के बयान पर ट्रंप ने तंज कसते हुए कहा कि यूक्रेन के पास युद्ध खत्म करने के लिए तीन साल का समय था। यूक्रेन युद्ध खत्म करने को लेकर रूस और अमेरिका के बीच सऊदी अरब में पहली बातचीत हुई। रूस और अमेरिका के विदेश मंत्रियों ने मुलाकात की, लेकिन खास बात रही कि इसमें यूक्रेन को ही नहीं बुलाया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तुर्की यात्रा के दौरान एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जेलेंस्की ने कहा, व्यापक अर्थ में यूक्रेन, यूरोप और


**रूस-यूक्रेन के बीच लंबे समय से चल रहा युद्ध**



यूरोपीय संघ, तुर्की और यूके शामिल हैं। अमेरिका और रूस की बातचीत के बाद उन्होंने बुधवार को होने वाली सऊदी अरब की यात्रा को 10 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया है। इससे पहले सोमवार को आए एक इंटरव्यू में जेलेंस्की ने कहा था कि अमेरिका अब ऐसी बातें कह रहा है जो पुतिन के लिए बेहद अनुकूल हैं, क्योंकि वे उन्हें खुश करना चाहते हैं। वे जल्दी मिलना चाहते हैं और जल्दी जीत हासिल करना चाहते हैं। रूस सिर्फ युद्धविराम नहीं चाहता। बल्कि वह जीत चाहता है।

### पुतिन ने रखी नई शर्त, कहा- नाटो की सेना स्वीकार नहीं करेंगे

**मॉस्को।** रुस और यूक्रेन के बीच शांति समझौते के हो रहे प्रयासों के बीच रुस ने एक नई शर्त रख दी। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक नई शर्त रख दी है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा, हम वो सीजफायर तो कतई नहीं मानेंगे



जिसमें कहा जाए कि यूक्रेन में नाटो सेना की तैनाती होगी। हम यूक्रेन में किसी भी शांति समझौते के तहत नाटो देशों की शांति सेना को स्वीकार नहीं करेंगे। सऊदी अरब में अमेरिका के साथ हाईलेवल मीटिंग के बाद उन्होंने यह बयान दिया। रूस के विदेश मंत्री ने कहा, किसी अन्य झंडे के तहत सशस्त्र बलों की उपस्थिति से कुछ नहीं बदलेगा। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है। रूस और अमेरिका ने कहा कि वे युद्ध समाप्त करने के लिए वार्ता शुरू करने हेतु टीमों को नियुक्त करने पर सहमत हुए हैं। बैठक के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा, आज एक लंबी और कठिन यात्रा का पहला कदम है, लेकिन यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

# मनोरंजन तड़का

## संदीप सिंह व ऋषभ शेट्टी ने 'द प्राइड ऑफ भारत छत्रपति शिवाजी महाराज' को दी श्रद्धांजलि



**मुंबई ।** जैसा कि भारत छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती मना रहा है, 'द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति शिवाजी महाराज' के निमार्ताओं ने एक लुभावने पोस्टर का अनावरण किया है, जो महान योद्धा राजा की शक्ति, भक्ति और वीरता को प्रदर्शित करता है। आध्यात्मिक ऊर्जा और ऐतिहासिक भव्यता से ओत-प्रोत इस आकर्षक दृश्य ने दर्शकों और आलोचकों को आश्चर्यचकित कर दिया है, जो मराठा साम्राज्य के दूरदर्शी नेता को एक उपयुक्त श्रद्धांजलि है। छत्रपति शिवाजी महाराज सिर्फ एक योद्धा नहीं थे, बल्कि वे एक दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने धर्म और स्वराज्य की अपनी निडर खोज के साथ इतिहास को फिर से परिभाषित किया। उनकी जयंती उनकी बेजोड़ वीरता, उनकी रणनीतिक प्रतिभा और भारत की विरासत पर उनके स्थायी प्रभाव की याद दिलाती है। इस अवसर का सम्मान करते हुए, ऋषभ शेट्टी ने इस ऐतिहासिक दिन पर कृतज्ञता से अभिभूत होकर कहा, ₹छत्रपति शिवाजी महाराज की पवित्र जयंती पर, मेरा दिल सम्मान और जिम्मेदारी से भर जाता है। वे सिर्फ एक योद्धा नहीं थे, बल्कि स्वराज्य की आत्मा थे। वे साहस, ज्ञान और भक्ति के प्रतीक थे। स्क्रीन पर उनकी भावना को मूर्त रूप देना एक दिव्य आह्वान है, एक यात्रा जो मुझे शब्दों से परे विनम्र करती है। मुझे उम्मीद है कि मैं उनकी अद्वितीय विरासत के साथ न्याय कर सकूँगा और हर भारतीय को उनकी अमर वीरता की आग का एहसास करा सकूँगा। यह भव्य सिनेमाई उदाहरण 21 जनवरी, 2027 को रिलीज किया जाएगा, जो यह सुनिश्चित करेगा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत देश के हर कोने और उससे बाहर तक पहुँचे।

## राज कुंद्रा व गीता बसरा ने मोहाली में पंजाबी फिल्म 'मेहर' की शूटिंग शुरू की



**मुंबई।** कैमरे रोल हो रहे हैं, और उत्साह का माहौल है क्योंकि राज कुंद्रा और गीता बसरा ने राकेश मेहता की नवीनतम पंजाबी फिल्म 'मेहर' की शूटिंग शुरू कर दी है। दिव्या भटनागर और रघु खन्ना द्वारा निर्मित यह फिल्म 5 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। एक दिल को छूने वाली कहानी और एक शानदार टीम को साथ लाते हुए, 'मेहर' प्यार, रिश्तों और दूसरे मौके की एक कहानी है, जो पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक धारा में लिपटी हुई है। इस फिल्म में मास्टर आगमवीर सिंह, गीता बसरा, बिनंदर बन्नी, सविता भट्टी, रुपिंदर रूपी, दीप मंदीप, आशीष दुग्गल, होबी ढालीवाल, तरसिम पॉल और कुलविर सोनी के साथ राज प्रमुख भूमिका में हैं। निर्देशक राकेश मेहता, जो ब्लॉकबस्टर फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, कहते हैं, "पंजाबी सिनेमा एक मोड़ पर है, और 'मेहर' एक फिल्म है जो भावना, ड्रामा और दिल को मिलाती है। राज और गीता अपनी भूमिकाओं में इतनी गहराई लाते हैं, और मैं पहले ही सेट पर जादू होते देख रहा हूँ। यह फिल्म लोगों के दिलों में लंबे समय तक रहेगी। पंजाब की दृश्यात्मक आकर्षण और दिल को छूने वाली कहानी के साथ, 'मेहर' इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित पंजाबी फिल्मों में से एक बनने के लिए तैयार है।

## 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराइन' की जयपुर में हुई शूटिंग

**मुंबई ।** जीवन में आने वाला बदलाव भी हमें कई बार नए अनुभव और जीवन से जुड़ी अनमोल सीख दे जाता है। कुछ ऐसा ही शेमारू उमंग के नए शो 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन' में चैना की मुख्य भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री दीक्षा धामी के साथ हुआ। दरअसल, जब जयपुर में इस शो की आउटडोर शूटिंग चल रही थी, उस दौरान दीक्षा ने वहाँ कई खूबसूरत अनुभव लिए। राजस्थान की खूबसूरत संस्कृति के बीच के ये अनुभव न सिर्फ खास थे, बल्कि इससे उन्हें एक अभिनेत्री के रूप में सीखने का भी अवसर मिला। दीक्षा धामी ने मुस्कुराते हुए कहा, "बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन की कहानी राजस्थान की पृष्ठभूमि पर आधारित है और शो को प्रामाणिकता देने के लिए हमने इसके कुछ सीन जयपुर में शूट किए। जयपुर के आसपास के गाँवों में शूटिंग करना हमारे लिए अद्भुत अनुभव था। वहाँ के पारंपरिक खेत, किले और खूबसूरत संस्कृति ने मुझे मंत्रमुग्ध कर दिया। ठंडी सर्दियों के मौसम में, जहाँ पूरी यूनिट गर्म कपड़ों में लिपटी होती थी, मैं किरदार के लुक घाघरा-चोली पहने शूट करती थी। यह अनुभव मेरे लिए इतना खास था कि मुझे ठंड का एहसास भी नहीं हुआ। लेकिन, उन दिनों का हर एक पल मेरे लिए बहुत खास था। शूटिंग के आखिरी दिन हमने जयपुर के रंगीन बाजारों की सैर की और वहाँ की खूबसूरत ज्वेलरी और कपड़े खरीदे, जिसने इस यात्रा को और भी खास बना दिया।

